कृष्णं वन्दे जगद्गुरुम्

विजयेश्वर पञ्चाङ्ग

पञ्चाङ्गप्रवर्तक :-
ज्योतिषी आत्माभराम

सम्पादक :-
प्रेमनाथ शास्

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत । अभ्युत्थानम्-अधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम् ॥
परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम् । धर्मसंस्थापनार्थाय संभवामि युगे युगे श्री भगवद्गीता



वैदिक – राष्ट्र – गीत

आ ब्रह्मन् ब्रह्मणो ब्रह्मवर्चसी जायताम्
आ राष्ट्रे राजन्यः शूर इषव्योऽतिव्याधी महारथो जायताम्
दोग्ध्री धेनु- र्वोढा -नड्वानाशुः—सप्तिः पुरन्धिर्योषा
जिष्ण रथेष्ठाः सभेयो युवास्य यजमानस्य वीरो जायताम्।
निकामे निकामे नःपर्जन्यो वर्षतु फलवत्यो न ओषधयःपच्यन्ताम्।
योगक्षेमो नः कल्पताम्।

यजुर्वेद 22-22

हे प्रभु ! हमारे भारतवर्ष में ब्राह्मण विद्वान ब्रह्मतेज से युक्त हैं, क्षत्रिय शूरवीर तथा महारथी हैं (जो एक ही योद्धा 10 हजार शस्त्रधारी योधाओं से लड़ने में समर्थ हैं महारथी कहलाता है) गौवें दूध की धारयें बहाने वाली हैं, वायुवेग से अधिक शीघ्र चलने वाले यातायात के साधन सुलभ हैं, महिलायें चरित्र-शील सयानी तथा अच्छी गुणवाली हैं, भारतमाता की सभी सन्तान यज्ञों में व्यस्त हैं, शूरवीर सभ्य तथा सुशिक्षित हैं समय समय पर बादल बरसते रहे, हमारे देश में अन्न तथा औषधियाँ अधिकमात्रा में तथा रस से परिपूर्ण हैं, हे भगवन् हमारे देश की अधूरी योजनाओं को सम्पूर्ण कीजिये और सम्पूर्ण हुई योजनाओं की रक्षा कीजिये ।

शारदा
गुरुमुखी
कन्नड़
देवनागरी
ओड़िया
सिन्धी
असमिया
गुजराती
मराठी
प्रणवे च दृढा मतिः
स वै "हिन्दू"
बांगला
तमिल
मलयालम्
तेलुगु
879

ॐ उद्यत्-दिवाकर-सहस्र-रुचिं त्रिनेत्रां, पद्मासनोपरिगता-उरगोपवीताम्। खड्गाम्बुजाढ्य-कलशामृत पात्र-हस्ता, राज्ञीं भजामि विकसत्-वदनारविन्दाम्।।

सप्तर्षि० सं०
5071

Regd. No. 892

विक्रम० सं०
2052

पञ्चांग प्रवर्तक
ज्यो० आप्ताम शर्मा

विजयेश्वर
पञ्चांग

1995-96

सम्पादक
ज्योतिषी प्रेमनाथ शास्त्री

मूल्य : 18 रु०

विजयेश्वर ज्योतिष कार्यालय के कार्यकर्ता
ज्योतिषी काशीनाथ शर्मा, ऊँकारनाथ शास्त्री,
भूषण लाल० एम० ए०, जवाहिरलाल शास्त्री।

विषय सूची

गायत्री मन्त्र	3	शिव संकल्प	41-43	जातक मिलाप	105-106	विवाह मुहूर्त	174-186
ब्राह्मी विद्या	4-6	शिवोऽहं	44-45	यात्रा प्रकरण	117-122	शेष मुहूर्त	187-213
गुरु स्तुति	7	विष्णु स्तुति	46-47	नाम राशि	123	राशि के अनुसार	
अष्टादश श्लोकी गीता	8-15	गायत्री महत्व	48-54	हमारे पर्व	124-125	यज्ञोपवीत मुर्हूत	214-217
सप्तश्लोकी गीता	16-18	सप्त श्लोकी दुर्गा	55-57	व्रतों की सूची	126-127	राशि के अनुसार	
नव ग्रहस्तोत्र	19-20	गणेष स्तोत्र	58-62	निषेध समय	128	विवाह इत्यादि मुर्हूत	217-228
मुख प्रक्षालण विधि	21	राम स्तुतिः	63-67	ग्रह संचार	129-130	राशि फल	229-298
नित्य प्रार्थना	22-23	आसय शरण	68	जयन्तियां	131-132	साढ सत्ती	299-300
गणेश स्तुति	23-24	इन्द्राक्षी	69-70	गण्डान्त	132-133	ढय्या	301-302
भगवान् मेरी नैया	24-25	आरती	71	ग्रहण	134	लग्न सारिणी	303-315
देवी प्रार्थना	25-29	प्रेप्युन	71-72	आमदनी खर्च	135-139	शिवरात्रि	316
गौरी स्तुति	29-31	जन्मदिन पूजा	78-86	अवश्य पढ़िये	140	पंचाग के विषय में	317
शंकर प्रार्थना	31-33	धर्म शास्त्र	87-94	भविष्य वाणी	141-146	गीता कैसट	318
लिंगाष्टकम्	34-35	दशांश जप	95	जन्त्री	147-170	कार्यालय के नियम	
शिवस्तुति	36-40	मन्त्र प्रकरण	96-104	यज्ञोपवीत मुहूर्त	171-174	तथा प्रकाशन	319-320

ओ3म्–भूर्भुवःस्वः, तत्–सवितुर्–वरेण्यं
भर्गो–देवस्य–धीमहि, धियो–यो– नः प्रचोदयात् ।

वाल्मीकी रामायण 24 हजार श्लोकों का महान् ग्रन्थ है, उसमें वाल्मीकी जी ने एक–2 हजार श्लोकों में गायत्री मन्त्र के एक अक्षर की व्याख्या की है, ऐसे ही भागवत के 12 स्कन्दों में गायत्री मन्त्र के दो दो अक्षरों की व्याख्या है, इस से ज्ञात होता है कि गायत्री मन्त्र का अर्थ कितना गम्भीर और विशाल होगा, तो भी मैं यहाँ एक दो पंक्तियों में संक्षेप रूप से अर्थ लिखने का साहस करूँगा ।

अर्थ :– मैं उस शक्ति का चिन्तन करता हूं जो शक्ति **ओ3म्** = ब्रह्मरूप है । **भू–र्भुवः–स्वः** जो शक्ति तीनों लोकों में व्याप्त है । **तत्** = जिसको वेद "तत्" नाम से पुकारते हैं । **सविता** = जो शक्ति इस सृष्टि को बनाती है, पालन करती है, नाश करती है । **वरेण्यम्** = जो वरण करने योग्य है । **भर्गः** = जो तेजो रूप है । **देवः** = जो द्योतनशील है या जो शक्ति ऐश्वर्य देने वाली है, ऐसी उस महान् शक्ति का **धीमहि** = चिन्तन करता हूं कि वह शक्ति, **धियः** = मेरी बुद्धि को **प्रचोदयात** = सत् कर्मों में लगाए ।

ब्राह्मी – विद्या

ॐ ॐ ॐ त्रिगुणपुरुष क्षेत्रचर, मोहं भिन्धि, रजस्तमसी भिन्धि, प्राकृत–पाशजालं–सावरणं परिहर, सत्वं ग्रहाण – पुरुषोत्तमोसि, सोम–सूर्यानल, प्रवर, परमधामन् ब्रह्म विष्णुमहेश्वरस्वरूप, सृष्टिस्थिति–संहारकारक, भ्रू – मध्य–निलय, तेजोसि–धामासि–अमृतात्मन् ॐ तत्सत् हँसः, शुचिषत्, वसुरन्त–रिक्षसत् होता वेदिषद्, अतिथि–दुरोणसत्, नृषत्–वरसत्–ऋतसत्–व्योमसत्, अब्जा गोजा ऋतजा अद्रिजा, ऋतं, परंब्रह्म–स्वरूप, सर्वगत सर्वशक्ते, सर्वेश्वर, सर्वेन्द्रिय–ग्रन्थि भेदं कुरु, कुरु, परमं–पदं परामर्शय परमार्ग ब्रह्म–द्वारं सर, कुमार्ग–जहि–षट्–कोशिकं शरीरं–त्यज, शुद्धोसि बुद्धोसि विमलोसि क्षमस्व स्वपदम्–आस्वादय स्वाहा ।

अर्थः– तीन प्रकार के दुःखों का निवारण करने के लिए मंगलरूप में तीन बार आरम्भ में "ओउम्" उच्चारण किया गया है, हे शिष्य ! तुम त्रिगुण पुरुष हो यानी तीन गुणों में तेरा ही निवास है, शरीर रूपी क्षेत्र में फिरने से तुम ही क्षेत्रचर हो, तुम मोहरूपी तथा रजोगुण तमोगुण रूपी ग्रन्थियों को काटो, जो तुम्हारे ऊपर बनावटी बन्धनों का जाल है उसको आवरण सहित फैंक दो, तत्व को जान, तुम स्वयं ही पुरुषोत्तम हो, चन्द्रमा, सूर्य अग्नि यह तोजोमयरूप तुम्हारे ही हैं तुम ही ब्रह्मा, विष्णु, महेश रूप हो, तुम ही सृष्टि के बनाने वाले हो, पालन करने वाले, नाश करने वाले हो, भ्रुवों के मध्य में ध्यान टिकाने से तुम जाने जाते हो, इसलिए तुम्हें भ्रूमध्य–स्थान वाला कहते हैं, तुम सतरूप हो, तुम "हंसः" हो यानी स्वयं प्रकाश हो, तुम "शुचिषत्" हो यानी निर्मल स्थान पर रहने वाले हो, तुम आकाश में रहने वाले वसुनाम के देवता हो, तुम ही अग्नि में आहुति डालने वाले हो, तुम ही "वेदिषत्" यानी यज्ञ की वेदी पर ठहरे हुए अग्नि हो, तुम ही "अतिथिर्दरोणसत्" हो यानी गृहस्थों में अतिथि रूप देवता हो, तुम "नृषत्" मनुष्यों में रहने वाले हो "वरसत्" देवताओं में रहने वाले हो, तुम "ऋतसत्" सत्य में रहने वाले हो, तुम "व्योमसत्" हो आकाश में ओतप्रोत हो, "अब्जः" जल से जो रत्न, शंक आदि उत्पन्न होते हैं वह तुम ही हो, तुम पर्वतों से "गोजा" हो पृथ्वी से प्रकट होने वाले अन्न औषधि रूप हो तुम "अद्रिजा" पर्वतों से प्रकट होने वाले नदी–नाले रूप हो, तुम "ऋतजा" हो सबसे महान् और परम सत्य तुम हो "परम ब्रह्म" स्वरूप हो, तुम "सर्वगत" सबमें गए हो, तुम सर्व शक्तिमान्, हो,

तुम सबों के स्वामी हो, सब इन्द्रियों से आसक्ति छोड़ो, उस परमपद का तथा उत्तम मार्ग का विचार कर ब्रह्म द्वार की ओर चल, यानी अपने स्वरूप को जान, अज्ञान के मार्ग को छोड़, इस षट्कोशिक शरीर 'रोम रक्त, माँस, मज्जा, हड्डियों और वीर्य" से बने हुए स्थूल शरीर को छोड़ तुम शुद्ध रूप हो, तुम निर्मल हो इसका जरा विचार कर, अपने स्वरूप का अनुभव कर इस ज्ञान को तू अच्छी प्रकार स्वीकार कर ।
कश्मीरी पण्डितों में प्राचीन काल से यह प्रथा चलती आती है कि अन्तिम समय पर पुत्र अपने माता–पिता को ब्राह्मी विद्या कान में सुनाता है, माता–पिता अपने पुत्र को बचपन से ही ब्राह्मी विद्या कण्ठस्थ करवाते थे, चूंकि पुत्र पिता का ही दूसरा रूप होता है वह अपने पिता को अन्तिम समय में यह चेतावनी देता है जो ज्ञान आपने मुझे बचपन से दिया है ऐसा न हो कि इस समय आप उसको भूल जायें ।

ओउम्–भूर्भुवःस्वः, तत्–सवितुर्–वरेण्यं
भर्गो–देवस्य–धीमहि, धियो–यो– नः प्रचोदयात् ।

गुरुस्तुति

वन्देहं सच्चिदानन्दं भेदातीतं जगद् गुरुम्
नित्यं पूर्णं निराकारं निर्गुणं सर्व–संस्थितम्। 1 ।
परात्परतरं ध्येयं नित्यम्–आनन्द कारणम्
हृदयाकाश–मध्यस्थं शुद्धस्फटिक–सन्निभम् 2 ।
नमामि सद् गुरुं शान्तं प्रत्यक्षं शिवरूपिणम्
शिरसा योगपीठस्थं धर्मकामार्थ–सिद्धये । 3 ।
अखण्ड–मण्डलाकारं व्याप्तं येन चराचरम्
तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः । 4 ।
अज्ञानतिमिरान्धस्य ज्ञानञ्जन–शलाकया
चक्षुर्–उन्मीलितं येन तस्मै श्री–गुरवे नमः। 5 ।

हरौ रुष्टे गुरु–स्त्राता गुरौ रुष्टे न कश्चन
सर्वदेव–स्वरूपाय तस्मै श्री–गुर–वे नमः । 6 ।
चैतन्यं शाश्वतं शान्तं व्योमातीतं निरञ्जनम्
बिन्दु–नादकलातीतं तस्मै श्री–गुर–वे नमः 7 ।
शिष्यानां मोक्षदानाय लीलया–देहधारिणे
सदेहेपि विदेहाय तस्मै श्री–गुर–वे नमः । 8 ।
ज्ञानिनां ज्ञानरूपाय प्रकाशाय प्रकाशिनाम्
विवेकिनां विवेकाय विमर्शाय विमर्शिनाम् । 9 ।
पुरस्तात्–पार्श्वयोः पृष्ठे नमस्कुर्याम्–उपर्यधः
सदामत्–चित्तिरूपेण विधेहि भवदासनम्। 10 ।

ॐ

अष्टादशश्लोकी गीता

यं ब्रह्मा वरुणेन्द्रमरुतः स्तुवन्ति दिव्यैः स्तवै–
वेदैः साँगपदक्रमोपनिषदैर्गायन्ति यं सामगाः ।
ध्यानावस्थित–तद्गतेन मनसा पश्यन्ति यं योगिनो
यस्यान्तं न विदुः सुरासुरगणा देवाय तस्मै नमः ।।

अर्थ – जिनका ब्रह्मा, वरुण, इन्द्र, और मरुद्गण दिव्य स्तोत्रों द्वारा स्तुति करते हैं, सामवेदके गानेवाले अंग, पद, क्रम और उपनिषदों के सहित वेदों द्वारा जिनका गान करते हैं, योगीजन ध्यान में स्थित तद्गत हुए मनसे जिनका दर्शन करते हैं, देवता और असुरगण (कोई भी) जिनके अन्तको नहीं जानते, उन (परमपुरुष नारायण) देव के लिए मेरा नमस्कार है ।

निमित्तानि च पश्यामि–विपरीतानि केशव

न च श्रेयो–नुपश्यामि हत्वा स्वजनम्–आहवे ।। 1 ।।

अर्थ – अर्जुन भगवान् से कहता है, कि अब मुझे सब लक्षण उल्टे दिखाई देते हैं, ऐसे मुझे प्रतीत नहीं होता है कि अपने सम्बन्धियों को युद्ध में मारकर कुछ कल्याण हो सकेगा । अध्याय 1 श्लोक 31

योगस्थः कुरु कर्माणि संगं त्यक्त्वा धनंजय ।

सिद्धय–सिद्ध–योः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते ।। 2 ।।

अर्थ – फल की आशा छोड़ कर सिद्धि हो या न हो फिर भी अपने मन की वृत्ति समान रखनी चाहिये, इस प्रकार की चित्त की समवृत्ति को योग कहते हैं, इस योग से युक्त होकर मनुष्य अपने सब कर्म करे । अध्याय 2 श्लोक 4

कर्मेन्द्रियाणि संयम्य य आस्ते मनसा स्मरन् ।

इद्रियार्थान्–विमूढात्मा मिथ्याचारः स उच्यते ।। 3 ।।

अर्थ – जो हठ से कर्मेन्द्रियों को रोकता है परन्तु अन्दर ही अन्दर मन से विषयों का चिन्तन करता है उस मूर्ख को मिथ्याचारी कहते हैं। अध्याय 3 श्लोक 6

श्रद्धावान्–लभते ज्ञानं तत्–परः संयतेन्द्रियः
ज्ञानं लब्ध्वा परां शान्तिम्–अचिरेणाधिगच्छति ।। 4 ।।

अर्थ – ईश्वर गुरु और धर्म शास्त्रों में श्रद्धा रखने वाला मनुष्य ज्ञान को प्राप्त करता है और ज्ञान होने पर उसको शान्ति प्राप्त होती है। अध्याय 4 श्लोक 39

यतेन्द्रिय मनो बुद्धि–र्मुनि–मोक्ष–परायणः
विगतेच्छा–भय क्रोधो–यः सदा मुक्त एव सः ।। 5 ।।

अर्थ – जो मनुष्य इन्द्रियों, मन और बुद्धि को वश में रखता है और केवल ब्रह्मशान्ति प्राप्त करने में लगा रहता है वह सदा मुक्त है। अध्याय 5 श्लोक 28

युक्ताहार–विहारस्य युक्त–चेष्टस्य कुर्मुसु
युक्त–स्वप्नाव–बोधस्य योगो भवति दुःखहा ।। 6 ।

अर्थ – यथायोग्य आहार विहार करने वाला कर्मो को यथायोग्य ढंग से करने वाला यथायोग्य निद्रा करने और योग्य समय पर उठने वाले साधक का योग दुःख को दूर करने वाला होता है। अध्याय 6 श्लोक 17

दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया,
मामेव ये प्रपद्यन्ते मायाम्–एतां–तरन्ति–ते ।। 7 ।।

अर्थ – परमात्मा की सत्वरज तमोगुणमयी माया को पार करना कठिन है जो मुझ ईश्वर को प्राप्त करते है वह इस माया से पार हो जाते हैं। अध्याय 7 श्लोक 14

अग्निर्–ज्योतिर्–अहः शुक्लः षण्मासा उत्तरायणम्
तत्र प्रयाता गच्छन्ति ब्रह्म ब्रह्मविदो जनाः ।। 8 ।।

अर्थ – उत्तरायण काल के छः मास के शुक्ल पक्ष में दिन के प्रकाश में प्रदीप्त अग्नि के समय जो ब्रह्मज्ञानी इस शरीर को छोड़कर चले जाते हैं वे ब्रह्म को प्राप्त होते हैं। अध्याय 8 श्लोक 24

अपि चेत्–सुदुराचारो भजते माम्–अनन्यभाक्
साधुर्–एव स मन्तव्यः सम्यक्–व्यव–सितोहि–सः ।

अर्थ – बड़े से बड़ा दुराचारी यदि अनन्यभाव से मेरा भजन करेगा तो यह समझ लेना चाहिये कि वह साधु हो जायेगा । अध्याय 9 श्लोक 21

यो माम्–अजम्–अनादिम्–च वेत्तिलोक–महेश्वरम्
असंमूढः स मर्त्येषु सर्वपापैः प्रमुच्यते ।।

अर्थ – जो मुझे जन्म रहित, आदि रहित सब लोकों का स्वामी समझता है वह संसार में अज्ञान से छूटकर यानी ज्ञानी बनकर सब पापों से मुक्त होता है । अध्याय 10 श्लोक 3

मत्कर्म कृत्–मत्परमो मत्–भक्तः संघ–वर्जितः
निर्वैरः, सर्व–भूतेषु यः स मामेति पाण्डव ।।

अर्थ – हे अर्जुन जो मेरे लिये कर्म करता है, जो मुझे परमश्रेष्ठ मानता है जो भोगों का संग छोड़ता है और

सब प्राणियों के विषय में वैर रहित होता है मेरा वही भक्त मुझे प्राप्त करता है । अध्याय 11 श्लोक 55

श्रेयो हि ज्ञानम्–अभ्यासात्, ज्ञानात्–ध्यानं विशिष्यते,

ध्यानात्–कर्म–फलत्यागस्त्यागात्–शान्तिर्–अनन्तरम् ।।

अर्थ – अभ्यास योग से ज्ञान योग श्रेष्ठ है, ज्ञान योग से ध्यान योग की विशेषता अधिक है, ध्यान योग से कर्मफल का त्याग उत्तम है, कर्मफल का त्याग करने से शीघ्र ही शान्ति मिलती है । अध्याय 12 श्लोक 12

क्षेत्रज्ञं चापि मां विद्धि सर्व–क्षेत्रेषु भारत

क्षेत्र–क्षेत्र ज्ञयोर्ज्ञानं–यत्–तत्–ज्ञानं मतं मम ।।

अर्थ – हे भारत सब क्षेत्र में रहने वाले मुझे तू क्षेत्रज्ञ समझ जो क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ का ज्ञान है वही मेरा ज्ञान है ।

मां च यो – व्यभिचारेण भक्तियोगेन सेवते,

स गुणान्–सम्–अतीत्य–तान् ब्रह्म्–भूयाय कल्पते ।।

अर्थ – जो एक निष्ठ भक्ति भाव से मेरी सेवा करता है वह इन गुणों को लांघ कर ब्रह्म के महत्व को प्राप्त करने योग्य बन जाता है । अध्याय 14 श्लोक 16

निर्मान–मोहा जितसंग–दोषा अध्यात्म–नित्या विनि–वृत्तकामाः
द्वन्द्वै–र्विमुक्ता सुख दुःख संज्ञैर्गच्छन्त्य मूढाः पदम्–अव्ययं–तत् ।।

अर्थ – जो अभिमान रहित, मोह रहित, अनासक्त आत्मनिष्ठ भोगवासना रहित, द्वन्द्वाभाव से दूर और ज्ञानी है, वह उस अविनाशी परम पद को प्राप्त होते हैं । अध्याय 15 श्लोक 5

यः शास्त्र–विधिम्–उत्सृज्य वर्तते काम–कारतः ।
न स सिद्धिम्–अवाप्नोति न सुखं न परां गतिम् ।।

अर्थ – जो शास्त्र विधि को त्याग कर मनमाना आचरण करता है उसे न सिद्धि मिलती है न सुख मिलता है और न श्रेष्ठ गति ही प्राप्त होती है । अध्याय 16 श्लोक 23

मनः प्रसादः सौम्यत्वं मौनम्–आत्म–विनिग्रहः ।
भाव–संशुद्धिर्–इत्येतत्–तपो मानसम्–उच्यते ।।

अर्थ – मन को प्रसन्न रखना, शान्ति का अवलम्बन करना, मौन धारण करना, संयम करना और आत्मशुद्धि करना मानसिक तप है ।

सर्व–धर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज ।
अहं त्वा सर्व–पापेभ्यो मोक्ष–यिष्यामि मा–शुचः ।।

अर्थ – सब धर्मों को छोड़कर मुझ अकेले (ईश्वर) की शरण आये मैं तुम्हें सब पापों से मुक्त करूँगा, तू शोक मत कर ।

अध्याय 18 श्लोक 56

"कृष्णं वन्दे जगद्गुरुम्"

"श्री कृष्णार्पणमस्तु"

सप्तश्लोकी गीता

ॐ इत्येकाक्षरं ब्रह्म, व्याहरन्–माम् – अनुस्मरन्

यः प्रयाति त्यजन् देहं, स याति परमां गतिम् ।.

अर्थ – योग धारणा में स्थित ओंकार रूपी एकाक्षर ब्रह्म का उच्चारण करता हुआ और मेरा (परमेश्वर) का चिन्तन करता हुआ जो साधक देह त्यागता है वह निःसनदेह श्रेष्ठगति को प्राप्त होता है ।

स्थाने हृषीकेश तव प्रकीर्त्या । जगत्–प्रहृष्य–त्यनुरज्यते च ।।

रक्षांसि भीतानि दिशो द्रवन्ति । सर्वे नमस्यन्ति च सिद्धसंघाः ।. 2 ।।

अर्थ – हे ऋषीकेश यह ठीक ही है आपका कीर्तन करने से जगत् प्रसन्न होता है ओर उसमें उसकी प्रीति होती है, राक्षस तुम से डर कर दिशाओं में भाग जाते हैं और सभी पुरुषों के समुदाय आपको प्रणाम करते हैं ।

सर्वतः पाणिपादं तत्–सर्वतोक्षि–शिरोमुखम् ।
सर्वतः श्रुतिमत्–लोके सर्वम्–आवृत्य–तिष्ठति ।। 3 ।।

अर्थ – इस लेक में उसके सर्वत्र हाथ, पांव सब ओर आँख, सिर और मुख और सब ओर कान हैं वह सर्वत्र व्याप कर रह रहा है ।

कविं पुराणम्–अनुशासितारम् । अणोरणीयांसम्–अनु–स्मरेत्–यः ।।
सर्वस्य धातारम्–अचिन्त्यरूपम् ।आदित्यवर्णं तमसः परस्तात् ।। 4 ।।

अर्थ – जो अन्तकाल में सर्वज्ञ पुरातन नियन्ता अणु से भी सूक्ष्म, सब के धारण कर्ता अचिन्त्य स्वरूप अन्धकार से परे रहने वाले सूर्य के समान तेजस्वी ईश्वर का स्मरण करता है – वह उसी दिव्य परमात्मा को प्राप्त होता है ।

उर्ध्वमूलम्–अधः शाखम्–अश्व–त्थं प्राहुर्–अव्ययम् ।
छन्दांसि–यस्य पर्णानि यस्तं वेद स वेदवित् ।। 5 ।।

अर्थ – संसार का वृक्ष अनादि अनन्त चारों ओर फैला है, इसके ज्ञान रूपी पत्ते सबको शीतल छाया देने वाले

हैं, शाखायें ऊपर नीचे फैली है, इनमें सत्त्व–रज तम गुणों का रस भरपूर भरा है, शब्द स्पर्श रूप रस गंध विषयों के सुखदायी कोमल अंकुर लगे हैं और इनकी कर्मों से सम्बन्ध जोड़ने वाली जड़ें चारों ओर फैली हुई हैं ।

सर्वस्य चाहं हृदि संनिविष्टो मत्तः स्मृतिर्–ज्ञानम्–अपोहनं च ।
वेदैश्च सर्वैर्–अहमेव वेद्यो वेदान्त–कृत्–वेद विदेव–चाहम् ।6 ।।

अर्थ – मैं ईश्वर सबके हृदयों में रहता हूं, मुझसे ही सब को स्मरण, ज्ञान विस्मरण और अज्ञान होता है मैं ही सब वेदों के द्वारा जानने योग्य हूं ओर मैं ही वेदान्त शास्त्र का निर्माण करने वाला और वेद का ज्ञाता हूं ।

मन्मना–भव–मत्–भक्तो मत्–याजी मां नमस्कुरु ।
मामे–वैष्यसि युक्त्वैवम्–आत्मानं मत्–परायणः ।। 7 ।।

अर्थ – मुझमें मन लगा, मेरा भक्त बन, मेरे निमित्त भजन कर, मुझे नमस्कार कर, इस तरह मुझमें परायण होकर मेरे साथ आत्मा का योग करने से तू मूझे प्राप्त कर लेगा ।

ओ3म् भूर्भुवःस्वः, तत्–सवितु–र्वरेण्यं
भर्गोदेवस्य–धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्

नवग्रहपीडाहरस्तोत्रम्

सूर्य ग्रहाणाम्-आदिर्-आदित्यो-लोकरक्षण-कारकः
विषमस्थान-सम्भूतां-पीडां-हरतु-मे रविः ।। 1 ।।

चन्द्र रोहिणीशः सुधामूर्तिः सुधागात्रः सुधाशनः
विषम-स्थान सम्भूतां पीडां हरतु मे विधुः ।। 2 ।।

भौम भूमिपुत्रो महातेजो जगतां भयकृत् सदा
वृष्टिकृद्-वृष्टि-हर्ता च पीडां हरतु मे कुजः ।। 3 ।।

बुध उत्पातरूपो जगतां चन्द्र पुत्रो महाद्युतिः
सूर्यप्रिय करो विद्वान्, पीडां हरतु मे बुधः ।। 4 ।।

बृहस्पति देवमन्त्री विशालाक्षः सदा लोकहिते रतः
अनेक शिष्यसम्पूर्णः पीडां हरतु मे गुरुः ।। 5 ।।

शुक्र दैत्यमन्त्री गुरुस्तेषां प्राणदश्च महामतिः
प्रभुस्तारा ग्रहाणां च पीडां हरतु मे भृगुः ।। 6 ।।

शनि सूर्यपुत्रो दीर्घदेहो विशालाक्षः शिवप्रियः
मन्दाचारः प्रसन्नात्मा पीडां हरतु मे शनिः ।। 7 ।।

राहु महाशिरो महावक्त्रो दीर्घदंष्ट्रो महाबलः
अतनुश्चोर्ध्वकेशश्च पीडां हरतु मे शिखी ।। 8 ।।

केतु अनेक–रूप–वर्णश्च शत शोथ सहस्त्रशः
उत्पातरूपो जगतां पीडां हरतु मे तमः ।। 9 ।।

मुखप्रक्षालण विधि

शौच आदि से निवृत होकर बायां पैर धोते हुए पढ़ें :– नमोस्त्वनन्ताय सहस्रमूर्तये सहस्रपादाक्षि–शिरोरु बाह्वे । सहस्र–नाम्ने पुरुषाय शाश्वते, सहस्रकोटी–युगधारिणे नमः ।।

दायां पैर धोते हुए पढ़ें :– ॐ नमः कमलनाभाय–नमस्ते जल शायिने । नमस्ते केशवानन्त–वासुदेव नमोस्तुते

मुख धोते हुए पढ़ें :– गंगा, प्रयाग, गयनैमिषपुष्करादि–तीर्थानि, यानि भुविसन्ति–हरिप्रसादात, आयान्तु तानि करपद्मपुटे मदीये प्रक्षालयन्तु वदनस्य निशाकलंकम् । तीर्थे स्नेयं तीर्थमिव समानानां भवति मा नः शंस्यो अररुषो धूर्ति प्राणङ्‌ मर्त्यस्यरक्षाणो ब्रह्मणस्पते ।।

मुंह धोकर यज्ञोपवीत धोते हुए तीन बार पढ़ें :– ॐ भूर्भुवःस्वः तत्सवितुर्–वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात् ।।

यज्ञोपवीत गले में फिर से धारण करते हुये पढ़ें :– यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं प्रजापतेर्यत् सहजं पुरस्तात्–आयुष्यम्–अग्र्यं प्रतिमुंच शुभ्रं, यज्ञोपवीतं बलम्–अस्तु तेजः । यज्ञोपवीतम्–असि यज्ञस्यत्वा–उपवीतेन– उपनह्यामि ।।

मुखप्रक्षालण करके स्नान कीजिए, हिन्दु जीवन का प्रारम्भ स्नान से ही होता है और अन्त भी स्नान से ही ।

नित्यप्रार्थनाविधि

पूर्व दिशा की ओर मुख करके धूपदीप जला कर शुद्ध आसन पर पद्मासन से बैठ कर आदिदेव–भगवान् गणेश का ध्यान करके पढें :–

शुक्लाम्बरधरं विष्णुं शशिवर्णं चतु–र्भुजम् –प्रसन्नवदनं ध्याये सर्वविघ्नोपशान्तये । अभिप्रोतार्थ – सिद्धयर्थं पूजितो यः सुरैर्–अपि, सर्वविघ्नछिदे तस्मै गणाधिपतये नमः ।

विभ्रत्–दक्षिण–हस्तपद्म–युगले दन्ताक्षसूत्रे शुभे, वामे मोदक–पूर्णपात्र–परशु नागो–पवीती त्रिधृक श्रीमान्–सिंहयुगासनः श्रुतियुगे शंखौ वहन्, मौलिमान् दिश्यात्–ईश्वरपुत्र–ईश–भगवान् लम्बोदर–शर्म–नः

सिन्दूर–कुंकुम–हुताशन–विद्रुमार्क–रक्ताब्ज–दाडिमनिभाय–चतुर्भुजाय, हेरम्बभैर व–गणेश्वर–नायकाय, सर्वार्थसिद्धि–फलदाय गणेश्वराय ।।

मुख्यं द्वादश–नामानि गणेशस्य महात्मनः । यः पठेत्–तु शिवोक्तानि स लभेत्–सिद्धिम् उत्तमाम् ।

प्रथमं वक्रतुण्डं तु चैकदन्तं द्वितीयकम्, तृतीयं कृष्णपिङ्गं तु चतुर्थं च कपर्दिनम्, लम्बोदरं पंचमं तु, षष्ठं विकटम्–एवच, सप्तमं विघ्नराजेन्द्रं धूम्रवर्णं तथाष्टमम्, नवमं भालचन्द्रं तुं दशमं तु विनायकम्,

एकादशं गणपतिं द्वादशं मन्त्रनायकम्–पठते श्रृणुते यस्तु गणेश–स्तवम्–उत्तमं, भार्यार्थी लभते भार्यां धनार्थी विपुलं धनम्, पुत्रार्थी लभते पुत्रम्, मोक्षार्थी परमं पदम्, इच्छाकामं तु कामार्थी धर्मार्थी धर्मम्–अक्षयम् ।।

सुमुखैश्चैक–दन्तश्च कपिलो गजकर्णकः । लम्बोदरश्च विकटो विघ्नराजो गणाधिपः । धूम्र–केतु–गणाध्यक्षो भालचन्द्रो गजाननः द्वादशैस्तानि–नामानि गणेशस्य महात्मनः, य पठेत्–श्रृणुयात्–वापि स लभेत् सिद्धिम्–उत्तमाम् । विद्यारम्भे विवाहे च प्रवेशे निर्गमे तथा, संग्रामे संकटे चैव विघ्नस्तस्य न जायते ।।

।। श्रीगणेशस्तुति ।।

हेमजा सतुं भजे गणेशं ईशनन्दनम्

रक्ष

एकदन्त–वक्रतुण्ड–नागयज्ञ सूत्रकम् । रक्तगात्र–धूम्रनेत्र शुक्लवस्त्र–मण्डितम् । कल्पवृक्ष–भक्त नमोस्तु ते गजाननम् ।1।

पाशपाणि–चक्रपाणि–मूषकादि–रोहिणम् । अग्निकोटि, सूर्य–ज्योति, वज्र–कोटिनिर्मलम् चित्र–भाल, भक्तिजाल, भालचन्द्र–शोभितम् । कल्पवृक्ष, भक्तरक्ष, नमोस्तु ते गजाननम् ।। 2 ।।

भूतभव्य, हव्यकव्य–भृगु–भार्गवा–र्चितम् । दिव्य–वह्नि कालजाल–लोकपाल वन्दितम्
पूर्णब्रह्म–सूर्यवर्ण पूरुषं पुरान्तकम् । कल्पवृक्ष, भक्तरक्ष, नमोस्तु ते गजाननम् ।। 3 ।।
विश्ववीर्य, विश्व सूर्य, विश्वकर्म निर्मलम् । विश्वहर्ता, विश्वकर्ता यत्र तत्र पूजितम् । चतुर्मुखं
चतुर्भुजं सेवितुं चतुर्युगम् । कल्पवृक्ष, भक्तरक्ष, नमोस्तु ते गजाननम् ।। 4 ।।
ऋद्धि बुद्धि अष्ट सिद्धि नवनिधान दायकम् । यज्ञ कर्म – सर्वधर्म–सर्ववर्ण अर्चनम् । पूत
धूम्र दुष्ट मुष्ट दायकं विनायकम् । कल्पवृक्ष, भक्तरक्ष, नमोस्तु ते गजाननम् ।। 5 ।।

भगवान् मेरी नैया-

भगवान् ! मेरी नैया उस पार लगा देना।
अब तक तो निभाया है आगे भी निभा देना।। भगवान्....
दल बल के साथ माया घेरे जो मुझे आकर।
तो देखते न रहना झट आ के बचा लेना।। भगवान्...

सम्भव है झंझटों में मैं तुम को भूल जाऊँ।
पर नाथ ! कही तुम भी मुझ को न भुला देना।। भगवान्...
तुम देव मैं पुजारी तुम इष्ट मैं उपासक।
यह बात अगर सच है सच करके दिखा देना।।
भगवान् मेरी नैया उस पार लगा देना।।

देवी प्रार्थना

दुर्गे स्मृता हरसि भीतिम्-अशेषजन्तोः, स्वस्थैः स्मृता मतिम्-अतीव शुभां ददासि ।
दारिद्र्य-दुःखभय-हारिणि का त्वत्-अन्या, सर्वोपकार-करणाय दयार्द्रचित्ता ।।
देवि प्रपन्नार्तिहरे प्रसीद, प्रसीद मात-र्जगतोखिलस्य ।
प्रसीद विश्वेश्वारि पाहि विश्वं त्वं-ईश्वरी देवि चराचरस्य ।

पृथिव्यां पुत्रास्ते जननि बहवः सन्ति सरलाः,
परं तेषां मध्ये विरलतरलोहं तव सुतः ।
मदीयोयं त्यागः समुचितम्-इदं नो तव शिवे,
कुपुत्रो जायेत क्वचित्-अपि कुमाता न भवति ।।
जगत्-मातर्-मातः तव चरणसेवा न रचिता,
न वा दत्तं देवि द्रविणम्-अपि भूयस्तव मया ।
तथापि त्वं स्नेहं मयि निर्-उपमं यत्-प्रकुरुषे,
कुपुत्रो जायेत क्वचित्-अपि कुमाता न भवति ।।
शरणागत-दीनार्त-परित्राण-परायणे, सर्वस्यार्तिहरे देवि नारायणि नमोस्तु ते ।।
या देवी सर्वभूतेषु विष्णुमायेति शब्दिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः ।
या देवी सर्वभूतेषु चेतनेत्य-भिधीयते नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः ।।

या देवी सर्वभुतेषु बुद्धिरूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः ।
या देवी सर्वभूतेषु निद्रारूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः ।।
या देवी सर्वभूतेषु क्षुधारूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः ।
या देवी सर्वभूतेषु तृष्णारूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः ।।
या देवी सर्वभूतेषु क्षान्तिरूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः ।
या देवी सर्वभूतेषु जातिरूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः ।।
या देवी सर्वभूतेषु लज्जारूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः ।
या देवी सर्वभूतेषु शान्तिरूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः ।।
या देवी सर्वभूतेषु श्रद्धारूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः ।
या देवी सर्वभूतेषु कान्तिरूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः ।।

या देवी सर्वभूतेषु लक्ष्मीरूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः ।
या देवी सर्वभूतेषु स्मृतिरूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः ।।
या देवी सर्वभूतेषु दयारूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः ।
या देवी सर्वभूतेषु तुष्टिरूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः ।।
या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः ।
या देवी सर्वभूतेषु भ्रांतिरूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः ।।

आनन्दसुन्दर पुरन्द्र–मुक्तमाल्यं मौलौ हठेन निहितं महिषासुरस्य
पादाम्वुजं भवतु मे विजयाय मञ्जु – मञ्जीर–शञ्जित–मनोहरम्–अम्बिकायाः
उत्तप्त–हेमरुचिरे त्रिपुरे पुनीहि, चेत्तश्चि रन्तनम्–अघौघवनं लुनीहि,
कारागृहे निगड–बन्धन–पीडितस्य त्वत्संस्मृत्तौ झट्–इति मे निगडा–स्त्रुट्यन्तु
माया कुण्डलिनी, क्रिया–मधुमती, कालीकला–मालिनी
मातंगी विजया जया भगवती देवी शिवा शाम्भवी

शक्ति शंकर–वल्लभा त्रिनयना वाग्वादिनी भैरवी, ह्रींकारी त्रिपुरा परा परमयी माता–कुमारीत्यसि। महाबले महोत्साहे महाभय–विनाशिनि । त्राहि मां देवि दुष्प्रेक्ष्ये शत्रुणां भयवर्धिनि। सर्वमंगल–मंगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके, शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोस्तुते ।।

।। गौरीस्तुति ।।

ॐलीलारब्ध–स्थापित–लुप्ताखिल – लोकां, लोकातीतै–र्योगिभिर्–अन्तर्हृदि–मृग्याम्
बालादित्य–श्रेणि–समान–द्युतिपुञ्जां गौरीम्–अम्बाम्–अम्बु–रुहा–क्षीम्–अहम्–ईड्ये

आशापाश–क्लेशविनाशं विदधानां पादाम्भोज -ध्यान–पराणां पुरुषाणाम् ।
ईशीम्–ईशाङ्गार्ध हरां तां तनुमध्यां गौरीम्–अम्बाम्–अम्बु–रुहा–क्षीम्–अहम्–ई॰

प्रत्याहार–ध्यान–समाधि–स्थितिभाजां नित्यं चित्ते निर्वृत्तिकाष्ठां कलयन्तीम् ।
सत्य–ज्ञानानन्दमयीं तां तडित्–आभां–गौरीम्–अम्बाम्–अम्बु–रुहा–क्षीम्–अहम्–ईड्

चन्द्रापीडा–नन्दितमन्द–स्मितवक्त्रां, चन्द्रापीडा–लंकृतलोलालकभाराम् ।
इन्द्रोपेन्द्रा–द्यर्चितपादाम्बु जयुग्मां गौरीम्–अम्बाम्–अम्बु–रुहा–क्षीम्–अहम्–ई

नानाकारैः शक्ति–कदम्बै–र्भुवनानि, व्याप्य स्वैरं क्रीडति यासौ स्वयमेका ।
कलयाणीं तां कल्पलताम्–आनतिभाजां, गौरीम्–अम्बाम्–अम्बु–रुहा–क्षीम्–अहम्–ईड्

मूलाधारात्-उत्थित वन्ती विधिरन्ध्रं, सौरंचान्द्रं धाम विहाय ज्वलिताङ्गीम् स्थूलां
सूक्ष्मतरां ताम्-अभिवन्द्यां गौरीम्-अम्बाम्-अम्बु-रहा-क्षीम्-अहम् ईड्ये

आदिक्षान्ताम्–अक्षर मूर्त्या विलसन्तीं भूते भूते भूतकदम्बं प्रसवित्रीम् ।
शब्द–ब्रह्मा–नन्द–मयीं ताम्–अभिरामां, गौरीम्–अम्बाम्–अम्बु–रुहा–क्षीम्–अहम्–ई

यस्याः कुक्षौ लीनम्–अखण्ड़ं, जगत्–अण्डं भूयो भूयः प्रादुर्–अभूत्–अक्षतमेव ।
भर्त्रा सार्धं तां स्फटिकाद्रौ, विहरन्तीं गौरीम्–अम्बाम्–अम्बु–रुहा–क्षीम्–अहम्–ईड्

यस्याम्–एतत्प्रोतम्–अशेषं मणिमाला, सूत्रे यत्–वत्–क्वापि चरं चाप्यचंर च ।
ताम्–अध्यात्मज्ञानपदव्या गमनीयां गौरीम्–अम्बाम्–अम्बु–रुहा–क्षीम्–अहम्–ईड्ये ।
नित्यः सत्यो निष्कल एको जदीशः साक्षी यस्याः सर्गविधौ सहंरणे च ।
विश्वत्राण- क्रीडन शीलां शिवपत्नीं गौरीम्–अम्बाम्–अम्बु–रुहा–क्षीम्–अहम्–ई॰
प्रातः काले भावविशुद्धिं विदधानो भक्त्या नित्यं जल्पति गौरीदशकं यः।
वाचां सिद्धिं सम्पत्तिमुच्चैः शिवभक्तिं तस्या वश्यं पर्वत पुत्री विदधाति।।

।। शंकर प्रार्थना ।।

प्रणतोस्मि महादेव प्रपन्नोस्मि सदाशिव निवारय महामृत्युं मृत्युंजय नमोस्तुते ।
मृत्युंजय महादेव पाहि मां शरणागतम्, जन्ममृत्यु–जरारोगैः पीडितं भवबन्धनात् ।
कर्पूर–गौरं करुणावतारं संसार–सारं भुजगेन्द्र–हारम् ।
सदा रमन्तं हृदयारविन्दे भवं भवानी सहितं नमामि ।।

हर शम्भो महादेव विश्वेशामरवल्लभ । शिव शंकर सर्वात्मन् नीलकण्ठ नमोस्तुते ।
तव तत्त्वं न जानामि कीदृशोसि महेश्वर यादृशोसि महादेव तादृशाय नमो नम : ।

आधीनाम्–अगदं दिव्यं व्याधीनां मूलकृन्तनम् ।
उपद्रवाणां दलनं महादेवम् – उपास्महे ।।

आत्मा त्वं गिरजा मतिः परिजनाः प्राणाः शरीरं गृहं, पूजा ते विषयो–पभोगरचना निद्रा समाधिस्थितिः ।
संचारोऽपि परिक्रमः पशुपते स्तोत्राणि सर्वा गिरो, यतयत् कर्म करोमि देव भगवन् तत् तत् तवाराधनम् ।

नागेन्द्रहाराय त्रिलोचनाय भस्मांगरागाय महेश्वराय ।
देवाधिदेवाय दिगम्बराय तस्मै नकाराय नमः शिवाय ।।

मातंगचरमाम्बर–भूषणाय समस्तगीर्वाण-गणार्चिताय,
त्रैलोक्य–नाथाय पुरान्तकाय तस्मै मकारय नमः शिवाय ।

शिवा–मुखाम्भोज–विकासनाय दक्षस्य यज्ञस्य विनाशकाय

चन्द्रार्क–वैश्वानरलोचनाय, तस्मै–शिकाराय नमः शिवाय ।।

वशिष्ठकुम्भोत्भवगौतमादि मुनीन्द्र वन्द्याय गिरीश्वराय ।

श्रीनीलकण्ठाय वृषध्वजाय तस्मै वकाराय नमः शिवाय ।।

यज्ञस्वरूपाय जटाधराय पिनाकहस्ताय सनातनाय,

नित्याय शुद्धाय निरंजनाय तस्मै यकाराय नमः शिवाय ।

वपुष्प्रादुर्भावात् अनुमितम्–इंद–जन्मनि पुरा ।

पुरारे नैवाहं क्वचित् – अपि भवन्तं प्रणतवान् ।।

नमन्मुक्तः सम्प्र–त्यतनुः–अहम्–अग्रे प्यनतिमान्–महेश क्षन्तव्यं तत्–इदम्–अपराध–द्वयम्–अपि

करचरणकृतं वाक्–कायजं कर्मजं वा श्रवण–नयनजं वा मानसं वा पराधम् ।

विदितम्–अविदितं–वा सर्वम्–एतत्–क्षमस्व जय जय करुणाब्धे श्रीमहादेव शम्भो ।।

लिंगाष्टकम्

ब्रह्मा मुरारिःसुरार्चित लिंगं, निर्मल–भासित=शौभित–लिंगम् ।
जन्मज–दुःख–विनाशक–लिंगं, तत्प्रणमामि सदा शिव–लिंगम् ।। 1 ।।

देव–मुनि–प्रवरा–र्चितलिंग, कामदहं करुणाकर–लिंगम् ।।
रावणदर्प – विनाशित–लिंगं, तत्प्रणमामि सदाशिवलिंगम् ।। 2 ।।

सर्व–सुगन्धि सुलेपित–लिंगं, बुद्धिविवर्धन–कारण–लिंगम् ।।
सिद्ध–सुरासर–वंदित–लिंगं, तत्प्रणमामि सदाशिव–लिंगम् ।। 3 ।।

कनक–महामणि–भूषित–लिंगं, फणिपति वेष्टित–शोभित–लिंगम् ।।
दक्ष–सुयज्ञ–विनाशक लिंगं, तत्प्रणमामि सदाशिव–लिंगम् ।। 4 ।।

कुंकम–चंदन–लेपितलिंगं, पंकज–हार–सुशोभित–लिंगम् ।।
संचित–पाप–विनाशन–लिंगं, तत्प्रणमामि–सदाशिव–लिंगम् ।। 5 ।।
देव–गणार्चित सेवित लिंगम् भावेर्भक्तिभिरेव च लिंगम् ।।
दिन–कर–कोटि–प्रभा–कर लिंगम् तत्प्रणमामि सदाशिव लिंगम् ।। 6 ।।
अष्ट–दलोपरि वेष्टित–लिंग, सर्व–समुद्भ–भव–कारण–लिंगम् ।।
अष्ट–दरिद्र–विनाशित–लिंगं, तत्प्रणमामि सदाशिवलिंगम् ।। 7 ।।
सुरगुरू–सुरवर–पूजित–लिंगम् सुरवन–पुष्प–सदा–र्चित–लिंगम् ।।
परात्परं–परमात्मक–लिंगम् तत्प्रणमामि सदाशिव–लिंगम् ।। 8 ।।

अभिनवगुप्त कृत शिवस्तुतिः

इस स्तुति के बारे में जनश्रुति चलती आई है, "जब अभिनवगुप्त स्वेच्छा से अपना पंचभौतिक शरीर छोड़ने के लिये किसी रम्य एकान्त भूमि की तलाश में जन्मभूमि काश्मीर के घने जंगलों में घूम रहे थे, उस समय उनकी शिष्य मण्डली उन के साथ थी, उसी समय शैवशास्त्रों के रचयिता अभिनवगुप्त ने इस स्तुति की रचना की है शिष्यमण्डली के साथ इस शिवस्तुति की गूँज में ही मनोवाँछित स्थान पर पहुँच कर अभिनवगुप्त पञ्चभौतिक शरीर छोडकर ब्रह्मलीन हुये ।

ॐ व्याप्त–चराचर–भाव–विशेषं, चिन्मयम्–एकम्–अनन्तम्–अनादिम् ।
भैर–व–नाथम्–अनाथ–शरण्यम्, तन्मय–चित्ततया–हृदि वन्दे ।। 11

भावार्थ : मैं अभिनवगुप्त मन की एकाग्रता से उस शंकर की हृदय में वन्दना करता हूँ, जो शंकर अखिल चराचर सृष्टि में ओत प्रोत है । जो ज्ञान रूप है, एक है, अनन्त है । भैरवों का स्वामी है और अनाथों को शरण देने वाला हैं ।

त्वन्मयम्–एतत्–अशेषम्–इदानीं भाति मम त्वत्–अनुग्रह शक्त्या

त्वं च महेश सदैव ममात्मा स्वात्ममयं मम तेन समस्तम् ।। 2।।

अर्थ : यह चराचर सृष्टि आप का ही रूप है, ऐसा मुझे आप की अनुग्रहशक्ति से प्रतीत होता है, परन्तु हे शंकर मेरी आत्मा ही आप है, अतः यह सारा जगत् मेरा ही रूप है, ऐसा भी मैं अनुभव करता हूँ ।

स्वात्मनि–विश्वगते त्वयि नाथे, तेन न संसृति–भीतेः कथास्ति

सत्–स्वपि दुर्धर–दुःख-विमोह त्रास–विधायिषु कर्म–गणेषु ।। 3 ।।

अर्थ : हे नाथ ! भयंकर दुःख मोह उत्पन्न करने वाले कर्मों के जाल में फंसे हुये, आप के भक्त इस भावना से किं विश्व आप का ही रूप है अतः वे संसार के क्षणिक दुःखों से डरते नहीं है, क्योंकि डर अथवा भय तब होता है जब दूसरा हो, जब आप के बिना कोई दूसरा है ही नहीं तो डर कहाँ । "भयं द्वितीयात्"

अन्तक ! मां प्रति मा दृशम्-एनां, क्रोध– कराल–तमां विदधीहि

शंकर–सेवन–चिन्तन–धीरो, भीषण–भैरव–शक्ति–मयोस्मि ।। 4 ।।

अर्थ : हे यमराज ! क्रोध से कराल भयंकर दृष्टि से मेरी ओर न देख, जबकि मैं हर समय शंकर सेवन के चिन्तन

में लगा रहता हूँ, जिस सेवा चिन्तन से मैं भैरवशक्ति का पुंज बना हूँ अतः आप की यह कराल क्रोधभरी दृष्टि मेरा कुछ बिगाड़ नहीं सकती है ।

इत्थम्–उपोढ–भवन्मय–संवित्, दीधिति–दारित–भूरि–तमिस्रः

मृत्यु–यमान्तक कर्म–पिशाचै–र्नाथ ! नमोस्तु न जातु बिभेमि ।। 5 ।।

अर्थ : हे शंकर सब कुछ आप का ही रूप है ऐसी संवित् के जागृत होने से मेरा अज्ञानरूपी अन्धकार नष्ट हो चुका है, अतः मैं यमराज के परिवारभूत पिशाच आदि से डरता नहीं हूँ, हे नाथ मेरा आप को बार-बार नमस्कार हो ।

प्रोदित–सत्य–विबोध–मरीचि–प्रोक्षित–विश्व–पदार्थ–सतत्वः

भाव–परामृत–निर्भरपूर्णे, त्वय्यहम्–आत्मनि निर्वृतिम्–एमि ।। 6 ।।

अर्थ : हे शंकर ! आप के सत्यज्ञानरूप किरणों से विश्व के पदार्थ तथा सभी तत्व सिचिंत अथवा हरकत में है । ऐसे ही इस ज्ञान के प्रकट होने पर मैं श्रद्धा के अमृत से परिपूर्ण आप के ही स्वरूप भूत अपने ही आत्मा में परमानन्द का अनुभव करने लगता हूँ ।

मानस–गोचरम्–एति, यदैव–क्लेश– तनु–ताप –विधात्री
नाथ ! तदैव मम–त्वत्–अभेद–स्तोत्र–परामृत–वृष्टिर्–उदेति ।। 7 ।।

अर्थ : शरीर के ताप को उत्पन्न करने वाली कष्ट की दशा को जब मैं मन से महसूस करने लगता हूँ, उसी समय मेरे अन्दर आप के अनुग्रह से प्राप्त अभेद वृष्टि का उदय होता है, जिस के प्रभाव से मैं किसी प्रकार का कष्ट अनुभव नहीं करता हूँ ।

शंकर ! सत्यम्–इदं व्रत-दान–स्नान –तपो–भव–ताप–विनाशि
तावक–शास्त्र–परामृत–चिन्ता–सिध्यति चेतसि–निर्वृति–धारा ।। 8 ।।

अर्थ : हे शंकर ! यद्यपि व्रत-दान–तप से संसार के दुःखों का नाश होता है, परन्तु शैवशास्त्र के चिन्तनमात्र से ही मन में अमृत की धारायें प्रवाहित होने लगती हैं ।

नृत्यति गायति हृष्यति गाढं, संवित्-इयं मम भैरवनाथ ।
त्वां प्रियं आप्य सुदर्शनम्–एकं, दुर्लभम्–अन्यजनैः समयज्ञम् ।। 9 ।।

अर्थ : हे मेरे भैरवनाथ ! मेरी दृढ़ संवित् यज्ञादिकों से अप्राप्य आप के अलौकिक दर्शन प्राप्त करके कभी नाचती है कभी गायन करती है कभी हर्ष का अभिनय करती है ।

वसु–रस–पौषे कृष्ण–दशम्यां अभिनव–गुप्तः स्तवम्-इमम्–अकरोत्
येन विभु-भर्व–मरु–सन्तापं शमयति झटिति जनस्य दयालुः ।। 10 ।।

भावार्थ : भक्तों पर दयालु आध्यात्मिक बलवाले अभिनवगुप्त ने सम्वत् 68 पौषकृष्णदशमी को यह शंकरस्तुति की है जिस के उच्चारण श्रवण मनन से क्षणमात्र में दयालु शंकर संसार रूपी मरुस्थल के दुःखो का नाश करता है । प्रत्यभिज्ञाहृदय, स्पन्द सन्दोह, बोधविलास पराप्रवेशिका आदि शैवशास्त्रों के रचयिता आचार्य क्षेमराज के गुरु, अद्वैतसिद्धान्त के सर्वश्रेठ व्याख्याता "तन्त्रालोक" जैसे महान् शैवग्रन्थ के निर्माता **अभिनवगुप्त** की उपरिलिखित स्तुति संक्षिप्तभावार्थ सहित पाठको को अर्पित है, यह स्तुति विशेषतया हर एक काश्मीरी पण्डित को कण्ठस्थ करनी चाहिये ताकि हमारी आगामी सन्तति अपने आदरणीय पूर्वज काश्मीर के गौरवभूत आचार्य अभिनवगुप्त को भूल न जायें ।

ॐ नमः शम्भवाय मयो–भवाय च नमः शंकराय च मयस्कराय च
नमः शिवाय शिवतराय च ।।

यजुर्वेद

शिवसंकल्प (यजुर्वेद से)

यत्–जाग्रतो–दूरम्–उदेति दैवं तदु सुप्तस्य तथैवैति ।
दूरं–गमं ज्योतिषां ज्योतिर्–एकं – तन्मे मनः शिव–संकल्पम्–अस्तु ।। 1 ।।

अर्थ : जो मन जागते हुये मनुष्य का दूर चला जाता है, और सोते हुये का निकट आ जात है, जो परमात्मा के साक्षात्कार का एकमात्र साधन है, जो ज्ञानेन्द्रियों का प्रकाशक और प्रवर्तक है, मेरा वह मन शिव (कल्याणकारी) संकल्प वाला हो ।

येन कर्मा-ण्यपसो मनीषिणो यज्ञे कृण्वन्ति विदथेषु धीराः ।
यत्–अपूर्व यक्षम्–अन्तः प्रजानां तन्मे मनः शिव संकल्पम्-अस्तु ।। 2 ।।

अर्थ : कर्मयोगी विद्वान् जिस मन के द्वारा हर एक कर्म को यज्ञ के ढाँचे में डालते है, जो इन्द्रियों का अध्यक्ष है, जो समस्त प्रजा के हृदय में निवास करता है, वह मेरा मन शिव संकल्प वाला हो ।

यत्–प्रज्ञानम्–उत चेतो धृतिश्च यत्–ज्योतिर्–अन्तर्–अमृतं प्रजासु ।
यस्मात्–न ऋते किंचन कर्म क्रियते तन्मे मनः शिवसंकल्पम्–अस्तु ।। 3 ।।

अर्थ : जो मन ज्ञान का करण है जो धैर्यरूप है, जो समस्त प्रजा के हृदय में रह कर उन की इन्द्रियों को प्रकाशित करता है, जो मृत्यु होने पर भी अमर रहता है, जिस के बिना कोई भी कर्म किया नहीं जाता है वह मेरा मन शिवसंकल्प वाला हो ।

येनेदं भूतं भुवनं भविष्यत् परिगृहीतम्–अमृतेन सर्वम् ।
येन यज्ञस्तायते सप्तहोता तन्मे मनः शिव–संकल्पम्–अस्तु ।। 4 ।।

जिस अमृतरूप मन के द्वारा भूत-भविष्य वर्तमान की सभी वस्तुयें जानी जाती हैं, जिस के द्वारा सात होता वाला शरीर रूपी यज्ञ सम्पन्न होता है मेरा वह मन शिवसंकल्प वाला हो (सात होता :– पांच ज्ञानेन्द्रिय मन और बुद्धि)

यस्मिन्–ऋचः साम यजूंषि यस्मिन् प्रतिष्ठिता–रथनाभौ–इवाराः ।
यस्मिन्-चितं सर्वम्–ओतं प्रजानां तन्मे मनः शिव–संकल्पम्–अस्तु ।। 5 ।।

अर्थ : जिस मन में रथचक्र की नाभि में अरियों के समान वेद प्रतिष्ठित है, जिस में सब पदार्थों से सम्बन्ध रखने वाला सम्पूर्ण ज्ञान ओत प्रोत है, मेरा वह मन शिवसंकल्प वाला हो ।

सुषा–रथिर्–अश्वान्–इव, यन्मनुष्यान् नेनीयते-अभीशुभिर्–वाजिनःइव ।
हृत्प्रतिष्ठं यत्-अजिरं जविष्ठं तन्मे मनः शिव–संकल्पम्–अस्तु ।। 6 ।।

अर्थ : योग्य सारथि जैसे घोड़ो का संचालन करता है और लगाम के द्वारा घोडों का नियन्त्रण करता है, वैसे ही प्राणियों का संचालन तथा नियन्त्रण करने वाला हृदय में रहने वाला कभी बूढा-न होने वाला, अधिक तेज भागने वाला मेरा मन शिव संकल्प वाला हो ।

मानसिक शान्ति के लिये ऊपरलिखित

यजुर्वेद के छः मन्त्रों का उच्चारण किया करे ।

शिवोऽहं शिवोऽहं शिवोऽहं शिवोहम्

मनो बुद्धय–हंकार–चित्तानि नाहं
नच श्रोत्र–जिह्वे नच घ्राण –नेत्रे ।
नच व्योम-भूमि–र्न तेजो न वायुः
चिदानन्द–रूपः शिवोऽहं शिवोऽहं ।1।

नच प्राण–संज्ञो न वै पंचवायुः
न–वा सप्त–धातु–र्न वा पंचकोशः
न वाक्–पाणिपादं न चोपस्थ–पायुः
चिदानन्द–रूपः शिवोहं शिवोहम् ।2।

नमे द्वेषरागौ न मे लोभ मोहौ
मदो नैव मे नैव मात्सर्य–भावः
न धर्मो न चार्थो न कामो न मोक्षः
चिदानन्द रूपः शिवोहं शिवोहम् ।3।

न पुण्यं न पापं न सौख्यं न दुःखं
न मन्त्रो न तीर्थं न वेदा न यज्ञ :
अहं भोजनं नैव भोज्यं न भोक्ता
चिदानन्दरूपः शिवोऽहं शिवोऽहम् ।4।

न—मृत्यु-र्न शंका न मे जातिभेदः
पिता नैव मे नैव माता च जन्म ।
न बन्धु-र्न मित्रं गुरु-नैव शिष्यः
चिदानन्दरूपः शिवोहं शिवोऽहम् ।5।

अहं निर्विकल्पी निराकाररूपो
लघुत्वात्-च सर्वत्र सर्वेन्द्रियाणाम्
न चा संगतं नैव मुक्ति-र्न मेयः
चिदानन्दरूपः शिवोऽहं शिवोहम् ।6।

इति-श्रीमत्-शंकराचार्य-विरचितं निर्वाणषट्कं सम्पूर्णम्

पुष्पाणि सन्तु तव देव मत्-इन्द्रियानि, धूपोगुरु-र्वपुरिदं हृदयं प्रदीपः
प्राणा हवींषि करणानि नवाक्षतास्ते, पूजाफलं व्रजतु साप्रतम्-एषजीवः

।। विष्णुस्तुति ।।

जय नारायण, जय पुरुषोत्तम, जय वामन कंसारे ।
उद्धर मामसुरेशविनाशिन् पतितोऽहं संसारे ।।
घोरं हर मम नरकरिपो केशव कल्मषभारं ।
माम्–अनुकम्पय दीनम्–अनाथं कुरु भव–सागरपारम् ।। घोरं हर. ।। 1 ।।
जय जय देव जया–सुरसूदन जय केशव जय विष्णो ।
जय लक्ष्मीमुख कमल–मधुव्रत जय दशकन्धर जिष्णो ।. घोरं हर. ।। 2 ।।
यद्यपि सकलम् अहं कलयामि हरे नहि किम् अपि स सत्वम् ।
तत्–अपि न मुञ्चति माम्–इदम् अच्युत पुत्रकलत्र–ममत्वं । घोरं हर. ।.
पुनर्–अपि जननं पुनर्–अपि मरणं पुनर्–अपि गर्भ–न्विासम् ।
सोढुम् –अलं–पुनर् – अस्मिन–्माधव माम्–उद्धर निजदासम् । घोरं हर. ।। 4 ।।

त्वं जननी जनकः प्रभुर्–अच्युत त्वं सुहृत्–कुलमित्रम् ।
त्वं शरणं शरणा–गतवत्सल त्वं भव–जलधि – वहित्रं ।। घोरं हर. ।। 5 ।।
जनक – सुता-पति – चरण – परायण शकंर – मुनिवर–गीतं ।
धारय मनसि कृष्ण–पुरुषोतम – वारय संसृति–भीतिम् ।। घोरं हर. ।। 6 ।।

अच्युतं केशवं रामनारायणं कृष्णदामोदरं वासुदेवं हरिम् ।।
श्रीधरं माधवं गोपिकावल्लभं जानकीनायकं राम चन्द्रं भजे ।।
सुरजं शैशवं सत्यभा–माधवं श्रीधरं श्रीपतिं–राधिका–राधितम् ।
इन्दिरा–मन्दिरम् चेतसा सुन्दरं देवकीनन्दनं नन्दजं संभजे ।।
अगंनाम्–अगंनाम्–अन्तरे माधवो, माधवं माधवं चान्तरे–णांगना ।
सत्यभा–कल्पिते मण्डले मध्यगः, सङजगौ वेणुना देवकीनन्दनः ।।
बालिका–बालिका बाललीला–लयः संग–सन्दर्शित–भ्रू–लता–विभ्रमः ।
गोपिका गीत–दत्ता–वदानः स्वयं संजगौ वेणुना देवकी – नन्दनः ।।
जयतु जयतु देवो देवकीनन्दनोयं जयतु जयतु कृष्णो वृष्णिवंशप्रदीपः ।
जयतु जयतु मेघ–श्यामलः कोमलांगो जयतु जयतु पृथ्वी–भारनाशो मकुन्दः ।।

गायत्री मन्त्र का महत्व

गायत्री की महिमा सभी वेदों तथा पुराणशास्त्रों में सविस्तर दर्ज है – अथर्व-वेद में स्वयं वेदभगवान् का कहना है – **"स्तुता मया वरदा वेदमाता प्रचोदयन्तां पावमानी द्विजानाम्, आयुः प्राणं प्रजां पशुं कीर्तिं द्रविणं ब्रह्मवर्चसम्"** अर्थ :– मेरे द्वारा स्तुति की गई द्विजों को पवित्र करने वाली वेदमाता गायत्री आयु प्राण सन्तति पशु कीर्ति धन बह्मतेज देने वाली है (अथर्व-वेद)

"गायत्री मन्त्र"

ॐ भूर्भुवः स्वः तत्-सवितुर् वरेण्यं, भर्गो-देवस्य धीमहि, धियो यो-नः प्रचोदयात्

अर्थ :– मैं उस शक्ति का चिन्तन करता हूँ जो शक्ति **ॐ** ब्रह्मरूप है, **भूर्भुवः स्वः** जो शक्ति तीनों लोकों में व्याप्त है, **तत्** = जिस को वेदों ने तत् नाम से पुकारा है **सविता** = जो शक्ति इस सृष्टि को बनाती है, पालन करती है, नाश करती है, **"वरेण्यम्"** जो वरण करने के योग्य है, **भर्गः** = जो तेजो रूप है, **देवः** जो द्योतनशील है, अथवा ऐश्वर्यवाली है, ऐसी उस महान् शक्ति का **धीमहि** = चिन्तन करता हूँ, वह शक्ति **धियः** मेरी बुद्धि को, **प्रचोदयात्** = सत् कर्मों में प्रेरित करे ।

मैं उस शक्ति का चिन्तन करता हूँ, जो ब्रह्मरूप है, जो शक्ति तीनों लोकों में व्याप्त है, जिस को वेद "तत् नाम

से पुकारते है, जो शक्ति इस सृष्टि को बनाती, पालन तथा संहार करती है, जो वरण करने (अपनाने) के योग्य है, जो तेजोरूप है, जो ऐश्वर्य देनेवाली है ऐसी ही उस महान् शक्ति का मैं चिन्तन करता हूँ, वह शक्ति मेरी बुद्धि को सत्कर्मों में लगाये ।

गायत्री मन्त्र का महत्व क्यों ?

शब्दनित्य है (शब्द ब्रह्म) वर्तमान विज्ञान भी यही मानता है, आज जो बातें हम करते हैं, अथवा हमारे मन की लहरें आकाश में अथवा सृष्टि के अन्तराल में किसी न किसी रूप में विद्यमान रहती है, सृष्टि के आरम्भ से ही ऋषि मुनि साधक गायत्री मन्त्र के अनुष्ठान करते आये हैं, उन ऋषियों मुनियों साधकों की साधनायें भावनायें तपश्चर्यायें इस छोटे से गायत्री मन्त्र के पीछे तेजोपुंज के रूप में एकत्रित है, जो व्यक्ति इस गायत्री मन्त्र का उच्चारण अथवा जप करता है उस साधक की सफलता में वह तेजोपुंज अवश्य सहायक बनता है, साधक ज्योंही इस मन्त्रराज का जप अथवा उच्चारण करने लगता है तो उसी क्षण से इस मंत्र के प्रभाव का अनुभव करने लगता है, यही है इस गायत्री मन्त्र के महत्व का रहस्य ।

गायत्री जपविधि :–

शुद्ध आसन पर पद्मासन पर पूर्व की ओर मुख कर के पानी का एक लौटा और एक थाली तर्पण के लिये रख कर नमस्कार करते हुये पढ़ें (यदि नदी के तट पर करना हो तो थाली की आवश्यकता नही) :–

प्रणवस्य ऋषि र्ब्रह्मा गायत्रं छन्द एवच, देवोग्नि–र्व्याहृतिषु च विनियोगः प्रकीर्तितः, प्रजापते–र्व्याहृतयः पूर्वस्य परमेष्ठिनः । व्यस्ताश्चैव समस्ताश्च ब्राह्मम्–अक्षरम्–ओम्–इति । व्याहृतीनां समस्तानां दैवतं तु प्रजापतिः, व्यस्तानाम्–अयम्–अग्निश्च वायुः सूर्यश्च–देवताः । छन्दश्च व्याहृतीनाम्–एकाक्षराणम्–उक्तारव्यम्–द्व्यक्षराणाम्–अत्युक्–ताख्यम् । विश्वामित्र–ऋषि–श्छन्दो, गायत्रं सविता तथा, देवतो–पनये जप्ये गायत्र्या योग उच्यते आवाहयामि गायत्रीं, सर्व–पाप–प्रणाशि–नीम् । न गायत्र्याः परं जप्यं, नव्याहृति–समं हुतम्, आगच्छ वरदे देवि, जप्ये मे सन्निधौ भव । गायन्तं त्रायसे यस्मात्–गायत्री त्वं ततः स्मृता, अग्नि–र्वायुश्च, सूर्यश्च, बृहस्पत्याप–एव-च, इन्द्रश्च–विश्वे–देवाश्च देवताः सम्–उदाहृताः । एवम्–आर्ष–छन्दो दैवतं विनियोगं चानुस्मृत्य । गायत्र्या शिखाम्–अविद्धय गायत्र्यैव समन्ततः, आत्मन–श्चापः परिक्षिप्य, ओजोसीति गायत्रीम्–आवाह्य देवानाम्–आर्षम् (अपने आप को छिडक अंजलि धारण करते हुये पढ़े :–ओजोसि सहोसि बलम्–असि भ्राजोसि देवानां धाम नामासि, विश्वम्–असि–विश्वायुः, सर्वम्–असि–सर्वायुः, अभि-भूः–

अंगन्यास–कीजिये– दोनों हाथों की ऊँगलियों से स्पर्श करते हुये पढ़ें :

"अ" नाभौ (नाभिको) "उ" हृदि (हृदयको) "म" शिरसि (सिरको) ।। ॐ "भूः"–अंगुष्ठाभ्यां नमः (दोनों अंगूठों

को) "भुवः" तर्जनीभ्यां नमः (अंगूठे के साथ वाली ऊँगलियों को, "स्वः" मध्यमाभ्यां नमः (बीचवाली ऊँगलियों को) "महः" अनामिकाभ्यां नमः, (सब से छोटी अंगुली की साथ वाली ऊँगलियों) को "जनः" कनिष्ठकाभ्यां नमः (छोटी ऊँगलियों को "तपः सत्यं" करतल पृष्ठाभ्यां नमः (दोनो हाथ के तलवों को आपस में स्पर्श करें। "भूः" पादयोः (पावों को) "भुवः" जान्वोः (गुठनों को) "स्वः" गुह्ये (गुह्यस्थान को) "महः नाभौ (नाभि को) "जनः" हृदि (हृदयको) "तपः" कण्ठे (गले) को "सत्यं" शिरसि (सिर को), ॐ "भूः" हृदयाय नमः "भुवः" शिरसि स्वाहा, "स्वः" शिखायै वौषट (चोटी को) महःकवचाय हुँ (वस्त्रों को) जन नेत्राभ्यां वौषट् (नेत्रों को) "तपः सत्यम्–अस्त्राय फट्" चुटकी मारे ।। "तत्–सवितुर्" अंगुष्ठाभ्यां नमः, "वरेण्यं" तर्जनीभ्यां नमः, "भर्गो–देवस्य मध्यमाभ्यां नमः, "धीमहि" अनामिकाभ्यां नमः, "धियो योनः" कनिष्ठकाभ्यां नमः, "प्रचोदयात्" करतल करपृष्ठाभ्यां नमः तत् "पादयोः "सवितुर्" जान्वोः (गुठनों को) "वरेण्यं"कट्यां कमर को) भर्गो नाभौ "देवस्य" हृदये "धीमहि" कण्ठे "धियो,:" नासिकायां "यो" चक्षुषोः (नेत्रों को) "नः ललाटे (माथे को) "प्रचोदयात" शिरसि, ।। "तत सवितुर्" हृदयाय नमः "वरेण्यं" शिर से स्वाहा, "भर्गो देवः" शिखायै वौषट् 'धीमहि' कवचाय हुँ (वस्त्रों को "धियो योनः "नेत्राभ्यां वौषट् 'प्रचोदयात अस्त्राय फट् (चुटकी मारिये) "आपः" स्तनयोः (स्तनों को) "ज्योतिः" नेत्रयोः, "रसो" मुखे अमृतं" ललाटे "ब्रह्म-भूर्भुवः स्वरों"

(शिरसि) प्राणायाम करके तर्पण कीजिये :—

ओ3म अस्य गायत्री शापविमोचन—मन्त्रस्य ब्रह्मा ऋषि, गायत्री छन्दः वरुणो देवता ब्रह्मशाप—विमोचने विनियोगः । (तर्पण करते रहिये)

ओ3म्-यत्—ब्रह्मेति ब्रह्मविदो विदुः—त्वां पश्यन्ति धीरा : ।
सुमनसो—वा गायत्री त्वं ब्रह्मशापात्—विमुक्ता भव ।। 1 ।।
ओ3म्—अर्क—ज्योतिर् अहं ब्रह्मा ब्रह्म ज्योतिर्—अहं शिवः
शिव—ज्योतिर्—अहं विष्णुः शिव—ज्योतिः शिवः परम् ।। 2 ।।
गायत्री त्वं वशिष्ठशापात् —विमुक्ता भव ।
ॐ अहो देवि महादेवि दिव्ये सन्ध्ये सरस्वति ।
अजरे अमरे चैव ब्रह्मयोनि नमोस्तुते ।
गायत्रि त्वं विश्वामित्र—शापात्—विमुक्ता भव ।। 3 ।।

गायत्री का ध्यान करते हुये पढ़े :-

मुक्ता–विद्रुम–हेम–नील–धवल, छायै–र्मुखैः–त्रीक्षणैः
युक्ताम्–इन्दु–निबद्ध–रत्न-मुकटां, तत्त्वात्म–वर्णात्मिकाम्
गायत्रीं वरदा–भया–ङ्कुश–करां शूलं कपालं गुणं
शंखं चक्रम्–अथार–बिन्दु–युगलं हस्तै–र्वहन्तीं भजे ।। 1 ।।
आगच्छ वरदे देवि त्र्यक्षरे ब्रह्मवादिनि ।
गायत्रि छन्दसां–मात–र्ब्रह्म–योने नमोस्तुते 2

यह मन्त्र तीन बार पढ़ कर–गायत्री मन्त्र का जप करें

ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्–वेरण्यं भर्गोदेवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात् ॐ

यदि माला से जप करना है तो जप समाप्त करके माला सिर पर रख कर प्राणायाम करके तर्पण करते हुये पढ़े :- देवा–गातु–क्षेत्रिया:, देवा गातुविदो, गातुं वित्वा–गातु–मित मनसस्-पत-इमं देवयज्ञं स्वाहा, वाचे स्वाहा वातेधाः

नमो धर्मनिधानाय नमः सुकृत–साक्षिणे । नमः प्रत्यक्षदेवाय भास्कराय नमो नमः

जप करने का स्थान :– घर के उस कमरे में जप करें जहां आप की एकाग्रता में किसी प्रकार का विघ्न न पड़े, नदी के तट पर जप करना अधिक लाभदायक रहता है । जप की विधि आसन प्राणायाम आदि की जानकारी इसी जन्त्री के पाठप्रकरण में देखिये ।

क्या महिलाओं को गायत्री साधना जप अनुष्ठान आदि करने का अधिकार है ?

वेदों शास्त्रो पुराणों के स्वाध्याय से यह स्पष्ट होता है कि पुरुष हो या स्त्री दोनों गायत्री उपासना के अधिकारी है, प्राचीनकाल में गार्गी, मैत्रेयी देवयानी, लोपामुद्रा आदि महिलाओं ने गायत्री शक्ति की उपासना से ही आत्मा को समुन्नत बनाया था सावित्री ने एक वर्ष तक गायत्री की साधना की थी जिस साधना से ही वह अपने पति को यमराज से लौटा सकी । स्त्री और पुरुष दोनों ही गायत्री माता की सन्तान है, स्त्री सधवा हो या विधवा अपने जीवन को सफल बनाने के लिये गायत्री मन्त्र का जप किया करें ।

ॐ भुर्भूवः स्वः तत्सवितु र्वरेण्यं भर्गो–देवस्य धीमहि धियो योनः प्रचोदयात् ॐ

सप्तश्लोकी दुर्गा

ज्ञानि-नाम् -अपि चेतांसि देवी भगवती हिसा ।
बलात्-आकृष्य मोहाय महामाया प्रयच्छति ।।1।।
दुर्गे स्मृता हरसि भीतिम्-अशेष-जन्तोः
स्वस्थैः स्मृता मतिम्-अतीव शुभां ददासि ।
दारि-द्रय-दुःख-भय-हारिणि का त्वत्-अन्या
सर्वोप-कार-करणाय दयार्द्र-चिता ।।2।।
सर्व-मंगल-मंगल्ये शिवे सर्वार्थ-साधिके,
शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोस्तुते ।।3।।

शरणागत-दीनार्त-परित्राण-परायणे
सर्वस्यार्ति-हरे देवि नारायणि नमोस्तु ते ।।4।।

सर्व-स्वरूपे सर्वेशे सर्व-शक्ति-समन्विते,
भयेभ्यस्त्राहि-नो देवि दुर्गे देवि नमोस्तुते ।।5।।

रोगान्-अशेषान्-अपहंसि तुष्टा
रुष्टा-तु कामान् सकलान्-अभीष्टान्
त्वाम्-आश्रितानां न विपत्-नराणां
त्वाम्-आश्रिता ह्या श्रयतां प्रयान्ति ।।6।।

सर्वा-बाधा-प्रशमनं त्रैलोक्य-स्याखिलेश्वरि
एवम्-एव त्वया कार्यम्-अस्मत्-वैरि-विनाशनम् ।।7।।

इति सप्तश्लोकी दुर्गा समाप्ता

सप्तश्लोकी दुर्गा का अर्थ

अर्थ : भगवती माहमाया देवी ज्ञानियों के भी चित को बलपूर्वक खींच कर मोह में डाल देती है ।।1।।

माँ दुर्गे ! आप स्मरण करने पर सब प्राणियों का भय हर लेती है, और स्वस्थ पुरुषों द्वारा चिन्तन करने पर उन्हें परम कल्याण रूपी बुद्धि देती है, दुःख दरिद्रता हरणेवाली देवी आप के बिना दूसरी कौन है जिस का चित्त सब का उपकार करने के लिये सदा ही दयार्द्र रहता है ।।2।।

हे माँ ! तुम सब प्रकार का मंगल करने वाली मंगलमयी हो, कल्याण करने वाली शिवा हो, सब पुरुषार्थों को सिद्ध करने वाली, शरणागत-वत्सला, तीन नेत्रों वाली तथा सब की पीड़ा दूर करने वाली, नारायणी देवी, तुम्हे नमस्कार है ।।3।।

शरण में आये हुये, दीनों एवं पीड़ितों की रक्षा में लगी रहने वाली, तथा सब की पीड़ा दूर करने वाली, नारायणी देवी तुम्हे नमस्कार है ।।4।।

सर्वरूपा, सर्वेश्वरी तथा सब प्रकार की शक्तियों से सम्पन्न, दिव्यरूपा दुर्गे देवि सब भयों से हमारी रक्षा करो, तुम्हें नमस्कार है ।।5।।

हे देवि ! तुम प्रसन्न होने पर सब रोगों को नष्ट करने वाली, और कुपित होने पर मनोवांछित सभी कामनाओं का नाश कर देती हो । जो लोग तुम्हारी शरण में जा चुके हैं, उन पर विपत्ति आती ही नही है, तुम्हारी शरण में गये हुये मनुष्य दूसरों को शरण देने वाले हो जाते हैं ।।6।।

हे सर्वेश्वरि ! जिस प्रकार तुम ने मधुकैटभ का नाश किया तुम उसी प्रकार तीनों लोकों की सभी बाधाओं को शान्त करो और हमारे शत्रुओं का नाश करती रहो ।।7।।

इति सप्तश्लोकी की दुर्गा समाप्ता ।।

गणेश-स्तोत्र

नरद-उवाच

प्रणम्य शिरसा देवं, गौरीपुत्रं विनायकम्
भक्ता-वासं स्मरेत्-नित्यम्-आर्यु-कामार्थ सिद्धये ।।

प्रथमं वक्रतुण्डं च, एकदन्तं द्वितीयकम्,
तृतीयं कृष्ण-पिंगाक्षं,गजवक्त्रं चतुर्थकम् ।2।

लम्बोदरं पंचमं च, षष्ठं विकटं-एवच
सप्तमं विघ्नराजं च, धूम्रवर्णं तथाष्टमम् ।।3।।

नवमं भालचन्द्रं च, दशमं तु विनायकम्
एकादशं गणपतिं द्वादशं तु गजाननम् ।।4।।

द्वादशैतानि नामानि, त्रिसन्ध्यं, यः पठेत्-नरः

नच विघ्नभयं तस्य, सर्व-सिद्धि-करं परम् ।।5।।

इति श्रीनारद-पुराणे संकट-नाशनं गणेश-स्तोत्रं सम्पूर्णम् ।

ऊपरलिखित गणेश स्तोत्र संकटनाशन-स्तोत्र कहलाता है, इस स्तोत्र के नित्य पाठ करने से संकटों का नाश, तथा हर एक मनोकामना सिद्ध होती है ।।

विष्णोः अष्ट-नामस्तोत्र

अच्युतं केशवं विष्णुं, हरिं सत्यं जनार्दनम् ।

हंसं नारायणं चैवम् – एतत् -नामाष्टकं पठेत् ।।1।।

त्रिसन्ध्यं यः पठेत् नित्यं दारिद्र्यं तस्य नश्यति

शत्रु-सैन्यं क्षयं याति, दुःस्वप्नः सुखदो भवेत् ।।2।।

गंगायां मरणं चैव, दृढ़ा भक्तिस्तु केशवे
ब्रह्म-विद्या-प्रबोधश्च तस्मात्-नित्यं पठेत् नरः ।।3।।

विष्णु पुराण में लिखा है - इस विष्णु अष्टनाम स्तोत्र के नित्यपाठ करने से दारिद्र्य का नाश होता है - बुरे स्वप्न भी सुखदायक बनते है – भगवान् की भक्ति में वृद्धि होती है – ज्ञान की प्राप्ति होती है ।

आप प्रातः काल के नित्य कर्म में जो पाठ करते हैं उन में नीचे लिखे स्तोत्र अथवा श्लोक भी जोडिये :–

प्रातः स्मरण मंगलस्तोत्रम्

उत्तिष्ठो-त्तिष्ठ गोविन्द, उत्तिष्ठ गरुड़-ध्वज,
उत्तिष्ठ-कमलाकान्त, त्रैलोक्ये मंगलं कुरु ।।1।।

मंगलं भगवान् विष्णुः, मंगलं गरुड-ध्वजः,
मंगलं पुण्डरीकाक्षः मंगलायतनं हरिः ।।2।।

मूकं करोति वाचालं, पंगुं लंघयते गिरिम्
यत् कृपा तम्-अहं वन्दे परमानन्द—माधवम् ।।3।।

नमो ब्रह्मण्य-देवाय, गोब्रह्मण-हिताय च
जगत्-हिताय कृष्णाय, गोविन्दाय नमोनमः ।।4।।

कृष्णाय वासुदेवाय, देवकी—नन्दनाय च
नन्द-गोपकुमाराय, गोविन्दाय नमो नमः ।।5।।

त्वमेव माता च पिता त्वमेव त्वमेव बन्धुश्च सखा त्वम्-एव,
त्वमेव विद्या द्रविणं त्वमेव, त्वमेव सर्वं मम देव देव ।।6।।

एक-श्लोकी-नवग्रहस्तोत्रम्

ब्रह्मा-मुरारिः-त्रिपुरान्त-कारी, भानुः शशी भूमिसुतो बुधश्च,
गुरुश्च शुक्रःशनि-राहु केतवः कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम् ।।

इस एकश्लोकी नवग्रह स्तोत्र के नित्यपाठ से नवग्रहों की शान्ति होती है ।

एकश्लोकी रामायण

आदौ राम-तपोवनादि-गमनं, हत्वा मृगं कांचनं
वैदेही-हरणं जटायु-मरणं सुग्रीव सम्भाषणम् ।
वाली निर्दलनं समुद्र तरणं लंकापुरी-दाहनं
पश्चात् रावण कुम्भकर्ण-हननं चैतत्-हि-रामायणम् ।।1।।

श्रीरामस्तुतिः

श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि

सुग्रीवमित्रं परमं पवित्रं, सीताकलत्रं नवमेघ-गात्रम् ।
कारुण्य-पात्रं शतपत्र-नेत्रं, श्रीराम-चन्द्रं सततं नमामि ।।1

अर्थ :– सुग्रीव के मित्र, परमपावन, सीता के पति नवीन मेघ के समान शररर वाले । करुणा के सिन्धु, कमल के समान नेत्रवाले श्रीरामचन्द्र की मैं निरन्तर वन्दना करता हूँ ।

संसार-सारं निगम-प्रचारं – धर्मावतारं हृतभूमि-भारम् ।
सदाविकारं सुखसिन्धु-सारं-श्रीराम-चन्द्रं सततंनमामि ।।2।।

अर्थ :– असार संसार का सारवस्तु, वेदों का प्रचार करने वाले, धर्म के अवतार, भू-भार हरण करने वाले, सदा विकार रहित, आनन्द सिन्धु के सारभूत, श्रीरामचन्द्र की मैं निरन्तर वन्दना करता हूँ ।।

लक्ष्मी-विलासं जगतां निवासं – लंकाविनाशं भुवन-प्रकाशम् ।
भू-देव-वासं शरत्-इन्दुहासं–श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि ।।3।।

अर्थ – लक्ष्मी से विलास करने वाला, जगत् का निवास, लंकानाश करने वाला, भुवनों को प्रकाशित करने वाला, ब्राह्मणों को शरण देने वाला, शरत् चन्द्र हास्यवाला, श्रीरामचन्द्र का मैं निरन्तर नमन करता हूँ।

मन्दार-मालं-वचने रसालं – गुणैर्विशालं हत-सप्त-तालम्
क्रव्याद-कालं सुर-लोकपालं– श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि ।।4।।

अर्थ :– मन्दारपुष्प माला वाले, रसीले वचन बोलने वाले, गुणों में महान्, साततल वृक्ष भेदने वाले, राक्षसों के काल, देवलोक पालक, श्रीरामचन्द्र की मैं निरन्तर वन्दना करता हूँ ।।

वेदान्त-गानं सकलैः समानं – हतारि-मानं-त्रिदश-प्रधानम् ।
गजेन्द्र-यानं विगतावसानं – श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि ।।5।।

अर्थ :– वेदान्त द्वारा गेय, सबके साथ एक जैसा, शत्रुओं का मान मर्दन करने वाला, देवताओं में गजेन्द्र सवारी करने वाले, अन्त-रहित - श्रीरामचन्द्र की मैं निरन्तर वन्दना करता हूँ ।

श्यामाभि-रामं नयना-भिरामं, गुणाभिरामं, वचनाभिरामम् ।
विश्व-प्रणामं कृतभक्तकामं, श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि ।।6।।

अर्थ :– श्याम सुन्दर, नेत्रों को आनन्द देने वाला, गुणों से मनोहर, मधुर वचन बोलने वाले विश्व वन्दनीय, भक्तजनों की कामनायें पूर्ण करने वाले, श्रीरामचन्द्र की मैं निरन्तर वन्दना करता हूँ ।

लीलाशरीरं रणरंगधीरं, विश्वैकसारं रघुवंश-हारम् ।
गम्भीरनादं जितसर्व-वादं, श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि ।।7।।

अर्थ :– लीला के लिये शरीर धारण करने, बाले रणस्थली में धीर, विश्व के सार, रघुवंश में श्रेष्ठ, गम्भीरवाणी बोलने वाले, समस्तवादों को जीतने वाले, श्रीरामचन्द्र को मैं प्रतिक्षण प्रणाम करता हूँ ।

खले कृतान्तं स्वजने विनीतं – सामोपगीतं मनसाऽप्रतीतम् ।
रागेणगीतं वचनात्-अतीतं – श्रीराम चन्द्रं सततं नमामि ।8।।

अर्थ :– दुष्टों के लिये मृत्युरूप, अपने भक्तों के लिये नम्रभाव वाले, सामवेद के द्वारा स्तुत, मन के अगोचर प्रेम से गान करने योग्य, वचनों से अग्राह्य, रीरामचन्द्र को मैं सर्वदा नमस्कार करता हूँ ।

प्रार्थना

जब सौंप दिया इस जीवन का, सब भार तुम्हारे हाथों में ।
है जीत तुम्हारे हाथों में, और हार तुम्हारे हाथों में ।।

मेरा निश्चय बस एक यही, एक बार तुम्हें पा जाऊँ मैं ।
अर्पण कर दूँ दुनिया भर का, सब प्यार तुम्हारे हाथों में ।।

यदि जग में रहूँ तो ऐसे रहूँ, जैसे जल में कमल का फूल रहे ।
मम अवगुण दोष समर्पित हों, भगवान तुम्हारे हाथों में ।।
यदि मानुष का मुझे जन्म मिले, तव चरणों का मैं भक्त बनूँ ।
इस भक्त की तनमन का, रहे तार तुम्हारे हाथों में ।।
जब-जब संसार का कैदी बनूँ, निष्काम भाव से काम करूँ ।
फिर अन्त समय में प्राण तजूँ – निराकार तुम्हारे हाथों में ।।
मुझ में तुझ में बस भेद यही, मैं नर हूँ तुम नारायण हो ।
मैं हूँ संसार के हाथों में, संसार तुम्हारे हाथों में ।।

आसय शरण करतम-दया

यद्यपि इस वर्ष उस काम पर केवल खर्च ही करना होगा परन्तु वह काम आप के भविष्य को बनाने वाला होगा, नौकरी पेशा होने पर नौकरी सम्बन्धित हर काम में रूकावट पड़ने की सम्भावना है इस वर्ष तरक्की की कोई आशा न रखें, शनि देवता पाँचवें भाव को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है जिस के प्रभाव से विद्यार्थी वर्ग को अधिक से अधिक परिश्रम करने पर ही लाभ की आशा रखनी चाहिये।

मेष राशि वालों को उपाय के रूप में निम्नलिखित 16 नामों वाले महामन्त्र का बार-बार उच्चारण करना चाहिये-निश्चय रखिये इस मन्त्र के बार बार उच्चारण करने से आप की समस्या हल होगी:-

मन्त्र "हरे राम - हरे राम - राम राम - हरे हरे
हरे कृष्ण - हरे कृष्ण - कृष्ण कृष्ण - हरे हरे"

मेष राशि का मासिक फल

अप्रैल : मास के आरम्भ पर बारवाँ सूर्य-चन्द्रमा तथा बुध-चौथा मंगल-आठवाँ बृहस्पति-ग्यारवाँ शनि तथा शुक्र-सातवाँ राहु तथा लग्न में केतु का होना इस मास के अशान्त वातावरण को जतलाता है, यदि आप व्यापार करते हैं तो इस मास को अपने लिये अशुभ ही मानिये, यदि आप नौकरी पेशा हैं तो यह मास यथावत् चलता रहेगा, विद्यार्थी होने पर विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता रहेगी।

मई : लग्न में सूर्य केतु-दूसरा बुध चन्द्रमा- चौथा भौम-सातवाँ राहु-आठवाँ बृहस्पति-ग्यारवाँ शनि तथा बारवाँ शुक्र होने से यह मास गत मास की अपेक्षा अच्छी स्थिति में ही गुजरेगा, कारोबारी वर्ग के कारोबार में वृद्धि होगी, यदि कारोबार सम्बन्धित कोई नई योजना विचाराधीन है तो इस मास में

उस काम का श्रीगणेश कीजिये सफलता अवश्य मिलेगी, नौकरी पेशा मेष राशि वालों के लिये यह मास हर काम में सफलता का है, शरीर अकस्मात बनता बिगडता रहेगा, गृहस्थी होने पर घरेलू लटकती हुई समस्याओं का हल अचानक निकल आयेगा, विद्यार्थियों को विद्या सम्बन्धित प्रायः हर काम में सफलता होगी।

जून : पहला शुक्र केतु–दूसरा सूर्य बुध– तीसरा चन्द्रमा– पाँचवाँ भौम–छटा राहु– आठवाँ बृहस्पति तथा बारवाँ शनि होने से यह मास आप ने सुख व शान्ति के वातावरण में ही गुज़ारना होगा, यदि आप व्यापार करते हैं तो हर काम में संघर्ष करना पड़ेगा तथा प्रायः हर काम में सफलता मिलेगी, नौकरी पेशा होने पर आप के सभी रुके हुये कार्य भी हरकत में आयेंगें, हर आरम्भ किये हुये काम में सफलता होगी, घरेलू वातावरण शान्त रहेगा, विद्यार्थी वर्ग के लिये विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता का मास है।

जुलाई : पहले भाव का केतु–दूसरा बुध–तीसरे भाव का सूर्य और शुक्र– चौथा चन्द्रमा–पांचवाँ भौम–सातवाँ राहु–आठवाँ बृहस्पति तथा बारवाँ शनि–इस ग्रहचाल से इस मास में कारोबारी वर्ग मालामाल होगा, नौकरी पेशा वालों के लिये भी नौकरी सम्बन्धित हर काम में सफलता का महीना है, गृहस्थी होने पर घरेलू वातावरण भी शान्त रहेगा, विद्यार्थियों के लिये ग्रह अनुकूल हैं जुट कर पढ़ाई में लगे रहिये आशा से अधिक सफलता मिलेगी।

अगस्त : पहले भाव का केतु-चौथे भाव का सूर्य बुध और शुक्र-छटा चन्द्रमा भौम-सातवाँ राहु-आठवाँ बृहस्पति तथा बारवाँ शनि-इस ग्रहस्थिति के प्रभाव से यह मास आप ने हर दृष्टि से अशान्त वातावरण में ही गुज़ारना होगा, आप नौकरी करते हैं या कारोबार दोनों सूरतों में आप के हर आरम्भ किये हुये काम में रूकावट पड़ने की सम्भावना है, विद्यार्थियों के लिये भी असफलता का ही महीना है।

सितम्बर : पहले भाव का केतु-पाँचवाँ सूर्य और शुक्र-छटे भाव का बुध-सातवाँ भौम राहु-आठवाँ बृहस्पति और चन्द्रमा-ग्यारवाँ शनि होने से यह मास कारोबारी वर्ग के लिये लाभदायक रहेगा विशेषतया मशीनरी सम्बन्धित अथवा लोहें का काम करने वालों के लिये यह मास अधिक लाभदायक रहेगा, व्यापारी वर्ग को अगर अपने काम को बढावा देने का कोई विचार है तो इस मास में उस काम का श्रीगणेश करें-आप का कारोबार दिनों दिन फलता रहेगा, नौकरी पेशा मेष राशि वालों के लिये भी यह मास सफलता तथा लाभ का है, इस मास के ग्रह विद्यार्थियों के अनुकूल हैं।

अक्टूबर : पहले भाव का केतु-छटे भाव का सूर्य और बुध-सातवाँ राहु शुक्र और भौम-आठवाँ बृहस्पति-नवाँ चन्द्रमा तथा दसवाँ शनि-इस ग्रह चाल के प्रभाव से आप ने यह महीना शान्त वातावरण में ही गुज़ारना होगा, कारोबारी वर्ग लाभ में रहेगा, नौकरी पेशा मेष राशि वालों के लिये यह महीना यद्यपि संघर्ष तथा दौडधूप का है परन्तु हर आरम्भ किये हुये काम में सफलता होगी, गृहस्थी होने पर घर में मास भर किसी न किसी सदस्य की शरीर सम्बन्धित परेशानी बनी रहेगी, इस मास के

ग्रह विद्यार्थियों के पक्ष में नहीं हैं, बहुत परिश्रम करने पर भी इच्छानुसार सफलता की आशा न रखें।

नवम्बर : सातवाँ सूर्य और बुध तथा आठवें भाव में बृहस्पति और भौम होने से आप को शरीर के विषय में सावधान रहना चाहिये, अगर दैवयोग से आप का शरीर स्वस्थ भी रहेगा तो भी स्त्री की ओर से अचानक शरीर कष्ट की सम्भावना है यदि दैवयोग से इस मुसीबत से बच भी गये तो भी घर में अचानक कोई दुर्घटना होगी-इस कष्ट से बचने का एक उपाय है आप इस मास के आरम्भ से ही उच्चारण किया करें :-

"चन्द्रशेखर! चन्द्रशेखर! चन्द्रशेखर! पाहि मां
चन्द्रशेखर! चन्द्रशेखर! चन्द्रशेखर रक्ष माम्!"

यदि शरीर ठीक रखने के लिये आवश्यक न हो तो माँस का प्रयोग न करें, हो सके तो उपरलिखित मन्त्र से भगवान् शङ्कर पर हर सोमवार को जल चढाया करें।

दिसम्बर : आठवें भाव का बुध तथा सूर्य-नवें भाव में शुक्र बारवाँ चन्द्रमा-ग्यारवाँ शनि-इस मिले जुले योग के फलानुसार आप का शरीर स्वस्थ रहेगा, कारोबार की दृष्टि से भी यह मास उत्तम है, अगर आप नौकरी करते हैं और यदि आप किसी प्रकार की तरक्की मिलने की आशा में बैठे हैं तो वह तरक्की इस मास में अवश्य मिलेगी, अगर इस में कुछ रूकावट पडेगी तो भी प्रयत्न करने पर आपकी तरक्की की आशा मज़बूत बनेगी।

जनवरी : दूसरा चन्द्रमा-छटे भाव का राहु-नवाँ सूर्य बुध और बृहस्पति-दसवाँ भौम और शुक्र-ग्यारवाँ शनि तथा बारवाँ केतु-इस ग्रहचाल को दृष्टि में रखकर विदित होता है कि नये वर्ष का पहला महीना आप को नये वर्ष के लिये शुभ सन्देश लेकर आया है - यह मास आप के लिये एक महत्वपूर्ण सफलता का वर्ष होगा, आप नौकरी करते हैं या कारोबार आप विद्यार्थी हैं आपकी ट्रेनिंग अथवा पढाई आदि सम्पूर्ण होने वाली है हर सूरत में नया वर्ष आप के लिये सफलता का है।

फरवरी : नवाँ बहस्पति-दसवाँ सूर्य बुध तथा भौम-ग्यारवाँ शनि तथा शुक्र, इस ग्रहस्थिति पर वेध अष्टक वर्ग आदि गोचर सिद्धान्तों के आधार से विचार करके यही मालूम होता है यह मास संघर्ष का होते हुये भी सामूहिक रूप से सफलता तथा लाभ का मास ही है, आप के घर में कोई धार्मिक महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा, यह महीना अधिक से अधिक खर्च करने का महीना है जो खर्च प्राय: शुभ कार्यों पर ही होगा, विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना है।

मार्च : बारवाँ शनि तथा केतु होने से इस मास में शरीर सम्बन्धित कोई न कोई चिन्ता आप को घेरे रखेगी, पहले भाव का शुक्र ग्यारवाँ भौम-दसवाँ बुध तथा नवाँ बृहस्पति होने से इस मास की आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी, आप नौकरी करते हैं या कारोबार आप ने यह मास सुख व शान्ति के वातावरण में ही गुज़ारना होगा, विद्यार्थी वर्ग के लिये भी यह महीना सुख शान्ति का ही होगा।

❖❖

वृष राशि का वर्षफल

वर्षचक्र में ग्यारवाँ सूर्य चन्द्रमा तथा बुध-तीसरा भौम तथा दसवें शनि का होना इस वर्ष के शुभफल का सूचक है, वेध अष्टकवर्ग आदि गोचर सिद्धान्तों के आधार से भी ग्रहस्थिति अच्छी है आप शरीर से स्वस्थ रहेंगे, अगर आप दैवयोग से शरीर से अस्वस्थ हैं तो आप किसी नये डॉक्टर से इलाज करवायें अवश्य आप का शरीर स्वस्थ रहेगा। अगर घर में भी कोई शरीर सम्बन्धित परेशानी होगी वह भी समाप्त हो जायेगी, यदि आप कारोबार करते हैं तो आप का कारोबार इस वर्ष तरक्की की राह पर अग्रसर रहेगा, नौकरी पेशा होने पर नौकरी सम्बन्धित हर काम में सफलता मिलेगी, यद्यपि वर्ष के पहले छः महीने संघर्ष के ही होगें परन्तु ऐसा होने पर भी हर काम में सफलता होगी, विद्यार्थियों के लिये भी सफलता का ही महीना है।



वृष राशि का मासिक फल

अप्रेल : तीसरा भौम-छटा राहु-सातवाँ बृहस्पति-दसवाँ शनि और शुक्र-ग्यारवाँ सूर्य चन्द्रमा और बुध तथा बारवाँ केतु होने से यह मास सुख व शान्ति के वातावरण में ही गुजारना होगा। घर में कोई शुभ महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा, आप की नौकरी अगर अच्छी पोजीशन की है तो आपकी पोजीशन में अचानक वृद्धि होगी-यदि छोटे दर्जे के मुलाज़िम हैं तो आप के हर काम में रूकावट पडने की सम्भावना है यहाँ तक कि नौकरी छूट जाने का भी खतरा है, विद्यार्थियों के लिये विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता का महीना है।

मई : पहले भाव का बुध और चन्द्रमा-तीसरा भौम-छटे भाव का राहु सातवाँ बृहस्पति-दसवाँ शनि-ग्यारवाँ शुक्र-बारवाँ सूर्य और केतु-इस ग्रहस्थिति पर वेध अष्टकवर्ग के आधार से विचार करने पर मालूम होता है कि यह मास आप ने सुख व शान्ति के वातावरण में गुज़ारना होगा, शरीर सुख उत्तम रहेगा, यदि आप कारोबार करते हैं आप को रात दिन काम में लगे रहने पर भी इच्छानुसार लाभ नहीं मिलेगा, नौकरी पेशा होने पर अच्छे-अच्छे पुरुषों से मिलने जुलने का अवसर मिलेगा, आदर

व मान में वृद्धि होगी, घर में शुभ कार्यों में धन खर्च करने की योजनायें बनती रहेंगी, यद्यपि इस मास में लाभ उत्तम रहेगा भी परन्तु खर्च की भी भरमार होगी, विद्यार्थियों को पठन पाठन में दिलचस्पी बनी रहेगी अगर आपने कोई परीक्षा दी होगी या देनी हो तो सफलता की ही आशा रखिये।

जून : पहले भाव का सूर्य बुध-दूसरा चन्द्रमा तथा चौथा भौम-सातवाँ बृहस्पति-ग्यारवाँ शनि-बारवाँ शुक्र और केतु तथा छटे भाव का राहु-इस ग्रहस्थिति पर विचार करने से मालूम होता है कि आप ने यह मास अशान्त वातावरण में ही गुज़ारना होगा, शारीरिक परेशानी बनी रहेगी, आप का स्वास्थ अगर ठीक रहेगा भी परन्तु तो भी घर के किसी न किसी सदस्य की शारीरिक परेशानी बनी ही रहेगी, तँगदस्ती से दो चार होना पड़ेगा, खर्च की अधिकता रहेगी, प्राय: खर्च व्यर्थ ही होगा, आप नौकरी करते हैं या कारोबार रात दिन काम में लगे रहने पर भी इच्छानुसार फल मिलेगा नहीं, विद्यार्थी होने पर यह महीना आपने अशान्त वातावरण में ही गुज़ारना होगा।

जुलाई : पहले भाव में बुध-दूसरा सूर्य-चौथा भौम-सातवाँ बृहस्पति ग्यारवाँ शनि-बारवाँ शुक्र और केतु तथा छट्टे भाव में राहु इस मास की ग्रहस्थिति सामूहिक रूप से अशुभ है जिस के प्रभाव से आप ने यह मास संघर्ष दौडधूप तथा अशान्त माहौल में ही गुज़ारना होगा, कोई भी काम बिना रुकावट के सिद्ध नहीं होगा, आप कारेबार करते हैं या व्यापार हर एक काम आप के लिये अशान्ति का कारण बनेगा। विद्यार्थियों के लिये भी विद्या सम्बन्धित हर काम में रुकावट का ही महीना है।

अगस्त : तीसरा बुध सूर्य और शुक्र-पाँचवाँ चन्द्रमा भौम-छटे भाव का राहु-सातवाँ बृहस्पति-वेध

अष्टकवर्ग आदि ज्योतिष सिद्धान्तों के आधार से ग्रहस्थिति को परख कर मालूम होता है कि सामूहिक रूप से यह मास आपके लिये लाभदायक ही रहेगा, अगर आप कारोबार करते हैं तो कारोबार सम्बन्धित हर काम में सफलता मिलेगी, अगर आप नौकरी करते हैं तथा तरक्की का सिलसिला चल रहा है तो इस महीने में तरक्की मिलने की सम्भावना है अगर नहीं भी मिले तो भी तरक्की मिलने की आशा दृढ हो जायेगी, विद्यार्थियों को पठन पाठन में रुचि रहेगी, विद्या सम्बन्धित हर काम में आशा से अधिक सफलता होगी।

सितम्बर : चौथे भाव का सूर्य और शुक्र-पाँचवाँ बुध-छटे भाव का भौम और राहु-सातवाँ चन्द्रमा तथा बृहस्पति, दसवाँ शनि और बारवाँ केतु- वेध अष्टकवर्ग आदि गोचर सिद्धान्तों के आधार से ग्रहों की स्थिति सुधरी हुई है जिस के प्रभाव से यह महीना आप ने हर पहलू से शान्त वातावरण में ही गुज़ारना होगा। आप अगर कारोबार करते हैं तो आप का काम बिना किसी उलझन के सफल होगा, विद्यार्थियों को विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता होगी।

अक्टूबर : पाँचवाँ सूर्य बुध-छटे भाव का भौम शुक्र और राहु-सातवाँ बृहस्पति-आठवाँ चन्द्रमा और दसवाँ शनि तथा बारवाँ केतु होने से यह महीना अशान्ति का ही होगा, गृहस्थी होने पर घर की नई-नई परेशानियाँ दिनों दिन पैदा होंगी, अगर आप नौकरी करते हैं तो दफतर में किसी सम्बन्धित अफसर से अनबन होगी, यदि आप कारोबार करते हैं तो यह मास यद्यपि देखने में लाभदायक रहेगा परन्तु हानि की भी सम्भावना है, विद्यार्थियों के लिये भी ग्रह अनुकूल नहीं हैं, विद्या सम्बन्धित हर

काम में असफलता के लिये तैयार रहें।

नवम्बर : छटे भाव में सूर्य बुध और राहु-सातवाँ भौम बृहस्पति और शुक्र-दसवाँ चन्द्रमा तथा शनि-बारवाँ केतु- वेध अष्टकवर्ग आदि के आधार से विचार करने पर मालूम होता है कि चार ग्रह अनुकूल हैं और पाँच ग्रह प्रतिकूल हैं इस मिले जुले योग के आधार से यह महीना रंग बदलता रहेगा, कभी आप को मानसिक अशान्ति और कभी शान्ति, कारोबार की स्थिति भी ऐसी ही रहेगी कि कभी आप का काम सन्तोषजनक रूप में चलेगा और कभी ढीला पड़ेगा, अगर आप नौकरी करते हैं तो यह मास आपने अशान्त वातावरण में ही गुज़ारना होगा, विद्यार्थियों को पठन पाठन की ओर कम दिलचस्पी रहेगी।

दिसम्बर : छटे भाव का राहु-सातवाँ सूर्य बुध और बृहस्पति-आठवाँ भौम तथा शुक्र-दसवाँ शनि-ग्यारवाँ चन्द्रमा और बारवाँ केतु- इस मास की ग्रहस्थिति भी आपके पक्ष में नहीं है, शारीरिक कष्ट अथवा चोट लगने की सम्भावना है-उपाय के रूप में इस मास की हर मंगलवार को तहर बनाकर पक्षियों को डालें पर तहर में नमक न डालें अपितु मीठा डालें, अगर आप कारोबार करते हैं तो इस मास में आप का कारोबार ढाँवाँढोल स्थिति में चलेगा, नौकरी पेशा होने पर अचानक कोई आरोप लगने की सम्भावना है, सावधान रहिये। विद्यार्थियों के लिये ग्रह अनुकूल है आप का विद्या सम्बन्धित हर एक काम सफल रहेगा।

जनवरी : पहले भाव का चन्द्रमा-पाँचवाँ राहु-आठवाँ सूर्य बुध और बृहस्पति-नवें भाव का भौम

और शुक्र-दसवाँ शनि तथा ग्यारवाँ केतु– वेध अष्टकवर्ग के आधार से ग्रहों को परख कर यही मालूम होता है यह महीना सुख व शान्ति के वातावरण में ही गुज़रेगा, आप कारोबार करते हैं या नौकरी पेशा हैं दोनों सूरतों में आप इस मास में लाभ में ही रहेंगें। विद्यार्थियों के लिये भी यह मास विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता का है।

फरवरी : दसूरा चन्द्रमा-पाँचवाँ राहु-आठवाँ बृहस्पति-नवें भाव का सूर्य भौम और बुध-दसवाँ शुक्र और शनि तथा ग्यारवाँ केतु– इस मास में अशुभ ग्रहों का पलड़ा भारी है जिस के प्रभाव से जो कोई काम हाथ में होगा संघर्ष के बाद ही उस में सिद्धि होगी, अगर आप कारोबार करते हैं तो रात दिन काम में लगे रहने पर भी परिश्रम के अनुसार लाभ की आशा न रखें, नौकरी पेशा होने पर काम की अधिकता से आप को काम में जुटा रहना पड़ेगा, विद्यार्थियों को पठन पाठन में दिलचस्पी बनी रहेगी, विद्या सम्बन्धित प्रायः हर काम में सफलता मिलेगी।

मार्च : तीसरा चन्द्रमा-दसवाँ राहु-आठवाँ बृहस्पति-नवाँ बुध दसवाँ सूर्य और भौम-ग्यारवाँ शनि तथा केतु-बारवाँ शुक्र– इस ग्रहस्थिति पर विचार करने से मालूम पड़ता है कि यह मास हर पहलू से लाभदायक रहेगा, यदि आप कारोबार करते हैं तो लाभ के साथ साथ आप के कारोबार को इस मास में बढ़ावा भी मिलेगा यह भी सम्भव है कि आप कोई कारोबार सम्बन्धित नई योजना भी बनायेंगे, जो योजना आप के लिये लाभदायक रहेगी, नौकरी पेशा होने पर दरबार सम्बन्धित हर काम में सफलता होगी, विद्यार्थियों को विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता निश्चित है।

मिथुन राशि का वर्षफल

वर्ष के आरम्भ पर गोचर चक्र में बृहस्पति तथा भौम की स्थिति अच्छी न होने पर भी शेष ग्रहों की स्थिति अच्छी है। इस मिले जुले योग के प्रभाव से यद्यपि यह वर्ष संघर्ष का ही होगा परन्तु प्रयत्न करने पर हर काम का परिणाम आपके पक्ष में होगा, यदि आप व्यापार करते हैं तो इस वर्ष आप के काम को अवश्य करके विशालता मिलेगी, कारोबार की कोई नई योजना बनेगी जिस में आप सफल रहेंगें, नौकरी पेशा होने पर अगर आप का कोई तरक्की का सिलसिला चल रहा है तो उस में अवश्य सफलता मिलेगी। गृहस्थी होने पर इस वर्ष घर में कोई महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा जो प्रोग्राम शान व मान से सम्पूर्ण होगा। विद्यार्थियों के लिये यह वर्ष परेशानी का ही होगा, जबकि पाँचवें भाव में राहु के होने से विद्यार्थियों को विद्या सम्बन्धित कामों में इच्छानुसार सफलता नहीं होगी।



उपाय : अगर आप इस वर्ष के क्रूर ग्रहों को शान्त बनाना चाहते हैं तो नियम से भगवान् शङ्कर

पर जल चढाया करें, आप के आठवें भाव को भौम देख रहा है जिस क्रूर योग के प्रभाव से आप के शरीर में अचानक चोट लगने की सम्भावना है। इस कष्ट से बचने का एक मात्र उपाय है, अगर आप किसी नशीली वस्तु का सेवन करते हो यहाँ तक कि अगर आप सिगरेट का प्रयोग ही करते हो आज से ही छोड़ दीजिये न छोड़ने पर बाद मे पछताना पड़ेगा।

मिथुन राशि का मासिक फल

अप्रेल : दसवाँ भौम-पाँचवाँ राहु-छटा बृहस्पति-नवें भाव का शुक्र-दसवाँ सूर्य चन्द्रमा और बुध-ग्यारवाँ केतु- इस मास की ग्रहस्थिति के प्रभाव से यह मास आप ने शान्त माहौल में ही गुज़ारना होगा, नौकरी पेशा मिथुन राशि वालों के लिये लाभ के साथ साथ यह मास मान प्रतिष्ठा में भी वृद्धि करने वाला होगा, यद्यपि व्यापारी वर्ग को अधिक कार्य करना भी होगा लेकिन कारोबार सम्बन्धित जो कोई काम हाथ में लेगें उस में भी सफलता होगी, कारोबार में लाभ के साथ साथ आप के कारोबार में वृद्धि भी होगी अथवा कोई नया काम आरम्भ करने का प्रोग्राम बनेगा, विद्यार्थी वर्ग के लिये ग्रह अनुकूल हैं अतः इस मास से विशेष लाभ उठायें।

मई : दूसरा भौम-पाँचवाँ राहु-छटा बृहस्पति-नवाँ शनि-दसवाँ शुक्र-ग्यारवाँ सूर्य और केतु-बारवाँ चन्द्रमा और बुध- इस मास के आरम्भ पर क्रूर ग्रहों का पलड़ा शुभ ग्रहों की अपेक्षा भारी है अतः

यह बात निश्चित है कि प्रत्येक काम का परिणाम शुभ तथा अशुभ ग्रहों के अनुसार ही होगा, अगर आप कारोबार करते हैं परिश्रम करने पर आप को सन्तोषजनक लाभ मिलेगा नहीं, नौकरी पेशा होने पर कोई भी काम बिना उलझन के सिद्ध नहीं होगा, विद्यार्थियों को पठन पाठन में दिलचस्पी कम रहने पर भी प्रायः विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता ही होगी।

जून : पहले भाव का चन्द्रमा-तीसरा भौम-पाँचवाँ राहु छटे भाव का बृहस्पति-दसवाँ शनि-ग्यारवाँ शुक्र और केतु बारवाँ सूर्य और बुध होने से आप ने यह महीना हर पहलू से सुख व शान्ति के वातावरण में ही गुज़ारना होगा, अगर आप गृहस्थी हैं घर की बहुत समय से लटकती हुई समस्या इस मास में अवश्य हल होगी, यदि इस मास में हल नहीं होगी परन्तु सफलता की आशा सुदृढ हो जायेगी, आप कारोबार करते हैं या व्यापार दोनों सूरतों में यह मास आपके लिये लाभ का है, विद्यार्थी होने पर आप को इस महीने में यदि कोई परीक्षा या इन्टरव्यु देना हो अथवा पढ़ाई सम्बन्धित कोई प्रोग्राम बनाना हो अथवा फार्म आदि भरना हो तो इस महीने में अवश्य भरें उस काम का परिणाम आपके पक्ष में होगा।

जुलाई : पहले भाव का सूर्य शुक्र-दूसरा चन्द्रमा-तीसरा भैम-पाँचवाँ राहु-छटा बृहस्पति-दसवाँ शनि-ग्यारवाँ केतु-बारवाँ बुध- सूर्य और बृहस्पति गोचर से अशुभ होने पर भी वेध में होने से यह दोनों ग्रह इस मास में विशेषतया आप के लिये शुभ फलदायक होंगें, आप अगर गृहस्थी हैं, लड़के अथवा लडकी के विवाह से सम्बन्धित कोई समस्या है अथवा पढाई से सम्बन्धित कोई चिन्ता है

तो ऐसी समस्या का समाधान इस मास में अवश्य निकल आयेगा, यदि इस में हल नहीं भी होगी परन्तु तो भी हल होने की आशा मज़बूत हो जायेगी। यदि आप कारोबार करते हैं तो आप का कारोबार यथावत् चलता रहेगा और आशा से अधिक लाभ मिलेगा, नौकरी पेशा होने पर यह मास आपने शान्त वातावरण में ही गुज़ारना होगा, विद्यार्थियों के लिये भी सफलता का महीना है।

अगस्त : दूसरा सूर्य बुध और शुक्र-चौथे भाव का चन्द्रमा और भौम-पाँचवाँ राहु-छटा बृहस्पति-दसवें भाव का शनि तथा ग्यारवाँ केतु- चौथे भाव का चन्द्रमा आपके मातृपक्ष पर प्रभावित रहेगा, अगर सौभाग्य से आप की माता अभी जीवित हैं तो उनका ध्यान रखें अचानक उनका शरीर बिगडने की आशंका है शेष कारोबार की दृष्टि से यह मास उत्तम रहेगा, नौकरी पेशा होने पर प्राय: मानसिक अशान्ति बनी रहेगी जबकि दफतर का माहौल आप के पक्ष में नहीं होगा, विद्यार्थियों के लिये भी यह महीना अशान्ति का ही महीना है।

सितम्बर : तीसरा सूर्य और शुक्र-चौथे भाव का बुध-पाँचवाँ राहु और भौम-छटा चन्द्रमा और बृहस्पति-नवें भाव का शनि और ग्यारवाँ केतु- इस मास के आरम्भ पर शुभ ग्रहों का पलडा भारी है जिस के फलस्वरूप आप ने यह महीना सुख व शान्ति के वातावरण में गुज़ारना होगा, अगर आप व्यापारी हैं तो आप के कारोबार की दशा में वृद्धि रहेगी, नौकरी पेशा होने पर नौकरी में अचानक तरक्की अथवा लाभ का योग है, गृहस्थी होने पर घर में काई शुभ महोत्सव रचाने का योग है, शरीर

अकस्मात बिगडने की आशंका है, उपाय के रूप में आप इस महीने वैष्णव रहें, विद्यार्थियों के लिये भी सफलता का महीना है।

अक्टूबर : चौथा सूर्य बुध-पाँचवाँ भौम शुक्र और राहु छटे भाव का बृहस्पति-सातवाँ चन्द्रमा-नवाँ शनि और ग्यारवाँ केतु- गोचर में बृहस्पति और शनि को महत्वपूर्ण स्थान है परन्तु इस मास में ये दोनों ग्रह अशुभ स्थिति में होने से यह मास दौडधूप तथा परेशानी के माहौल में ही गुजरेगा, शरीर भी ढाँवाँढोल स्थिति में रहेगा, आप कारोबार करते हैं या नौकरी दोनों सूरतों में इस मास में दौडधूप अधिक करनी होगी परन्तु सन्तोषजनक लाभ नहीं मिलेगा, विद्यार्थियों के लिये भी यह मास अशान्ति का ही है, विद्या सम्बन्धित किसी भी काम में मनोवांछित सफलता नहीं मिलेगी।

नवम्बर : पाँचवाँ सूर्य बुध और राहु-छटे भाव का भौम बृहस्पति तथा शुक्र-नवाँ चन्द्रमा और शनि तथा ग्यारवाँ केतु होने से जो कोई भी काम आप हाथ में लेंगें वह सम्पूर्ण नहीं होगा, यदि आप कारोबार करते हैं तो बहुत परिश्रम करने पर भी लाभ नहीं होगा अपितु हानि होने की ही सम्भावना है, यदि आप नौकरी करते हैं तो आप ने रात दिन काम में जुटे रहना होगा परन्तु किसी भी काम का परिणाम सन्तोषजनक नहीं होगा, खर्च की लम्बी-लम्बी योजनायें बनेंगी, आर्थिक स्थिति में कोई वृद्धि नहीं होगी अपितु आमदनी में कमी ही होगी, विद्यार्थियों को परिश्रम करने पर भी इच्छानुसार सफलता मिलेगी नहीं।

दिसम्बर : पाँचवाँ राहु–छटे भाव का सूर्य बुध और बृहस्पति–सातवाँ भौम और शुक्र–नवाँ शनि–दसवाँ चन्द्रमा और ग्यारवाँ केतु– मास के आरम्भ पर शुभ ग्रहों का पलड़ा भारी है जिस के प्रभाव से आप जिस किसी कारोबारी लाईन से सम्बन्धित हैं काम में दिलचस्पी लीजिए आप को हर काम में सफलता मिलेगी, यदि आप नौकरी करते हैं जो कोई भी काम आप हाथ में लेंगें उस में लाभ तथा सफलता होगी, भाई बन्धुओं रिश्तेदारों से मिलने जुलने का अवसर मिलेगा, यद्यपि आर्थिक दशा के लिये यह मास उत्तम है परन्तु खर्च की भी लम्बी-2 योजनायें बनती रहेंगी, विद्यार्थियों को यद्यपि पठन पाठन में दिलचस्पी कम रहेगी भी परन्तु विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता होगी।

जनवरी : चौथे भाव का राहु–सातवाँ सूर्य बुध और बृहस्पति–आठवाँ भौम तथा शुक्र–नवाँ शनि–दसवाँ केतु–बारवाँ चन्द्रमा– इस ग्रहस्थिति के अनुसार आप ने यह मास अशान्त वातावरण में ही गुज़ारना होगा, इस मास में कोई नया काम आरम्भ करने का प्रोग्राम न बनायें बल्कि हाथ में आये हुये काम को ही संभाल कर रखने का प्रयत्न करें यह भी सम्भव है कि आप को कारोबार में अचानक हानि होगी, नौकरी पेशा होने पर दफतर में अचानक आपके विरुद्ध कोई आरोप लगाया जायेगा जो आप के लिये परेशानी का कारण बनेगा, उपाय के रूप में आप इस मास की हर सोमवार को भगवान् शङ्कर पर जल चढाया करें, जल चढाते समय बार बार उच्चारण किया करें– **"चन्द्रशेखर चन्द्रशेखर चन्द्रशेखर पाहि मां, चन्द्रशेखर चन्द्रशेखर चन्द्रशेखर रक्ष माम्।"** विद्यार्थियों के लिये विद्या

सम्बन्धित हर काम में सफलता का महीना है।

फरवरी : पहले भाव का चन्द्रमा-चौथा राहु-सातवाँ बृहस्पति आठवाँ सूर्य भौम और बुध-नवाँ शुक्र और शनि तथा दसवाँ केतु- वेध अष्टकवर्ग के सिद्धान्तों से ग्रहों को परख कर मालूम पड़ता है कि पिछले महीनों की अपेक्षा यह महीना हर पहलू से उत्तम रहेगा, आप कारोबार करते हैं या नौकरी दोनों सूरतों में आप ने लाभ में ही रहना पड़ेगा, विद्यार्थी वर्ग को पठन पाठन में अधिक दिलचस्पी रहेगी, आप ने परीक्षा दी हो या देनी हो आशा से अधिक सफलता मिलेगी। यदि आप किसी ट्रेनिंग आदि के लिये दौडधूप कर रहे हैं तो ऐसे काम के लिये यह मास सफलता का है।

मार्च : दूसरा चन्द्रमा-चौथा राहु-सातवाँ बृहस्पति-आठवाँ बुध, नवाँ सूर्य और भौम-दसवाँ शनि तथा केतु ग्यारवाँ शुक्र इस ग्रहस्थिति के प्रभाव से यद्यपि यह महीना संघर्ष तथा दौडधूप में ही गुजरेगा परन्तु अन्त में हर काम में सफलता ही होगी, आप अगर कोई कारोबार करते हैं तो आप काम में दिलचस्पी लीजिये आप के काम को वृद्धि मिलेगी अथवा कोई नया काम आरम्भ करने का प्रोग्राम बनेगा, नौकरी पेशा होने पर अचानक तरक्की अथवा कोई लाभ मिलने का योग है, विद्यार्थी होने पर यदि आप परीक्षा में सफल होने के लिए दौडधूप कर रहे हैं तो इस मास में ऐसे काम मे सफलता मिलेगी, दैवयोग से अगर कुछ रुकावट पड़े तो शीघ्र ही सफलता मिलने की आशा रखें।

कर्क राशि का वर्षफल

वर्ष के आरम्भ पर ग्रहों की ढाँवाँढोल स्थिति को देखते हुये गोचरफलित शास्त्र के अनुसार यही मालूम होता है कि इस वर्ष आपकी शारीरिक तथा आर्थिक स्थिति बनती बिगड़ती रहेगी, अगर आप पहले से ही शरीर से अस्वस्थ हैं तो आप को शरीर के विषय में सावधान रहना चाहिये यदि दैवयोग से आप शरीर से स्वस्थ रहेंगे भी तो भी घर के किसी न किसी सदस्य की शरीर सम्बन्धित परेशानी बनी रहेगी–उपाय के रूप में बार बार उच्चारण किया करें– **"महादेव! महादेव महादेवेति कीर्तनात् वत्सं गौरिव गौरीश धावन्तमभिधावति"** नौकरी पेशा होने पर आप को अकस्मात्



दफतर की परेशानी आ घेरेंगी जो लगभग पहले छः महीनों में जोर पकडेगी–उपाय के रूप में हर सोमवार को दफतर जाने से पहले कुत्तों को रोटियाँ डाला करें, कारोबारी पेशा होने पर वर्ष के पहले छः मास दौडधूप के रहेंगें परन्तु लाभ कुछ रहेगा नहीं बल्कि हानि की ही सम्भावना है दूसरे छः

महीने यद्यपि लाभदायक न भी रहेंगें परन्तु हानि की भी कोई सम्भावना नहीं है, सम्भव है इस वर्ष घर में कोई महोत्सव रचाने अथवा कोई जाईदाद खरीदने का प्रोग्राम बनेगा अगर पहले छः महीनों में प्रोग्राम बनेगा तो वह प्रोग्राम सम्पूर्ण होगा ही नहीं तथा दूसरे छः महीनों में आरम्भ किया हुआ कारोबार सम्बन्धित काम प्रयत्न करने पर आप के लिये लाभदायक ही रहेगा, यदि आप विद्यार्थी हैं तो विद्या सम्बन्धित हर काम के लिये सफलता का महीना है।

कर्क राशि का मासिक फल

अप्रेल : पहले भाव का भौम-चौथा राहु-पाँचवाँ बृहस्पति, आठवाँ शनि और शुक्र-नवाँ सूर्य चन्द्रमा तथा बुध-दसवाँ केतु- इस ग्रहस्थिति के आधार से यह महीना संघर्ष तथा दौडधूप में ही गुज़रेगा, शरीर की दशा भी इस महीने में ढाँवाँढोल रहेगी, गृहस्थी होने पर घर में परेशानी की नई नई समस्यायें खडी होंगी, यदि आप व्यापारी हैं तो आप का काम यथावत् चलता रहेगा, यद्यपि यह महीना कोई लाभ का महीना नहीं है परन्तु किसी प्रकार की हानि भी नहीं होगी।

मई : पहले भाव का भौम-चौथा राहु-पाँचवाँ बृहस्पति तथा आठवाँ शनि-नवाँ शुक्र-दसवाँ सूर्य और केतु-ग्यारवाँ चन्द्रमा तथा बुध- इस ग्रहस्थिति को दृष्टि में रख कर ज्योतिषफलित के आधार से विदित

होता है कि यह मास सुख व शान्ति के वातावरण में ही गुज़ारना होगा, आप का शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा अगर घर में भी कोई शरीर सम्बन्धित परेशानी है वह भी बहुत हद तक दूर हो जायेगी, घर में अतिथियों का आवागमन जोरों पर रहेगा अथवा घर में कोई महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा, व्यापारी होने पर आप का काम बिना किसी अडचन के यथाक्रम चलता रहेगा, विद्यार्थियों को आशा से अधिक सफलता मिलेगी तथा पठन पाठन में दिलचस्पी वनी रहेगी।

जून : दूसरे भाव में भौम–चौथा राहु–पाँचवाँ बृहस्पति, नवाँ शनि दसवाँ शुक्र और केतु–ग्यारवाँ सूर्य और बुध तथा बारवाँ चन्द्रमा शुभ अशुभ ग्रहों पर विचार करने से मालूम होता है कि यह महीना एक ही रंग में गुज़रेगा नहीं शरीर कभी बिल्कुल स्वस्थ रहेगा और कभी अस्वस्थ, ऐसे ही अगर आप कारोबार करते हैं तो कभी अधिक लाभ मिलेगा और कभी हाथ पर हाथ धरकर बैठना होगा, घर में कोई जाईदाद खरीदने की योजना बनेगी, नौकरी पेशा होने पर यह महीना आप के लिये विशेष लाभदायक रहेगा, विद्यार्थियों के लिये विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता का महीना है।

जुलाई : पहले भाव का चन्द्रमा–दूसरा भौम तथा चौथा राहु–पाँचवाँ बृहस्पति–नवें भाव का शनि–दसवाँ केतु ग्यारवाँ बुध तथा बारवाँ सूर्य और शुक्र होने से इस मास के आरम्भ पर चार शुभ ग्रह आपके अनुकूल हैं शेष पाँच ग्रह आप के प्रतिकूल हैं, वेध अष्टकवर्ग आदि को ध्यान में रखकर यही विदित होता है कि यह महीना आपने शान्त वातारण में ही गुज़ारना होगा – आर्थिक लाभ यदि होगा भी

नहीं परन्तु हानि की भी सम्भावना नहीं है, यदि आप नौकरी करते हैं तो आपको अचानक कुछ लाभ मिलेगा अथवा तर्की मिलेगी, विद्यार्थियों के लिये भी तर्की का महीना है।

अगस्त : पहले भाव का सूर्य बुध और शुक्र-तीसरा चन्द्रमा और भौम-चौथा राहु-पाँचवाँ बृहस्पति-नवाँ शनि और दसवाँ केतु : मास के आरम्भ पर शुक्र चन्द्रमा तथा भौम सुख तथा लाभ के सचूक हैं, यदि आप गृहस्थी हैं और अगर घर में किसी लड़की अथवा लड़के के विवाह की दौड़धूप चल रही है तो इस मास में ऐसी समस्या हल होगी, कारोबार की दृष्टि से भी यह मास उत्तम है, यदि आप नौकरी करते हैं तो यह महीना आपने शान व मान तथा लाभ के साथ गुज़ारना होगा, यदि आपको दफतर सम्बन्धित कोई चिन्ता है वह भी दूर हो जायेगी। विद्यार्थियों को इस महीने से लाभ उठाना चाहिये। पढ़ाई का क्षणमात्र भी व्यर्थ न गंवायें, अगर पढ़ाई सम्बन्धित कोई नया प्रोग्राम है तो इस मास में उसका श्रीगणेश अवश्य कीजिये ऐसा करना आपके लिये लाभदायक रहेगा।

सितम्बर : दूसरा सूर्य और शुक्र-तीसरा बुध-चौथा राहु और भौम पाँचवाँ चन्द्रमा और बृहस्पति आठवाँ शनि और दसवाँ केतु इस ग्रहस्थिति के आधार से यह महीना संघर्ष तथा दौड़धूप के वातारण में ही गुज़रेगा, आपकी शरीर की दशा भी बनती बिगड़ती रहेगी, नौकरी पेशा होने पर दफतर का माहौल आप के प्रतिकूल होने पर भी किसी प्रकार का भय नहीं होगा अथवा किसी प्रकार की हानि नहीं होगी, व्यापारी होने पर आप का काम यथावत चलता रहेगा।

अक्टूबर : तीसरा बुध और सूर्य-चौथा भौम शुक्र और राहु पाँचवाँ बृहस्पति-छटे भाव का चन्द्रमा-आठवाँ शनि और दसवाँ केतु-इस मास की ग्रह स्थिति के आधार से आप का शरीर स्वस्थ रहेगा अगर घर में किसी सदस्य की शरीर सम्बन्धित कोई परेशानी है तो किसी योग्य डॉक्टर से इलाज करवाने पर वह परेशानी अवश्य दूर हो जायेगी। नौकरीपेशा कर्कट राशिवालों को यह मास अशान्त वातावरण में ही गुज़ारना होगा, कारोबारी वर्ग के लिये लाभ का महीना है, कारोबार को बढ़ावा देने की कोई योजना बनेगी जिस पर धन खर्च करना पड़ेगा, विद्यार्थियों मे पठनपाठन की रुचि कम होगी यदि कोई पारीक्षा देनी हो या दी हो अवश्य सफलता मिलेगी।

नवम्बर : चौथे भाव का सूर्य बुध और राहु-पाँचवाँ भौम बृहस्पति और शुक्र-आठवाँ चन्द्रमा और शनि तथा दसवें भाव का केतु : इस ग्रह स्थिति पर विचार करने से मालूम होता है कि यह महीना आपने संघर्ष तथा दौड़धूप में ही गुज़ारना होगा। शरीर की स्थिति ढाँवाढोल रहेगी कभी शरीर स्वस्थ रहेगा और कभी अस्वस्थ, घरेलू परेशानियाँ भी मास भर आपको घेरे रखेंगी, आप कारोबारी हों या नौकरी पेशा दोनों सूरतों में आप के लिये यह मास अशान्ति का ही है, उपाय के रूप में इस मास की हर सोमवार को भगवान् शंकर पर जल चढ़ाया करें और लगातार निम्नलिखित मन्त्र का बार बार उच्चारण कीजिये

महादेव! महादेव! महादेवेति कीर्तनात् - वत्सं गौरिव
गौरीश धावन्तं अभिधावति

दिसम्बर : चौथे भाव का राहु-पाँचवाँ सूर्य बृहस्पति बुध-छटे भाव का भौम शुक्र-आठवाँ शनि-नवाँ चन्द्रमा और दसवाँ केतु। वेध अष्टकवर्ग आदि सिद्धान्तों के आधार से पाँचवाँ सूर्य नवाँ चन्द्रमा अशुभ होते हुये भी शुभ हैं, ऐसे ही शुभ अशुभ ग्रहों के मिले जुले योग के आधार से यह मास शान्त वातावरण में ही गुज़रेगा, प्रायः हर आरम्भ किये हुये काम में सफलता होगी केवल शरीर अकस्मात् बिगड़ने की सम्भावना है आप को निम्नलिखित यह मन्त्र शरीर के लिये अथवा किसी दुर्घटना से बचाये रखने में सहायक रहेगा इस मन्त्र का बार-बार उच्चारण किया करें –

मन्त्र – "त्वं ओंकारोऽसि वेदानां देवानाञ्च सदा शिवः
आधारशक्ति शक्तिनां मृत्युञ्जय नमोस्तुते"

आप कारोबार करते हैं या नौकरी तो आपका काम यथावत् चलता रहेगा, विद्यार्थियों के लिये भी सफलता का महीना है।

जनवरी : तीसरे भाव का राहु-छटे भाव का सूर्य बुध तथा बृहस्पति, सातवाँ भौम और शुक्र, आठवाँ शनि, नवें भाव का केतु तथा ग्यारवाँ चन्द्रमा। इस मास के आरम्भ की ग्रह स्थिति वेध अष्टकवर्ग सिद्धान्तों के आधार से सुधरी हुई है, इस शुभ योग के आधार से यह मास आप के लिये नये वर्ष का शुभ संदेश लेकर आया है, आप कारोबार करते हैं या नौकरी पेशा हैं दोनों सूरतों में आप का हाथ में लिया हुआ हर एक काम सफल रहेगा, अगर आप गृहस्थी हैं तो घर में कोई शुभ काम रचाने

का प्रोग्राम बनेगा यह भी सम्भव है आप ने कोई जाईदाद खरीदना अथवा बनाना होगा घर में यदि कोई काम अथवा समस्या विचाराधीन है उस का भी समाधान निकल आयेगा। विद्यार्थियों के लिये भी विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता का ही मास है।

फरवरी : तीसरे भाव का राहु-छटा बृहस्पति-सातवाँ सूर्य भौम और बुध-आठवाँ शुक्र और शनि-नवें भाव का केतु तथा बारवाँ चंन्द्रमा। इस मास के हर अशुभ ग्रह को वेध और अष्टकवर्ग ने सम्भाला है जिसके प्रभाव से यह महीना आपने शान्त वातावरण में ही गुज़ारना होगा, आप का शरीर स्वस्थ रहेगा, घर में शरीर सम्बन्धित परेशानी अगर होगी उस का भी समाधान होगा, ग्रहस्थी होने पर अगर घर में लड़के अथवा लड़की की विवाह सम्बन्धित कोई परेशानी है वह भी हल होगी, आप जिस किसी भी पेशा से सम्बन्धित हैं तो आप का कारोबार तथा कामकाज़ सफलता से आगे बड़ेगा, विद्यार्थियों के लिये भी सफलता का महीना है।

मार्च : पहले भाव का चन्द्रमा तीसरा राहु-छटा बृहस्पति और सातवाँ बुध-आठवाँ सूर्य भौम-नवाँ शनि और केतु तथा दसवाँ शुक्र। बृहस्पति और शनि भी वेधाष्टकवर्ग के आधार से अच्छी स्थिति में हैं इस मिले जुले योग के आधार से इस मास में विशेषतया शरीर के विषय में सावधान रहिये शेष हर पहलू से यह महीना लाभदायक तथा सफलता का है, आप कारोबार करते हैं या नौकरी दोनों सूरतों में आप ने सफल रहना है, विद्यार्थियों के लिये भी सफलता का महीना है।

सिंह राशि का वर्षफल

गोचर चक्र में आठवां सूर्य चन्द्र, बारवां भौम सातवां शनि चोथ बृहस्पति यह सभी ग्रह अच्छी स्थिति में नहीं हैं इस क्रूर योग के प्रभाव से इस वर्ष आप के शरीर की दशा ढांवाढोल रहेगी अचानक चोट लगने का भी अन्देशा अथवा अचानक शरीर में किसी प्रकार की कांट छांट करवानी पड़ेगी, गृहस्थी होने पर आप गृहस्थ की ओर से भी अशांत रहेंगे उपाय के रूप में आप को इस वर्ष वैष्णव रहना चाहिये यदि आप को कोई नशा शराब इत्यादि की बुरी आदत है इस वर्ष कभी प्रयोग में न लाये यदि आप मेरी यह चेतावनी मिलने पर भी अमल न करोगे तो आप ने बाद में पछताना होगा; निम्नलिखित मन्त्र का बार बार उच्चारण करें :–



ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टि–वर्धनम्

उर्वा–रुकम्–इव बन्धनात्–मृत्यो–मुंक्षीय मामृतात्।।

आमदनी में कोई रुकावट नहीं होगी अपितु खर्च के लम्बे-2 प्रोग्राम बनते रहेंगे यदि आप व्यापारी हैं इस वर्ष पुराने कारोबार को ही सम्भाले रखने में अपनी सफलता मानिये, विद्यार्थियों के लिये भी यह वर्ष अधिक संघर्ष का होगा परन्तु सामूहिक रूप से विद्या सम्बन्धित हर काम में आप की सफलता यकीनी है।

सिंह राशि का मासिक फल

अप्रेलः- तीसरे भाव का राहु, चौथा बृहस्पति, सातवां शनि शुक्र आठवां सूर्य चन्द्रमा बुध, नवां केतु, बारवां भौम, इस ग्रह चाल को देखते हुये तथा ऐसे ही अष्टकवर्ग इत्यादि सिद्धान्तों के आधार से विदित होता है यह महीना आप ने सुख शान्ति के माहौल में ही गुजारना होगा केवल शरीर के विषय में सावधान रहना जरूरी है। चोट लगने का योग उपाय के रूप में जब भी मौका मिले उच्चारण किया करें। 'चन्द्र शेखर-चन्द्रशेखर-चन्द्रशेखर पाहिमां

चन्द्र शेखर-चन्द्रशेखर-चन्द्रशेखर रक्ष मां।।

विद्यार्थियों के लिये यह महीना सफलता का महीना है, आमदनी की दृष्टि से भी सफलता का महीना है।

मईः- तीसरा राहु, चौथ बृहस्पति, सातवां शनि, आठवां शुक्र, नवां सूर्य केतु, दसवां बुध चन्द्रमा, बारवां भौम इस मास में खसूसी तौर से भौम आपके लिये अनिष्ट ग्रह है इस ग्रह के प्रभाव से आपको घरेलू चिन्ता बनी रहेगी यदि आप नौकरी करते हैं यदि नौकरी सम्बन्धित कोई परेशानी होगी वह अवश्य दूर होगी। अपितु आपको नौकरी सम्बन्धित कोई शुभ सन्देश मिलने वाला है व्यापारी वर्ग के लिये यह महीना आशा से अधिक लाभ का रहेगा, विद्यार्थियों को विद्या सम्बन्धित हर काम में अवश्य सफलता होगी।

जूनः- पहले भाव का भौम, तीसरा राहु, चौथा बृहस्पति, आठवां शनि, नवां शुक्र केतु, दसवां सूर्य, बुध, ग्यारवां चन्द्रमा होने से इस माह को अपने लिये शुभ मानिये, यदि आप नौकरी पेशा हैं तो आपके नौकरी सम्बन्धित काम हरकत में आयेंगे, अचानक नौकरी सम्बन्धित कोई शुभ सन्देश मिलने का योग है व्यापारी वर्ग के लिये भी ग्रह अनुकूल हैं केवल जरुरत है आप काम में लगे रहिये आपको आशा से अधिक लाभ मिलेगा। गृहस्थी होने पर आपको इस मास में खर्च का प्रबल योग है परन्तु आमदनी में भी खर्च के अनुसार वृद्धि होगी, घर में यदि कोई शरीर सम्बन्धित परेशानी है वह भी दूर होगी विद्यार्थियों को इस मास के ग्रह अनुकूल हैं विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता का महीना है।

जुलाईः- इस महिने के आरम्भ पर पहले घर का मंगल, तीसरा राहु, चौथा बृहस्पति, आठवां शनि,

नवां केतु, दसवां बुध, ग्यारवां सूर्य और शुक्र, बारवां चन्द्रमा और शनि इस मिले जुले शुभाशुभ योग के अनुसार यह महीना आपने दौड़धूप तथा संघर्ष में ही गुज़ारना है लेकिन हर आरम्भ किये हुये काम में सफलता होगी नौकरी पेशा तथा व्यापारी वर्ग को भी इस महिने में अधिक दौड़धूप करनी होगी लेकिन मेहनत के अनुसार ही लाभ भी होगा घर में कोई महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा विद्यार्थी वर्ग को इस महिने से लाभ उठाना चाहिये इस मास में की हुई पढ़ाई या की हुई मेहनत रंग लायेगी अर्थात यह महीना आप के लिये हर पहलू से शुभ है।

अगस्त:- पहला सूर्य शुक्र, दूसरा बुध तीसरा भौम, राहु चौथा बृहस्पति, चन्द्रमा सातवां शनि और केतु अष्टकवर्ग तथा गोचर सिद्धान्तों के अनुसार यह महीना शान मान से गुज़ारना होगा यद्यपि खर्च का योग अधिक है भी परन्तु लाभ अथवा आमदनी भी अच्छी होगी, नौकरी पेशा सिंह राशि वालों के लिये यह महीना सुख शान्ति का ही है। व्यापारी वर्ग को आशा से अधिक लाभ होगा। विद्यार्थियों के लिये इस माह के ग्रह अनुकूल नहीं है। मेहनत करने पर भी विद्या सम्बन्धित किसी काम में सफलता नहीं होगी।

सितम्बर:- पहला सूर्य, शुक्र, दूसरा बुध, तीसरा भौम, राहु चौथ बृहस्पति और चन्द्रमा, सातवां शनि, नवां केतु वेधाष्टक वर्ग के सिद्धान्तों से इस ग्रह चाल पर विचार करने से मालूम होता है यह महीना हर पहलू से शुभ होगा, घर मे कोई महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा अथवा प्रोग्रामों में सम्मिलित

होने की मसरुफियत रहेगी, खर्च की लम्बी-लम्बी योजनाएं बनेगी, नौकरी पेशा तथा कारोबारी वर्ग के लिये भी यह महीना लाभ का होगा, विद्यार्थियों को विद्या सम्बन्धित कोई भी काम वह परीक्षा हो या इन्टरव्यू इत्यादि उसमें इच्छानुसार सफलता की आशा न रखें।

अक्टूबर:- दूसरा सूर्य बुध, तीसरा भौम शुक्र राहु चौथ बृहस्पति, पांचवा चन्द्रमा, सातवां शनि, नवां केतु इस ग्रहचाल पर विचार करने से मालूम होता है यह महीना आपको ढांवाढोल स्थिति में ही गुज़ारना होगा यदि आप गृहस्थी हैं गृहस्थ पक्ष से कोई न कोई चिन्ता लगी ही रहेगी, आपके नौकरी पेशा होने पर आपको इस मास में अचानक कुछ लाभ मिलेगा अथवा अचानक नौकरी सम्बन्धित कोई शुभ सन्देशा मिलेगा, यदि आप कारोबार करते हैं आपके कारोबार में दिनों दिन वृद्धि होगी, विद्यार्थियों के लिये भी विद्या सम्बन्धित हर काम में लाभ अथवा सफलता का होगा।

नवम्बर:- महीने के आरम्भ पर गोचर से आपको तीसरा सूर्य, बुध, राहु, चौथा भौम बृहस्पति शुक्र, सातवां चन्द्रमा और शनि, नवां केतु इस महीने की ग्रहचाल आपके हक में हैं आप नौकरी करते हैं या कारोबार इस महीने में जिस काम में आपका हाथ होगा सफलता अवश्य होगी, विद्यार्थियों के लिये भी कामयाबी का महीना।

दिसम्बर:- तीसरा राहु, चौथा सूर्य बुध बृहस्पति, पांचवां भौम शुक्र, सातवां शनि आठवां चन्द्रमा, नवां केतु यद्यपि इस माह के ग्रह आपके अनुकूल हैं भी परन्तु गृहस्थी होने पर घरेलू कोई परेशानी

महीनाबर रहेगी, व्यापारी होने पर यह महीना आपको आशा से अधिक लाभ देने वाला होगा नौकरी पेशा होने पर अचानक लाभ अथवा तरक्की का योग, विद्यार्थियों को भी विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता।

जनवरी:- दूसरा राहु, पांचवां सूर्य बुध बृहस्पति, छठेभाव का भौम शुक्र सातवां शनि, आठवां केतु, दसवां चन्द्रमा वेधाष्टकवर्ग इत्यादि सिद्धान्तों के आधार से मालूम पड़ता है यह नये साल का पहला महीना आपके लिये शुभ सन्देश लेकर आया है आप नौकरी करते हैं या व्यापार आप दिल से काम में जुट जायें हर काम में आपकी सफलता अवश्य होगी विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

फरवरी:- दूसरा राहु, पांचवां बृहस्पति, छठे भाव का सूर्य भौम बुध सातवां शनि, शुक्र, आठवां केतु, ग्यारवां चन्द्रमा इस माह में शुभ ग्रहों का पलड़ा भारी है। हर काम में जिसमें आपका हाथ होगा अवश्य सफलता होगी, गृहस्थी होने पर घर में कोई शुभ कार्य सम्पन्न होगा। भाई बन्धों रिश्तेदारों से मिलने जुलने की चर्चा रहेगी। विद्यार्थी वर्ग के लिये विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता का महीना।

मार्च:- दूसरा राहु, पांचवां बृहस्पति, छठः बुध, सातवां सूर्य भौम आठवां केतु शनि, नवां शुक्र, बारवां चन्द्रमा होने से यह महीना संघर्ष का होगा। रात दिन काम में जुटा रहना पड़ेगा। अन्त में प्रत्येक कार्य में आपकी सफलता होगी, विद्यार्थियों को मेहनत करने पर भी मनोवांछित सफलता नहीं होगी।

कन्या राशि का वर्ष फल

वर्ष के आरम्भ पर तीसरा बृहस्पति, सातवां सूर्य और बुध, तथा छठे शुक्र का होना गोचर से यह सभी ग्रह अनिष्ठ होने पर भी सूर्य और बुध बेध में होने से अशुभ फलदायक नहीं हैं, शेष शनि इत्यादि ग्रहों की स्थिति अच्छी है। इस मिले जुले शुभाशुभ योग के आधार से यह वर्ष संघर्ष तथा दौड धूप का वर्ष होने पर भी प्रायः हर काम में सफलता तथा लाभदायक ही होगा, घर में इस वर्ष कोई महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा, सातवें घर में सूर्य चन्द्रमा तथा बुध की युति होने से गृहस्थी होने पर भी स्त्री पक्ष से मानसिक अशान्ति रहेगी, पांचवें भाव पर भौम की पूर्ण



दृष्टि होने से सन्तान पक्ष से भी मानसिक अशान्ति रहेगी, इस परेशानी से बचने का उपाय है आप रोज़ाना भगवत् गीता के एक एक अध्याय का पाठ किया करें यदि आप संस्कृत का ज्ञान नहीं रखते हैं तो आप विजयेश्वर ज्योतिष कार्यालय से गीता के केसिट जिसका अनुवाद तथा व्याख्या कशमीरी जबान में हैं रोज प्रातः सुना करें, जबकि भगवान् कृष्ण ने भगवत्गीता के अठारवें अध्याय के श्लोक

में कहा है जो केवल भगवत्गीता के श्लोकों को सुनता है वह सभी पापों तथा कष्टों से मुक्त हो जाता है।

कन्या राशि का मासिक फलादेश

अप्रेलः- दूसरे भाव का राहु, तीसरा बृहस्पति, छठे भाव का शुक्र और शनि सातवां सूर्य चन्द्रमा और बुध, आठंवा केतु, ग्यारहवां भौम, इस ग्रहचाल के आधार से यह महीना सुख शान्ति के वातावरण में ही गुज़रेगा, रुके हुये काम हरकत में आयेगें, आमदनी की दृष्टि से यह महीना उत्तम है, विद्यार्थियों के लिये विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता का महीना।

मईः- दूसरा राहु, तीसरा बृहस्पति, छठे भाव का शनि, सातवां शुक्र, आठवां सूर्य और केतु नवां चन्द्रमा और बुध, ग्यारवां भौम बेधाष्टक वर्ग इत्यादि सिद्धान्तों के आधार की कसौटी पर ग्रहों को परखने से मालूम होता है कि यह महीना अधिक संघर्ष तथा दौड धूप में ही गुजरेगा, खर्च के बड़े-बड़े प्रोग्राम बनते रहेगें, गृहस्थ सम्वन्धित परेशानियों की अधिकता रहेगी। आप नौकरी पेशा हैं या व्यापारी लाभ की आशा इस महीने में न रखें, विद्यार्थियों के लिये भी अशान्ति अथवा असफलता का ही महीना है।

जून:- दूसरा राहु, तीसरा बृहस्पति, सातवां शनि, आठवां शुक्र तथा केतु, नवां सूर्य बुध, दसवां चन्द्रमा, बारवां भौम, इस महीने के ग्रहों की स्थिति अच्छी नहीं हे। अचानक शरीर बिगड़ने का योग, लाभ की दृष्टि से भी यह महीना कमजोर ही रहेगा, खर्च का योग बलवान है, विद्यार्थियों के लिये भी ग्रहों का प्रभाव अनिष्ट ही रहेगा।

जुलाई:- दूसरा राहु, तीसरा बृहस्पति, सांतवा शनि, आठवां केतु, नवां बुध दसवां, सूर्य, शुक्र, ग्यारवां चन्द्रमा, बारवां भौम, बेधाष्टवर्ग इत्यादि के आधार से इस मास के प्राय: सभी ग्रह सुधरे हुये हैं, आप नौकरी पेशा हैं या कारोबारी दोनों सूरतों में यहमहीना आपके लिये कामयाबी का ही महीना होगा, विद्यार्थियों के लिये भी हर प्रकार से लाभदायक महीना है।

अगस्त:- पहला भौम चन्द्रमा, दूसरा राहु, तीसरा बृहस्पति, सातवां शनि आठवां केतु, ग्यारवां, सूर्य बुध शुक्र होने से यह महीना हर पहलू से उत्तम रहेगा, हर आरम्भ किये हुये कार्य में कामयाबी होगी, आमदनी में बृद्धि होगी, विद्यार्थियों को आशा से अधिक सफलता का योग ।

सितम्बर:- पहले भाव का बुध, दूसरा राहु भौम, तीसरा चन्द्रमा बृहस्पति छठे भाव का शनि, बारवां सूर्य शुक्र इस मास में केवल चन्द्रमा तथा शुक्र आपके हक में हैं शेष सभी ग्रह अनिष्ट ही हैं। इस कारण इस माह में अचानक कोई दुर्घटना होने का खतरा अथवा अचानक नुकसान होगा, उपाय के

रुप में बहुरुपगर्भ का पाठ अवश्य करें। विद्यार्थी वर्ग के लिये भी परेशानी का ही महीना है।

अक्टूबर:- पहला बुध सूर्य, दूसरे भाव का भौम शुक्र राहु, तीसरा बृहस्पति, चौथा चन्द्रमा, छठे भाव का शनि, आठवां केतु, शरीर के बारे में सावधान रहें, आपका शरीर बनता बिगड़ता रहेगा, गृहस्थी होने पर स्त्री के शरीर की दशा भी डांवा डोल रहेगी, लाभ की दृष्टि से भी परेशानी का ही महीना है। विद्यार्थियों के लिये भी परेशानी का ही महिना है।

नवम्बर:- दूसरा सूर्य बुध राहु, तीसरा भौम बृहस्पति शुक्र छठे भाव का चन्द्रमा शनि, आठवां केतु, इस माह में शुभग्रहों का पलड़ा भारी होने से यह महीना शान्त वातावरण में ही गुज़ारना होगा, आप व्यापारी हैं या नौकरी पेशा आप के लिये यह महीना लाभ तथा इज्जत का महीना है। विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

दिसम्बर:-. दूसरा राहु, तीसरा सूर्य बुध बृहस्पति, चौथा भौम और शुक्र, छठा शनि, सातवां चन्द्रमा, आठवां केतु, यद्यपि यह महीना संघर्ष तथा दौड धूप में ही गुज़रेगा परन्तु हर काम में आखर में सफलता होगी। गृहस्थी होने पर किसी घरेलू परेशानी से घेरे रहने का योग है, लाभ की दृष्टि से यह महीना उत्तम है। शुभकामों पर खर्च के प्रोग्राम बनते रहेंगें। विद्यार्थियों के लिये आशा से अधिक सफलता होगी।

जनवरी:– पहले भाव का राहु, चौथा सूर्य बुध बृहस्पति पांचवां भौम शुक्र छठे भाव का शनि, सातवां केतु, नवां चन्द्रमा, शरीर सम्बन्धित परेशानी लगी ही रहेगी, कारोबार सम्बन्धित कोई नया प्रोग्राम बनने वाला है नौकरी सम्बन्धित तरक्की अथवा लाभ का योग विद्यार्थियों के लिये ग्रह अनुकूल हैं । विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता होगी।

फरवरी:- पहला राहु, चौथा बृहस्पति, पांचवां सूर्य भौम बुध, छठेभाव का शुक्र और शनि, सातवां केतु, दसवां चन्द्रमा वेधाष्टक वर्ग के आधार से इस मास के ग्रह बहुत हद तक सुधरा नहीं हैं। परन्तु ऐसा होने पर भी इस मास का कोई भी काम बिना उलझन के सिद्ध नहीं होगा। लाभ तथा आदर की दृष्टि से उत्तम महीना है। नौकरी पेशा होने पर नौकरी सम्बन्धित कोई शुभ सन्देश मिलेगा, विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना है।

मार्च:– पहला राहु, चौथा बृहस्पति, पांचवां बुध, छठे भाव का सूर्य भौम, सातवां शनि और केतु आठवां शुक्र, ग्यारवां चन्द्रमा इस माह की ग्रहचाल आपके अनुकूल हैं आप कारोबार करते हैं या नौकरी इस माह से कुछ लाभ उठायें, हर काम में सफलता होगी। विद्यार्थियों की विद्या सम्बन्धित प्रत्येक योजना सफल रहेगी, घर में कोई महोत्सव रचाने का प्रोग्राम होगा।

❖❖

तुला राशि का वर्ष फल



वर्ष के आरम्भ के ग्रह चक्र में छठे भाव का सूर्य चन्द्रमा बुध का होना लाभ तथा सुख शान्ति का इशारा है इस शुभ योग के आधार से हर आरम्भ किये हुये कार्य में सफलता, शत्रुओं पर विजय होगी, शरीर सुख, दूसरे भाव का बृहस्पति होने से धन का लाभ, परिवार का सुख, पुत्रपक्ष से मानसिक शान्ति, पांचवा शुक्र होने से डिपापर्टम्यन्टल परीक्षा में सफलता, विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता शेष ग्रहों को भी वेधाष्टक वर्ग गोचर सिद्धान्तों के आधार से परख कर यही विदित होता है कि सामूहिक रूप से यह वर्ष आपने सुख शान्ति के वातावरण में ही व्यतीत करना होगा।

तुला राशि का मासिक फलादेश

अप्रेल:- पहला राहु, दूसरा बृहस्पति, पांचवा शुक्र शनि, छठः सूर्य चन्द्रमा बुध, सातवां केतु, दसवां

भौम इस महीने की ग्रहस्थिति आपके हक में है घर में यदि कोई घरेलू परेशानी चल रही है। वह भी दूर होगी, यह महीना आपने सुख शान्ति के वातावरण में ही गुजारना होगा, विद्यार्थियों के लिये सफलता का ही महीना है।

मई:- पहले भाव का राहु, दूसरा बृहस्पति पांचवां शनि, छठः शुक्र सातवां सूर्य और केतु, आठवां बुध और चन्द्रमा, दसवां भौम इस मास की ग्रह स्थिति पर विचार करने से मालूम होता है यदि आप गृहस्थी हैं तो घरेलू परेशानियों का ज़ोर रहेगा, खसूसी तौर संतान पक्ष से सावधान रहना चाहिये, लाभ की दृष्टि से उत्तम महीना है। विद्यार्थियों को विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता होगी।

जून:- पहला राहु, दूसरा बृहस्पति, छठे भाव का शनि, सातवां केतु आठवां बुध, नवां सूर्य शुक्र, दसवां चन्द्रमा, ग्यारवां भौम इस ग्रह चाल पर वेधाष्टकवर्ग के अनुसार विचार करने से विदित होता है कि यह महीना आपने संघर्ष तथा दौडधूप के माहौल में ही गुज़ारना होगा। आप व्यापारी हैं या नौकरी पेशा आप का कोई भी काम विना रूकावट के सिद्ध नहीं होगा, गृहस्थी होने पर यह महीना घरेलू कामों में लगे रहने का योग है। आमदनी में कोई इज़ाफा नहीं होगा परन्तु खर्च के नये-नये मनसूबे बनते रहेंगे, विद्यार्थियों को पठन पाठन में दिलचस्पी कम रहेगी।

जुलाई:- पहले भाव का राहु, दूसरा बृहस्पति, छठः शनि सातवां केतु, आठवां बुध, नवां सूर्य शुक्र, दसवां चन्द्रमा ग्यारवां भौम, वेधाष्टकवर्ग सिद्धान्तों के आधार से ग्रहों पर विचार करने से मालूम

होता है यह महीना आपने सुख तथा शान्त वातावरण में ही व्यतीत करना है। आप व्यापारी हैं या नौकरी पेशा आपने यह महीना लाभ के माहौल में ही गुज़ारना होगा लाभ के लिये उत्तम होने पर भी खर्च की भरमार रहेगी। यहां तक कि तंगदस्ती से भी दुचार होना पड़ेगा। विद्यार्थियों को विद्या सम्बन्धित हर काम में कामयाबी होगी।

अगस्तः- पहले भाव का राहु, दूसरा बृहस्पति छठे भाव का शनि सातवां केतु, दसवां सूर्य बुध और शुक्र, बारवां भौम और चन्द्रमा इस ग्रह चाल से यही मालूम पड़ता है कि इस महीने में अचानक शरीर कष्ट अथवा चोट इत्यादि लगने की सम्भावना है मित्र वर्ग भी लड़ने के लिये तैयार होंगे। आमदनी में कमी, खर्च की अधिकता होगी नौकरी पेशा होने पर अचानक कोई इलज़ाम लगने की सम्भावना, विद्यार्थियों को विद्या सम्बन्धित हर काम में रुकावट की सम्भावना उपाय के रूप में बार-बार उच्चारण किया करें:-

ऊँ त्र्यम्बंक यजामहे, सुगन्धिं पुष्टि-वर्धनम्
उर्वा-रुकम्-इव बन्धनात्-मृत्यो-मुक्षीय मामृतात्।।

सितम्बरः- पहले भाव का राहु भौम, दूसरा चन्द्रमा बृहस्पति, पांचवा शनि ग्यारवां सूर्य और शुक्र, बारवां बुध इस महीने की ग्रहस्थिति खास उत्तम नहीं हैं यह महीना रंग बदलता रहेगा आप व्यापारी हैं या नौकरी पेशा तो कभी मानसिक शान्ति गाहे हद से ज्यादा प़रेशानी, गाहे लाभ गाहे हांनि यह

महीना संघर्ष तथा पेरशानी में ही गुजरेगा, विद्यार्थियों के लिये यह महीना परेशानी तथा विद्या सम्बन्धित प्रत्येक काम में उलझन पैदा करने वाला होगा।

अक्टूबर:- पहले भाव का राहु भौम शुक्र दूसरा बृहस्पति तीसरा चन्द्रमा, पांचवां शनि, सातवां केतु, बारवां बुध सूर्य होने से महीनाबर अपने शरीर की अथवा घर की किसी सदस्य की शरीर सम्बन्धित परेशानी बनी रहेगी, व्यापारी होने पर काम की कोई योजना सफल होगी नहीं यदि आप नौकरी करते हैं तो यह महीना परेशानी के माहौल में ही गुज़ारना है विद्यार्थियों को भी पठन पाठन में रुचि कम रहेगी यदि कोई परीक्षा अथवा इन्टरव्यू इत्यादि देना हो या दिया हो इच्छानुसार सफलता की आशा न रखें।

नवम्बर:- पहला सूर्य राहु, बुध, दूसरा भौम बृहस्पति तथा शुक्र पांचवा चन्द्रमा और शनि सातवां केतु होने से इस माह के क्रूर ग्रहों का पलड़ा भारी है हर आरम्भ किये हुये काम में रुकावट लाभ की दृष्टि से यह महीना ढ़ीला ही है यदि आप व्यापारी हैं अचानक कुछ नुकसान होने की सम्भावना नौकरी पेशा होने पर किसी सम्बन्धित अफसर से टकराव, विद्यार्थियों को विद्या सम्बन्धित किसी काम में इच्छानुसार सफलता होगी नहीं।

दिसम्बर:- पहला राहु, दूसरा सूर्य, और बुध बृहस्पति तीसरा भौम शुक्र पांचवा शनि छठः चन्द्रमा सातवां केतु ग्रह स्थिति पर विचार करने से मालूम पड़ता है आपके हर आरम्भ किये हुये काम में

सफलता होगी, लाभ की दृष्टि से अथवा आदर की दृष्टि से यह महीना उत्तम रहेगा आप नौकरी करते हैं या व्यापार कोई देर की कामना पूरी होने का योग है घर में कोई शुभ काम रचाने का प्रोग्राम बनेगा अथवा घर में नवजात बालक का जन्म होगा, विद्यार्थी वर्ग के लिये हर काम में सफलता का महीना।

जनवरी:- तीसरा सूर्य बुध, बृहस्पति चौथा भौम शुक्र पांचवां शनि छठे भाव का केतु आठवां चन्द्रमा, बारवां राहु इस मास के आरम्भ पर अशुभ ग्रहों का पलड़ा भारी है । यह महीना अशान्त वातावरण में ही गुज़रेगा गृहस्थी होने पर घरेलू परेशानियों का भी ज़ोर रहेगा, नौकरी पेशा होने पर दफ्तरी परेशानी महीना बर बनी रहेगी, विद्यार्थियों के लिये विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता का महीना।

फरवरी:- तीसरा बृहस्पति चौथा सूर्य भौम बुध, पांचवां शनि, शुक्र छठ: केतु, नवां चन्द्रमा, बारवां राहु वेधाष्टकवर्ग की कसोटी पर ग्रहों को परख कर मालूम पड़ता है कि यह महीना आपके लिये हर काम में सफलता का ही होगा, अचानक कोई लाभ मिलने का योग, कोई जायदाद बनाने अथवा खरीदने का योग, विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता का महिना।

मार्च:- तीसरा बृहस्पति, चौथा बुध, पांचवा सूर्य भौम, छठ: शनि केतु सातवां शुक्र, दसवां चन्द्रमा, बारवां राहु इस माह की ग्रह चाल प्राय: आपके अनुकूल है हर आरम्भ किये हुये काम में सफलता होगी आमदनी के लिये ग्रह अनुकूल हैं आशा से अधिक लाभ, घर में कोई शुभमहोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा, विद्यार्थियों के लिये भी विद्या सम्बंधित हर काम में सफलता का महीना है। ❖❖

वृश्चिक राशि का वर्ष फल

वर्ष के आरम्भ पर पहले भाव का बृहस्पति, चौथा शुक्र शनि, नवां भौम, पांचवां सूर्य चन्द्रमा बुध प्राय: सभी ग्रह खराब स्थिति में ही ठहरे हैं इस क्रूर योग के प्रभाव से मानहानि, कारोबार में रुकावट मानसिक अशान्ति, हर एक आरम्भ किये हुये काम में रुकावट, हानि की सम्भावना, शरीर कष्ट उपाय के रूप में आप जन्मदिन पर इष्टदेवी का पुष्पार्चण अवश्य करवायें। इस वर्ष के आरम्भ से ही वैष्णव रहने की प्रतिज्ञा कीजिये, यदि घर में किसी वयोवृद्ध से नाराज़गी है तो उनसे माफी मांग कर उनसे आर्शीवाद प्राप्त करना ही आप हर कष्ट का मुकाबला करने में समर्थ होंगें, मेरे लिखे हुये इस उपाय को अवश्य अपनायें हो सके तो हर सोमवार को भगवान् शंकर पर जल चढ़ाया करें।



वृश्चिक राशि का मासिक फल

अप्रेलः- पहले भाव का बृहस्पति, चौथा शुक्र शनि, पांचवां सूर्य, चन्द्रमा बुध, छठः केतु, नवां भौम, बारवां राहु होने से यह महीना संघर्ष तथा दौड़ धूप में ही गुज़रेगा, आपके कारोबार की जो भी दशा है आपका कोई भी काम बिना रुकावट के सम्पूर्ण होगा नहीं, लाभ की दृष्टि से भी यह महीना ढीला ही रहेगा, गृहस्थी होने पर महीना भर घर की परेशानियां आपको घेरे रखेंगी। उपाय के रूप में हर मंगलवार को तहर बनाकर पक्षियों को डाला करें, विद्यार्थियों को भी पठन पाठन में रुचि कम रहेगी और विद्या सम्बन्धित हर काम में ढीलापन ही रहेगा।

मईः- पहले भाव का बृहस्पति, चौथा शनि, पांचवा शुक्र छठे भाव का सूर्य केतु, सातवां चन्द्रमा बुध, नवां भौम, बारवां राहु, बृहस्पति और शनि अच्छी स्थिति में न होने से यह महीना अशान्त वातावरण में ही गुज़रेगा, हर एक काम बनते बनते विगड जायेगा, आमदनी में रुकावट खर्च की अधिकता, अचानक दुर्घटना की सम्भावना उपाय के रूप में इस माह की हर शनिवार को तहर बनाकर पक्षियों को डालें, विद्यार्थियों के लिये भी अशान्ति का महीना है।

जून:- पहले भाव का बृहस्पति, पांचवां शनि, छठे भाव का शुक्र केतु, सातवां सूर्य बुध, आठवां चन्द्रमा, दसवां भौम, बारवां राहु इस मास के शुभाशुभ ग्रहों की स्थिति से विदित होता है कि यह महीना डांवाडोल स्थिति में ही गुज़रेगा कोई भी काम बिना उलझन के सिद्ध नहीं होगा प्रयत्न करने पर भी आमदनी में किसी प्रकार की वृद्धि नहीं होगी फजूल खर्च के दिनों दिन प्रोग्राम बनते रहेंगें नौकरी पेशा होने पर अचानक तबदीली का योग, विद्यार्थियों के पठन पाठन सम्बन्धित हर काम में रुकावट।

जुलाई:- पहले भाव का बृहस्पति, पांचवा शनि, छठे भाव का केतु, सातवां बुध, आठवां सूर्य शुक्र नवां चन्द्रमा दसवां भौम, बारवां राहु इस मास के ग्रह अनुकूल न होने पर भी प्राय: सभी ग्रह वेध में होने से आप के लिये शुभ ही होगें, आप कारोबार करते हैं या नौकरी दोनों सूरतों में यह महीना आपके लिये लाभदायक हैं, आदर मान प्रतिष्ठा की दृष्टि से भी उत्तम है प्राय: हर आरम्भ किये हुये काम में सफलता होगी, विद्यार्थियों को विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता होगी।

अगस्त:- पहले भाव का बृहस्पति, पांचवां शनि, छठे भाव का केतु, नवां सूर्य बुध तथा शुक्र, ग्यारवां भौम चन्द्रमा, बारवां राहु यही महीना प्राय: अशान्त माहौल में ही गुज़ारना होगा गृहस्थी होने पर घर के किसी सदस्य की शरीर सम्बन्धित परेशानी लगी रहेगी आमदनी में कोई इज़ाफा होगा नहीं परन्तु खर्च के लम्बे-लम्बे मनसूबे बनते रहेगें विद्यार्थियों के लिये भी अशान्ति तथा असफलता का महीना है।

सितम्बर:- पहले भाव का बृहस्पति चन्द्रमा, चौथा शनि, छठ: केतु, दसवां सूर्य और शुक्र, ग्यारवां बुध, राहु और भौम शरीर के विषय में सावधान रहिये अचानक गृहस्थ की अथवा अपने शरीर से सम्बन्धित परेशानी खड़ी होगी आमदनी के लिये यह महीना उत्तम है खर्च के प्रोग्राम बनते रहेगें परन्तु खर्च प्राय: शुभकामों पर ही होगा, विद्यार्थियों को विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता होगी।

अक्टूबर:- पहले भाव का बृहस्पति, दूसरा चन्द्रमा, चौथा शनि, छठे भाव का केतु, ग्यारवां सूर्य और बुध, बारवां भौम राहु शुक्र, इस महीने में भी आप शरीर के विषय में सावधान रहें उपाय के रूप में हर मंगलवार को तहर बनाकर पक्षियों को डाला करें आमदनी के लिये यह महीना उत्तम है अचानक कुछ लाभ मिलने अथवा कोई शुभ संदेश मिलने का भी योग, विद्यार्थियों के लिये इस माह के ग्रह अनुकूल है आपके हर काम में सफलता होगी।

नवम्बर:- पहला बृहस्पति शुक्र भौम, चौथा शनि चन्द्रमा, छठे भाव का केतु, बारवां सूर्य तथा राहु बुध इस माह के आरम्भ की गृहस्थिति पर विचार करने से मालूम होता है कि अशुभ ग्रहों का पलड़ा भारी होने से गृहस्थी होने पर घर के किसी सदस्य की चिन्ता महीना भर बनी रहेगी आमदनी की आशा न रखें अपितु हानि की ही सम्भावना है घर में अतिथियों का आना जाना चलता ही रहेगा, विद्यार्थियों के लिये ग्रह अनुकूल हैं।

दिसम्बर:- पहला बृहस्पति सूर्य बुध, दूसरा भौम शुक्र, चौथा शनि, पांचवां चन्द्रमा, छठे भाव का केतु बारवां राहु इस मास के आरम्भ पर प्राय: सभी ग्रहों की स्थिति डावांडोल ही है इस कारण

यह बात यकीनी है कि इस मास में आप अशान्त रहेंगे अपितु किसी खास मुसीबत का भी सामना करना पड़ेगा आर्थिक संकट का योग भी है अचानक कोई झूठा इलज़ाम लगने का अन्देशा है विद्यार्थियों के लिये भी परेशानी का ही महीना है।

जनवरी:- दूसरा सूर्य बुध बृहस्पति, तीसरा भौम शुक्र, चौथा शनि, पांचवां केतु, सातवां चन्द्रमा, ग्यारवां राहु वेधाष्टकवर्ग के आधार से यह महीना आपके लिये शुभ सन्देश लेकर आया है आमदनी की दृष्टि से यह महीना उत्तम रहेगा कोई ऐसा शुभ सन्देश मिलेगा जो आपकी प्रतिष्ठा को बनाए रखने में सहायक होगा व्यापारी होने पर व्यापार में अचानक तरक्की का योग, विद्यार्थियों के लिये विद्या से सम्बन्धित हर काम में सफलता होगी।

फरवरी:- दूसरे भाव का बृहस्पति, तीसरा सूर्य भौम बुध, चौथा शुक्र शनि, पांचवां केतु, आठवां चन्द्रमा ग्यारवां राहु, इस मास की शुभाशुभ ग्रहों पर विचार करने से मालूम होता है यह महीना आपने सुख शन्ति के वातावरण में ही गुज़ारना होगा आप व्यापारी हैं या नौकरी करते हैं यह महीना आप के लिये लाभ तथा आदर का ही है विद्यार्थियों को भी आशा से अधिक सफलता मिलेगी।

मार्च:- दूसरा बृहस्पति, तीसरा बुध, चौथा सूर्य और भौम, पांचवां केतु और शनि छठे भाव व शुक्र, नवां चन्द्रमा, ग्यारवां राहु मास के आम्भ पर क्रूर ग्रहों का पलड़ा भारी होने से यह महीना आप ने अशान्ति के वातावरण में ही गुज़ारना होगा परन्तु लाभ की दृष्टि से अच्छा रहेगा। खर्च की अधिकता रहेगी, रात दिन काम में जुटे रहने का योग है। विद्यार्थियों को विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता होगी।

धनु राशि का वर्ष फल

वर्ष के आरम्भ पर तीसरा शुक्र शनि, चौथा बुध यह तीनों ग्रह अच्छी स्थिति में हैं इनके प्रभाव से अच्छे पुरुषों से मेलमिलाप का अवसर मिलेगा, लाभ की दृष्टि से यह महीना उत्तम है आपने इस वर्ष कोई जायदाद सम्बन्धित खर्च का मनसूबा बनाना होगा जबकि बृहस्पति बारवें भाव में ठहरा है यह भी मुमकिन है आपने कोई वाहन इत्यादि खरीदना होगा नौकरी पेशा होने पर नौकरी में अवश्य तरक्की का योग नौकरी सम्बन्धित यदि कोई काम रुका पड़ा है तो ऐसे सभी काम हल हो जायेंगे यदि आपका सम्बन्ध किसी कारोबार से है आपके कारोबार को वृद्धि होगी



घर में कोई शुभ महोत्सव रचाने का प्रोग्राम अवश्य बनेगा विद्यार्थियों को इस वर्ष के एक-एक क्षण से लाभ उठाना चाहिये यह वर्ष आपके नींव को बनाने वाला वर्ष होगा।

धनु राशि का मासिक फल

अप्रेल:- तीसरे भाव का शुक्र और शनि, चौथा सूर्य चन्द्रमा बुध, पांचवां केतु, आठवां भौम, ग्यारवां राहु, बारवां बृहस्पति इस मास के आरम्भ की ग्रह स्थिति आपके अनुकूल हैं यह महीना शान्तवातावरण में ही गुज़रेगा लाभ की दृष्टि से उत्तम महीना, भाई बन्धों रिश्तेदारों से मिलने जुलने का योग, घर में कोई शुभमहोत्सब रचाने का प्रोग्राम, आप नौकरी पेशा हैं या व्यापारी दोनों सूरतों में आप को मानसिक शान्ति रहेगी, विद्यार्थियों की सफलता में ग्रह सहायक हैं विद्या सम्बन्धित आपका हर एक काम सफल रहेगा।

मई:- तीसरे भाव का शनि, चौथा शुक्र, पांचवां सूर्य केतु, छठे भावका चन्द्रमा बुध, आठवां भौम, ग्यारवां बृहस्पति इस मास के प्राय: सभी ग्रह आपके हक में हैं आप जो कोई भी काम हाथ में लेंगें उसमें अवश्य सफलता होगी आमदनी में बृद्धि केवल शरीर के विषय में सावधान रहें गृहस्थी होने पर आपकी स्त्री के शरीर बिगड़ने की सम्भावना उपाय के रूप में इस मास में घर पर मांस का प्रयोग न करें मंगलवार को तहर बनाकर छोटे बच्चों को खिलायें परन्तु तहर में देसी घी डालें विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

जून:– चौथेभाव का शनि, पांचवा शुक्र केतु, छठः बुध, सातवां चन्द्रमा, नवां भौम, ग्यारवां राहु, बारवां बृहस्पति वेधाष्टकवर्ग इत्यादि से गृह स्थिति पर विचार करने से मालूम होता है यदि आप शरीर से अस्वस्थ हैं अथवा घर का कोई सदस्य अस्वस्थ है इस मास की ग्रहचाल से ऐसी परेशानियों से अवश्य छुटकारा मिलेगा, आप व्यापार करते हैं या नौकरी दोनों सूरतों में आप लाभ में रहेंगें, विद्यार्थियों के लिये भी इस मास के ग्रह अनुकूल हैं।

जुलाई:– चौथे भाव का शनि, पांचवां केतु, छठे भाव का बुध, सातवां सूर्य और शुक्र, आठवां चन्द्रमा, नवां भौम, ग्यारवां राहु, बारवां बृहस्पति इस महीने में अशुभ ग्रहों का पलड़ा भारी हैं जिसके प्रभाव से यह महीना अशान्त वातावरण में ही गुज़ारना होगा, घरेलू परेशानियों का भी घेराव महीनाभर रहेगा, शरीर के बिगड़ने की सम्भावना विद्यार्थियों के लिये कोशिश करने पर भी असफलता का ही महीना है।

अगस्त:– चौथे भाव का शनिश्चर, पांचवां केतु, आठवां सूर्य बुध शुक्र, दसवां चन्द्रमा भौम, ग्यारवां राहु, बारवां बृहस्पति ऐसे ही ग्रहों पर विचार करने से मालूम होता है कि शुभाशुभ ग्रहों का पलड़ा लगभग एक जैसा है इस योग के अनुसार यह महीना सर्वसाधारण रूप से चलता रहेगा यद्यपि यह लाभ का महीना नहीं हैं परन्तु हानि की भी कोई सम्भावना नहीं है विद्यार्थियों को पठन पाठन में दिलचस्पी कम रहेगी यदि कोई परीक्षा दी है या देनी है सफलता की आशा न रखें।

सितम्बरः- तीसरा शनि, पांचवा केतु, नवां सूर्य शुक्र, दसवां बुध, ग्यारवां भौम तथा राहु, बारवां बृहस्पति चन्द्रमा होने से तथा वेधाष्टकवर्ग सिद्धान्तों के आधार से ग्रहों पर विचार करने से मालूम होता है यह महीना हर पहलू से शान्तवातावरण में ही गुज़रेगा, भाईबन्धों रिश्तेदारों से मेलमिलाप का अवसर मिलेगा, आमदनी की दृष्टि से यह माह उत्तम है परन्तु खर्च की भी अधिकता रहेगी परन्तु खर्च प्रायः शुभ कामों पर ही होगा।

अक्टूबरः- पहले भाव का चन्द्रमा, तीसरा शनि, पांचवां केतु, दसवां सूर्य बुध, ग्यारवां, राहु शुक्र भौम बारवां बृहस्पति होने से यह महीना सुख शान्ति के वातावरण में ही गुज़रेगा, गृहस्थी होने पर घर में कोई महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा जो प्रोग्राम शान्त माहौल में ही सम्पन्न होगा नौकरी पेशा होने पर लाभ की दृष्टि से यह महीना इस वर्ष में विशेष महत्त्व रखेगा, विद्यार्थियों के लिये मान प्रतिष्ठा तथा सफलता का महीना है।

नवम्बरः- तीसरे भाव का शनि तथा चन्द्रमा, पांचवा केतु, ग्यारवां सूर्य राहु और बुध, बारवां भौम शुक्र बृहस्पति इस मास के आरम्भ पर गृहस्थिति को देखने से विदित होता है कि यह महीना हर प्रकार से उत्तम रहेगा यदि आप को गृहस्थपक्ष से कोई परेशानी है अथवा अपने शरीर की कोई चिन्ता है वह अवश्य दूर होगी, भाई बन्धों रिश्तेदारों से मिलने जुलने का अवसर मिलेगा, आमदनी की दृष्टि से ग्रह आपके अनुकूल हैं खर्च भी यदि होगा वह शुभ कामों पर ही होगा, कोई जायदाद खरीदने

अथवा बनाने का योग है विद्यार्थियों को विद्या सम्बन्धित हर काम में आशा से अधिक लाभ होगा।

दिसम्बर:- पहले भाव का भौम शुक्र, तीसरा शनि, चौथा चन्द्रमा, पांचवां केतु, ग्यारवां राहु, बारवां सूर्य बुध तथा बृहस्पति होने से यह महीना डावांडोल स्थिति में ही गुज़ारना होगा, कोई भी काम जो आप हाथ में लेंगें उलझन तथा परेशानी के बिना सिद्ध नहीं होगा, आमदनी में कमी खर्च की अधिकता होगी, गृहस्थी होने पर महीनाभर घरेलू परेशानी लगी ही रहेगी, विद्यार्थियों के लिये भी परेशानी का ही महीना है।

जनवरी:- पहला सूर्य बुध बृहस्पति, दूसरा भौम शुक्र, तीसरा शनि, चौथे भाव का केतु, छठ: चन्द्रमा दसवां राहु इस मास के सभी अनिष्ट ग्रह बेध में होने से आपके लिये इस महीने का प्रत्येक ग्रह अनुकूल हैं यह महीना हर काम में सफलता का महीना है, रुके हुये काम हरकत में आयेगें अचानक लाभ अथवा नौकरी पेशा होने पर तरक्की का योग, विद्यार्थियों को आशा से अधिक सफलता होगी।

फरवरी:- पहला बृहस्पति, दूसरा सूर्य भौम बुध, तीसरा शुक्र शनि, चौथा केतु, सातवां चन्द्रमा, दसवां राहु इस ग्रहस्थिति के अनुसार यह महीना हर प्रकार से शान्त माहौल में ही गुज़रेगा यदि कोई शरीर सम्बन्धित परेशानी है वह दूर होगी हर आरम्भ किये हुये अथवा हाथ में लिये हुये काम में सफलता होगी, आमदनी उत्तम, शुभकामों पर खर्च, भाई बन्धों से मेलमिलाप, विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

मार्च:- पहले भाव का बृहस्पति, दूसरा बुध, तीसरा सूर्य भौम, चौथा शनि केतु, पांचवां शुक्र, आठवां चन्द्रमा, दसवां राहु इस मास के आरम्भ पर शुभाशुभ ग्रहों की स्थिति को देखते हुये मालूम होता है कि आप को हर काम में सफलता मिलेगी अपितु बिगड़े हुये कामों में सुधार होगा आप नौकरी करते हैं या व्यापार दोनों सूरतों में आप लाभ में रहेंगें, धार्मिक कामों में दिलचस्पी अथवा घर में कोई महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा, विद्यार्थियों को पठन पाठन सम्बन्धित हर काम में इच्छानुसार सफलता मिलेगी।

मकर राशि का वर्षफल

वर्ष के आरम्भ पर ग्यारहवाँ बृहस्पति, दूसरा शुक्र, तीसरा सूर्य चन्द्रमा तथा दसवें भाव का राहु होना शुभफल का सूचक है, दूसरा शनि तथा तीसरा बुध वेध में होने ने अशुभ फलदायक होने पर भी शुभ फलदायक हैं-इस मिले जुले योग के प्रभाव से शरीर स्वस्थ रहेगा-रोगों से मुक्ति-अच्छे-अच्छे अधिकारियों से मेल व मिलाप-धन लाभ उत्तम

पद की प्राप्ति दरबार में मान प्रतिष्ठा डिपार्ट मेन्टल परीक्षा में सफलता व्योपारी वर्ग के लिये हर प्रकार लाभ का वर्ष है चौथे भाव में केतु होने से अगर किसी जाईदाद सम्बन्धित परेशानी ने आप को आघेरा है वह परेशानी समाप्त होने की सम्भावना है, अगर दैवयोग से जाईदाद सम्बन्धि समस्या समाप्त न भी होगी तो भी उस समस्या के हल होने के आसार देखने में आयेंगे, सातवाँ मंगल भी अपना बुरा प्रभाव डालने के बिना नहीं रहेगा जिस के प्रभाव से गृहस्थी होने पर स्त्री की शारीरिक चिन्ता रहेगी अगर वह शरीर से पहले से ही अस्वस्थ है तो शरीर में चीरफाड का योग भी बन सकता है, सातवें मंगल के क्रूर प्रभाव को शान्त करने के लिए आप दोनों पति पत्नी को वैष्णव रहना चाहिये तथा निम्नलिखि मन्त्र का बार-बार उच्चारणस़ करना चाहिये

"चन्द्रशेखर चन्द्रशेखर चन्द्रशेखर पाहि मां।
चन्द्रशेखर चन्द्रशेखर चन्द्रशेखर रक्ष माम्"

विद्या के स्थान यानि पांचवे भाव को विद्या गुरु बृहस्पति पूर्ण दृष्टि से देख रहा है जिसका प्रभाव विद्यार्थियों के लिये अनुकूल होगा अत: विद्यार्थियों को चाहिये कि वह इस अवसर का पूरा लाभ उठाये-कमर बाँधकर पढ़ाई में जुट जायें आपको आशा से अधिक सफलता मिलेगी अगर उच्च विद्या प्राप्ति के लिये विदेश अथवा कहीं दूर जाना चाहते हैं तो विलम्ब न करें जाने का प्रोग्राम बनायें सफलता अवश्य मिलेगी।

मकर राशि का मासिक फल

अप्रेलः— दूसरा शनि शुक्र, तीसरा सूर्य चन्द्रमा बुध, सातवाँ भौम, दसवाँ राहु तथा ग्यारवाँ बृहस्पति होने से यह मास सुख शान्ति के वातावरण में ही गुजरेगा आप की आर्थिक स्थिति बहुत हद तक सुधर जायेगी, करोबारी वर्ग के लिये हर प्रकार से लाभ तथा शान्ति का महीना है गृहस्थी होने पर आप को घरेलू परेशानी घेरे रखेगी, विद्यार्थियों के लिये भी सफलता का महीना है।

मईः— दूसरा शनि, तीसरा शुक्र, चौथ सूर्य और केतु, पाँचवा चन्द्रमा और बुध, सातवाँ भौम, दसवाँ राहु तथा ग्यारवाँ बृहस्पति होने पर यही मालूम पड़ता है इस मास के आरम्भ पर अशुभ ग्रहों का पलड़ा भारी है जिस के फलस्वरूप यह मास संघर्ष तथा दौड धूप में ही गुज़रेगा परन्तु ऐसा होने पर भी बृहस्पति के प्रभाव से अन्त में हर काम में सफलता ही होगी-शरीर की दशा भी ढाँवाढोल रहेगी आप का शरीर बनता बिगडता रहेगा, घरेलू परेशानियों का भी जोर रहेगा, विद्यार्थियों को भी पठन-पाठन में कम दिलचस्पी रहेगी-ऐसा होने पर भी परीक्षा में सफलता की ही आशा रखें।

जूनः— तीसरा शनि, चौथ शुक्र केतु, पाँचवाँ सूर्य बुध, छटा चन्द्रमा, आठवा, भौम, दसवाँ राहु तथा ग्यारवाँ बहृस्पति वेध अष्टक वर्ग दृष्टि आदि गोचर सिद्धान्तों के आधार से यह माह हर प्रकार से

अशान्त वातावरण में गुज़ारना होगा, बिगडे हुये काम सुधरेंगे, घर में भाई बन्धुओं तथा मित्रों का आना जाना ज़ोरों पर होगा, नौकरी पेशा वालों को सम्बन्धित अफसरों से मिलने जुलने की व्यस्तता रहेगी व्योपारी वर्ग हर प्रकार से लाभ में रहेगा-आठवें मंगल से सावधान रहिये अचानक कोई दुर्घटना होगी अथवा शरीर में चोट लगने की सम्भावना है उपाय के रूप में इस मास की हर मंगलवार को तहर वनाकर पक्षियों को डाला करें तथा साथ ही इस मास में अवश्य वैष्णव रहें, विद्यार्थियों के लिये यह महीना अशान्ति का है जब कि शनि आप के विद्या के घर को देख रहा है।

जुलाई:— तीसरा शनि, चौथा, केतु, पाँचवाँ बुध, छटे भाव का सूर्य और शुक्र, सातवाँ चन्द्रमा, आठवाँ भौम, दसवाँ राहु, ग्यारवाँ बृहस्पति इस ग्रहस्थिति को दृष्टि में रखकर विदित होता है कि यह मास प्राय: यात्रा में ही गुज़रेगा जिस यात्रा में आप सफल रहेंगे, यदि आप वाहन आदि खरीदना चाहते हैं अथवा कोई जाईदाद आदि खरीदना चाहते हैं तो उस तरफ ध्यान दीजिये ऐसी समस्या अवश्य हल होगी, घर में कोई शुभ महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा इस मास के ग्रह विद्यार्थियों के पक्ष में है आप पढ़ाई में जुट जाये सफलता निश्चित है।

अगस्त:— तीसरा शनि, चौथा केतु, सातवाँ सूर्य बुध शुक्र, नवाँ चन्द्रमा भौम, दसवाँ राहु, ग्यारवाँ बृहस्पति इस मास की ग्रहस्थिति को देखकर मालूम पड़ता है कि इस मास में अशुभ ग्रहों का पलड़ा यद्यपि भारी है परन्तु बृहस्पति और शनि की स्थिति अच्छी होने से अशुभ ग्रहों का प्रभाव भी शान्त

होगा जिस के प्रभाव से यह महीना सुख व शान्ति के वातावरण में गुजारना होगा आप नौकरी करते हैं या व्यापार दोनों सूरतों में आप सफल रहेंगे, विद्यार्थियों के लिये भी यह मास विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता का है।

सितम्बर:– दूसरा शनि, चौथा केतु, आठवाँ सूर्य और शुक्र, दसवाँ राहु और भौम, ग्यारवाँ चन्द्रमा बृहस्पति, नवाँ बुध, आठवें सूर्य को शनि पर्ण दृष्टि से देख रहा है इस क्रूर योग के प्रभाव से अचानक शरीर कष्ट का योग है दैवयोग से अगर आप शरीर से स्वस्थ ही रहेंगें तो भी घर के किसी सदस्य की अचानक शरीर सम्बन्धित परेशानी अधेरेगी, आर्थिक दृष्टि से यद्यपि यह मास लाभदायक है भी परन्तु खर्च की बड़-बड़ी योजनायें बनती रहेगी, नौकरीपेशा मकर राशिवालों को डिपार्टमेन्टल तर्की मिलने का योग है, विद्यार्थियों के लिये विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता का मास है।

अक्टूबर:– दूसरे भाव का शनि, चौथा केतु, नवाँ बुध सूर्य, दसवाँ राहु भौम शुक्र, ग्यारवाँ बृहस्पति, बारवाँ चन्द्रमा, मास के आरम्भ की ग्रहस्थिति को देखते हुये मालूम पड़ता है आप का शरीर अचानक बिगडने का अथवा चोट लगने का अन्देशा है, गृहस्थी होने पर आप को गृहस्थपक्ष से भी परेशानी रहेगी उपाय के रूप में आप के घर में निम्नलिखित मन्त्र की गूंज हर समय होनी चाहिये, यह मन्त्र घर के हर सदस्य को अवश्य याद करना चाहिये।

"ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्ठि बर्धनम्
उर्वारुकमिव बन्धनात् मृत्योमुखीय मामृतात्।।"

नवम्बर:– दूसरे भाव का शनि चन्द्रमा, चौथा केतु, दसवाँ सूर्य बुध राहु, ग्यारवाँ भौम शुक्र बृहस्पति, महीने के आरम्भ पर इस मिल जुले योग के प्रभाव से यह मास शान्त वातावरण में ही गुजरेगा यदि आप पहले से शरीर से अस्वस्थ हैं तो ज़रा सा ध्यान देने पर आप बिल्कुल स्वस्थ रहेंगे यदि घर के किसी सदस्य के शरीर सम्बन्धित परेशानी है तो उसका भी अन्त होगा आप नौकरी करते हैं या व्योपार दोनों सूरतों में आप सफल रहेंगे, धन प्राय: शुभ कामों पर ही खर्च होगा-इस मास में खर्च के लम्बे-लम्बे प्रोग्राम बनेंगे, विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता होगी यदि आप ट्रेनिंग अथवा विदेश में पढने के लिये दौड़धूप करते हैं तो इस मास में विशेषतया इस काम पर ज़ोर लगायें सफलता अवश्य मिलेगी यदि सफलता न भी मिले परन्तु सफलता की आशा सुदृढ़ हो जायेगी।

दिसम्बर:– दूसरा शनि, तीसरा चन्द्रमा, चौथा केतु, दसवाँ राहु, ग्यारवाँ सूर्य बृहस्पति बुध, बारवाँ भौम शुक्र, इस मास में शनि के बिना प्राय: सभी ग्रह अनुकूल हैं, यह मास हर दृष्टि से आपके पक्ष में रहेगा आप के रुके हुये काम हरकत में आयेगें जो कोई भी काम आपके हाथ में होगा अथवा नये सिरे से कोई काम आरम्भ करेंगे उसमें सफलता अवश्य मिलेगी आप नौकरी करते हैं या व्योपार तो इस मास के ग्रहों से लाभ उठायें, यदि आप को लड़के अथवा लड़की के विवाह अथवा पढ़ाई

सम्बन्धित कोई समस्या है आप परिश्रम कीजिये अवश्य सफलता प्राप्त होगी, विद्यार्थियों के लिये विद्यासम्वन्धित हर काम में सफलता का ही महीना है।

जनवरी:– पहले भाव में भौम, दूसरा शनि, तीसरा केतु, पाँचवें भाव का चन्द्रमा, नवाँ राहु, बारवाँ सूर्य बुध बृहस्पति–इस ग्रह चाले के प्रभाव से यह मास आशान्त वातावरण में ही गुज़रेगा शरीर की परेशानी बनी रहेगी, गृहस्थी होने पर स्त्री के शरीर के विषय में सावधान रहिये हर आरम्भ किये हुये काम में रुकावटें आ खड़ी होंगी, आप नौकरी करते हैं या कारोबार दोनों सूरतों में आप असफल रहेंगें, विद्यार्थियों के लिय भी यह मास अशान्ति का ही होगा।

फरवरी:– पहले भाव में सूर्य भौम बुध, दूसरे भाव का शनि और शुक्र, तीसरा केतु, छटा चन्द्रमा, नवाँ राहु, बारवाँ बृहस्पति इस मास के आरम्भ पर शुभ ग्रहों तथा अशुभ ग्रहों का पलड़ा बराबर है जिसके फलस्वरूप यह मास प्राय: शान्त वातावरण में ही गुज़रेगा, यदि आप व्योपार करते हैं तो आप का काम यथावत् चलता रहेगा, अगर आप नौकरी करते हैं तो अचानक लाभ मिलेगा अथवा कोई शुभ सन्देश मिलेगा विद्यार्थियों के लिये भी सफलता का महीना है।

मार्च:– पहला बुध, दूसरा सूर्य भौम, तीसरा शनि और केतु चोथे भाव का शुक्र, सातवां चन्द्रमा और नवाँ राहु, बारवाँ बृहस्पति होने से यह मास दौडधूप तथा संघर्ष में ही गुज़रेगा, कोई शुभ काम बिना उलझन के सिद्ध नही होगा, व्योपारी वर्ग या नौकरी पेशा रात दिन काम में जुटे रहने पर भी लाभ की कोई आशा न रखें, विद्यार्थियों को भी डटकर पढाई में लगे रहने पर ही सफलता की आशा रखनी चाहिये।

कुम्भ राशि का वर्ष फल



वर्ष के आरम्भ पर गोचर चक्र में पहला शुक्र, दूसरा बुध, छठे भाव का भौम यह सभी ग्रह अच्छी स्थिति में है इसके अलावा तीन ग्रह सूर्य चन्द्रमा शनि अच्छी स्थिति में न होने पर भी तीनों ग्रह वेध में होने से शुभ फलदायक हैं सामूहिक रूप से यह वर्ष आप के लिये सुखशान्ति का वर्ष होगा अच्छे पुरुषों के साथ मेलजोल का मोका मिलेगा यदि आप व्यापार करते हैं इस वर्ष कोई कारोबीर सम्बन्धित विशाल योजना चालू होने की सम्भावना, आप कारोबार में जुटे रहिये यदि आप नौकरी करते हैं इस वर्ष दफ्तर सम्बन्धित कोई भी काम जो रुका पड़ा हो हरकत में आयेगा घर मे इस वर्ष काई महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा कोई जायदाद खरीदने अथवा बनाने का भी योग है विद्यार्थियों के लिये भी ग्रह अनुकूल हैं, विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता होगी।

कुम्भ राशि का मासिक फलादेश

अप्रेलः- पहला शनि शुक्र, दूसरे भाव का सूर्य चन्द्र बुध, तीसरा केतु, छठे भाव का भौम, नवां राहु, दसवां बृहस्पति इस मास के शुभाशुभ ग्रहों पर विचार करने से मालूम होता है यह महीना आपने सुख शान्ति के वातावरण में ही गुज़ारना होगा लाभ की दृष्टि से उत्तम है परन्तु खर्च का योग भी बलवान है आप यदि कारोबार करते हैं तो आपके कारोबार को बृद्धि होगी यदि आप नौकरी करते हैं यह महीना शान मान का होगा विद्यार्थियों के लिये भी ग्रह अनुकूल हैं।

मईः- पहले भाव का शनि, दूसरा शुक्र, तीसरा सूर्य और केतु, चौथा चन्द्रमा बुध, छठेभाव का भौम नवां राहु, दसवां बृहस्पति माह के आरम्भ पर शुभ ग्रहों का पलड़ा भारी होने से व्यापारी पेशा होने पर व्यापार में बृद्धि, नौकरी पेशा होने पर हर काम में सफलता लाभ की दृष्टि से यह महीना आपके लिये उत्तम है इस महीने में आपको अधिक से अधिक संघर्ष करना होगा, विद्यार्थियों के लिये विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता का महीना है।

जूनः- दूसरे भाव का शनि, तीसरा शुक्र केतु, चौथा सूर्य और बुध, पांचवां चन्द्रमा, सातवां भौम, नवां राहु दसंवा बृहस्पति, अशुभ ग्रहों का पलड़ा भारी होने से यह महीना दौड़धूप तथा संघर्ष में

ही गुज़रेगा घेरलू परेशानियों से मन अशान्त रहेगा, आमदनी में अचानक कमी होगी कोई काम सिरे चडेगा नहीं अपतु हर आरम्भ किये हुये काम में रुकावट आयेगी यदि घर में आपका कोई वृद्ध आप पर नाराज़ है उनसे माफी मांग कर प्रायश्चित करें ऐसा न करने पर बाद में पछताना होगा नौकरी पेशा होने पर अचानक किसी मुसीवत का सामना करना पडेगा, विद्यार्थियों को विद्या सम्बन्धित अथवा इन्टरव्यू में सफलता की कोई विशेष आशा नहीं रखनी चाहिये।

जुलाई:- दूसरा शनि, तीसरा केतु, चौथा बुध, पांचवां सूर्य शुक्र, छठः चन्द्रमा, सातवां भौम, नवां राहु दसवां बृहस्पति प्रायः सभी अनिष्ट ग्रह इस मास के आरम्भ पर वेध में हैं इस मिले जुले शुभाशुभ ग्रहों के आधार से यह महीना हर पहलू से आपके लिये लाभदायक हैं गृहस्थी होने पर घरेलू वातावरण शान्त रहेगा आमदनी में आशा से अधिक इजाफा होगा, खर्च में अधिकता रहेगी भाईबन्धों से मिलने जुलने का मौका मिलेगा विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता।

अगस्त:- दूसरे भाव का शनि, तीसरा केतु, छठे भाव का सूर्य बुध शुक्र, आठवां चन्द्रमा भौम, नवां राहु दसवां बृहस्पति शरीर के विषय में सावधान रहना चाहिये अचानक शरीर बिगड़ने का अन्देशा, गृहस्थी होने पर स्त्रीपक्ष से भी शरीर सम्वन्धित परेशानी खड़ी होने की सम्भावना उपाय के रूप में आप इस महीने में अवश्य बैष्णव रहने का प्रोग्राम बनाये, आमदनी की दृष्टि से भी यह महीना उत्तम रहेगा, विद्यार्थियों के लिये भी सफलता का महीना।

सितम्बर:- पहले भाव का शनि, तीसरा केतु, सातवां सूर्य शुक्र, आठवां बुध, नवां भौम और राहु दसवां चन्द्रमा बृहसपतिप्राय: सभी गृह इस माह के आरम्भ में अच्छी स्थिति में न होने से यह महीना अशान्त वातावरण में ही ुजरेगा, शरीर बिगड़ने की सम्भावना गृहस्थी होने पर गृहस्थपक्ष से भी महीना भर कोई न कोई परेशानी बनी ही रहेगी आमदनी के साधनों में रुकावट पड़ेगी खर्च के लम्बे-2 मनसूवे बनते रहेंगें, विद्यार्थियों के लिये भी इस मास के ग्रह अनिष्ठ ही हैं।

अक्टूबर:- पहले भाव का शनि, तीसरा केतु, आठवां सूर्य बुध, नवां भौम शुक्र राहु, दसवां बृहस्पति, ग्यारवां चन्द्रमा इस मिले जुले शुभाशुभ योग के आधार से यह महीना सुख शान्ति के माहौल में ही गुज़रेगा केवल शरीर के विषय में सावधान रहिये यद्यपि खर्च का योग बलवान है परन्तु आमदनी भी उत्तम रहेगी कारोबार में वृद्धि होगी विद्यार्थियों के लिये आशा से अधिक सफलता देने वाला महीना है।

नवम्बर:- पहले भाव का शनि चन्द्रमा, तीसरा केतु, नवें भाव का सूर्य राहु बुध, दसवां भौम बृहस्पति शुक्र इस ग्रहचाल को वेधाष्टकवर्ग के सिद्धान्तों से विचार करने पर मालूम होता है इस महीने में आप दौड-धूप अधिक करेंगें नई-नई कारोबार सम्बन्धित योजनायें बनाते रहेंगें परन्तु कोई भी योजना सिरे नहीं चढेगी आमदनी की दृष्टि से भी यह महीना ढीला ही रहेगा यदि आप नौकरी पेशा हैं तो

दफ्तर का माहौल आपके अनुकूल न होने से अशान्ति बनी रहेगी विद्यार्थियों के लिये भी अशान्ति का ही महीना है।

दिसम्बर:- पहले भाव का शनि, दूसरा चन्द्रमा, तीसरा केतु, नवां राहु, दसवां सूर्य बुध बृहस्पति, ग्यारवां भौभ शुक्र होने से इस माह के आरम्भ पर शुभग्रहों का पलड़ा भारी होने से यह महीना शान्तवातावरण में ही गुजरेगा हर आरम्भ किये हुये काम में सफलता होगी यदि आप कारोबार करते हैं तो आपके कारोबार को वृद्धि मिलेगी यदि आप नौकरी करते हैं इसमें नौकरी सम्बन्धित कोई शुभ सन्देश अवश्य मिलने वाला है विद्यार्थियों को आशा से अधिक सफलता होगी।

जनवरी:- पहले भाव का शनि, दूसरा केतु, चौथा चन्द्रमा, आठवां राहु ग्यारवां सूर्य बुध बृहस्पति, बारवां भौम शुक्र बेधाष्टवर्ग दृष्टि इत्यादि के अनुसार इस मास की ग्रह चाल पर विचार करने से मालूम होता है यह महीना हर काम में सफलता का महीना है कोई जायदाद खरीदने या बनाने की योजना बनेगी जो सफल रहेगी कारोबारी बर्ग के लिये यह महीना विशेष लाभ का महिना है कारोबार को बढावा देने की भी योजना बनेगी, विद्यार्थियों को विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता होगी।

फरवरी:- पहले भाव का शुक्र शनि, दूसरा केतु, पांचवां चन्द्रमा आठवां राहु, ग्यारवां बृहस्पति बारवां सूर्य भौम बुध शरीर के विषय में सावधान रहिये शेष हर पहलू से यह महीना आपके लिये

सफलता का हैं कारोबार को नये ढांचे में डालने की कोई स्कीम बनेगी लाभ के लिये भी यह महीना उत्तम है नौकरी पेशा होने पर इस महीने में आपको अवश्य कोई लाभ अथवा शुभ सन्देश मिलेगा विद्यार्थियों को आशा से अधिक सफलता मिलेगी।

मार्चः- पहले भाव का सूर्य भौम, दूसरा शनि केतु, तीसरा शुक्र छठः चन्द्रमा, आठवां राहु, ग्यारवां बृहस्पति बारवां बुध शुभ ग्रहों का पलड़ा भारी होने से यह महीना हर पहलू से सुख शान्ति के माहौल में गुजरेगा लाभ उत्तम रहेगा, अच्छे कामों में खर्च करने की योजनाएं बनेगी, व्यापारी होने पर आप के व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, नौकरी पेशा होने पर इस महीना में आपको नौकरी सम्बन्धित कोई शुभ सन्देश मिलेगा विद्यार्थियों के लिये आशा से अधिक सफलता मिलेगी। ❖❖

विजयेश्वर ज्योतिष कार्यालय से मिलने वाली पुस्तकें

पञ्चस्तवी=हिन्दी अर्थसहित,

पञ्चस्तवी=उर्दू (एडियशन) अर्थ सहित

भवानी नाम सहस्र-दोनों एडियशन हिन्दी उर्दू

कर्मकाण्डदीपक हिन्दी उर्दू

महिम्नस्तोत्र=(हिन्दी उर्दू लिपि में) अर्थ सहित

शिवरात्रि पूजा उर्दू, हिन्दी

पुष्पार्चन (अथवा) हवन के लिये स्वाहाकार (हिन्दी उर्दू)

गणेश, नारायण, शिव, सूर्य, देवी (पंचायतन)

अन्तिम संस्कार विधि

हिन्दी एडिशन उर्दू एडिशन

मीन राशि का वर्ष फल

वर्ष के आरम्भ पर नवें भाव का बृहस्पति, बारवां शुक्र, पहले भाव का चन्द्रमा, आठवां राहु यह सभी ग्रह इस वर्ष के शुभफल के सूचक हैं इसके अलावा शेष सभी ग्रह वेध में होने से यह वर्ष आप के जीवन का स्मरणीय वर्ष होगा गृहस्थी होने पर आपका घरेलू वातावरण शान्त रहेगा यदि घर मे देर से चलती आ रही कोई परेशानी है अथवा लडके या लडकी के विवाह का कुछ प्रोग्राम है ऐसी सभी घरेलू परेशानियों का अवश्य अन्त होगा आप इन समस्याओं को हल करने के खातिर कमर बान्धिये केवल योजनायें ही न बनाये आप व्यापार करते हैं या नौकरी दोनों सूरतों में आप के लिये यह वर्ष खास महत्त्व का होगा विद्यार्थियों के लिये भी यह वर्ष आशा से अधिक सफलता वाला वर्ष होगा केवल मेरे लिखे फलादेश पर ही नज़र ना रखें अपितु रात दिन काम में जुटे रहिये शुभग्रह आपकी सहायता करेंगें।



मीन राशि का मासिक फल

अप्रेल:- पहले भाव का सूर्य चन्द्रमा बुध, दूसरा केतु, पांचवां मंगल, आठवां राहु, नवां बृहस्पति, बारवां शुक्र शनि इस मास की ग्रह स्थिति पर विचार करने से विदित होता है यह महीना इस वर्ष में हर पहलू से आपके लिये सुख शान्ति तथा लाभ का होगा जिस किसी भी काम में आपका हाथ होगा वह काम बिना किसी रुकावट के हल होगा, आमदनी की दृष्टि से भी ग्रह आपके हक में हैं यदि आप नौकरी करते हैं यदि आपकी तरक्की रुकी हुई है इस महीने में सफलता की आशा रखें।

मई:- पहले भाव का शुक्र, दूसरा सूर्य केतु, तीसरा चन्द्रमा तथा बुध, पांचवां भौम, आठवां राहु, नवां बृहस्पति, बारवां शनि वेधाष्टकवर्ग के आधार से इस मास के प्रायः सभी ग्रह सुधरे हुये हैं जिन ग्रहों के प्रभाव से हर काम में सफलता, घर में कोई महोत्सव रचाने का प्रोग्राम बनेगा, शुभकामों में खर्च के प्रोग्राम बनेंगे विद्यार्थियों के लिये विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता शुभकामों में खर्च के प्रोग्राम बनेगें, विद्यार्थियों के लिये विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता होगी।

जून:- पहले भाव का शनि, दूसरा शुक्र और केतु, तीसरा सूर्य बुध, चौथा चन्द्रमा, छठः भौम, आठवां राहु, नवां बृहस्पति गोचर सिद्धान्तों के आधार से मालूम पड़ता है इस महीने में शुभग्रहों का पलड़ा भारी है यह महीना शान्त वातावरण में गुज़रेगा भाईबन्धों से मेलमिलाप शरीर सुख उत्तम आमदनी में वृद्धि

जुलाई:- पहले भाव का शनि, दूसरा केतु, तीसरा बुध, चौथा सूर्य शुक्र, पांचवां चन्द्रमा, छठः भौम, आठवां राहु, नवां बृहस्पति इस माह के शुभाशुभ ग्रहों की स्थिति एक जैसी होने से घरेलू परेशानी महीने भर घेरे रखेगी, कोई भी कार्य बिना किसी उलझन के सिद्ध होगा नहीं आमदनी में अवश्य वृद्धि होगी परन्तु खर्च की अधिकता रहेगी विद्यार्थियों के लिये सफलता का योग।

अगस्त:- पहले भाव का शनि, दूसरा केतु, पांचवां सूर्य बुध शुक्र, सातवां चन्द्रमा भौम, आठवां राहु, नवां बृहस्पति ग्रहस्थिति के आधार से यही मालूम होता है इस महिने में सर्व साधारण रूप से घरेलू या अपनी शरीर सम्बन्धित चिन्ता बनी रहेगी उपाय के रूप में इस महीने में वैष्णव रहें आमदनी के लिये उत्तम महीना घर में अतिथियों का आना जाना जोरों पर रहेगा कोई जायदाद बनाने अथवा खरीदने की स्कीम बनेगी परन्तु अमली रूप देने में रुकावट आयेगी विद्या सम्बन्धित हर काम में विद्यार्थियों को उलझन का सामना करना होगा।

सितम्बर:- दूसरे भाव का केतु, छठे भाव का सूर्य शुक्र, सातवां बुध, आठवां भौम और राहु, नवां

चन्द्रमा बृहस्पति, बारवां शनि होने से शरीर के विषय में सावधान रहिये यदि आप शरीर से स्वस्थ रहेंगें भी परन्तु घर के किसी न किसी सदस्य की शरीर सम्बन्धित चिन्ता महीना भर लगी ही रहेगी व्यापारी वर्ग के लिये यह महीना विशेष लाभ का है इस महीने से लाभ उठायें काम में जुटे रहिये नौकरी पेशा मीन राशि वालों को नौकरी सम्बन्धित कोई शुभ संदेश अवश्य मिलेगा विद्यार्थियों को इस मास के ग्रह अनुकूल हैं पढाई में लगे रहिये सफलता अवश्य है।

अक्टूबर– दूसरा केतु, सातवां सूर्य बुध, आठवां भौम शुक्र राहु, नवां बृहस्पति, दसवां चन्द्रमा, बारवां शनि वेधाष्टकवर्ग के सिद्धान्तों पर विचार करने से मालूम होता है यह महीना अपने सुख शान्ति तथा आदर मान के वातावरण में गुजारना है आमदनी में अवश्य वृद्धि होगी कारोबार सम्बन्धित रुके हुये काम हरकत में आयेगे नौकरी पेशा होने पर यदि नौकर सम्बन्धित कोई समस्या रुकी पड़ी है उस ओर ध्यान दीजिये अवश्य सफलता होगी विद्यार्थियों के लिये भी ग्रह अनुकूल हैं पढ़ाई में लगे रहिये सफलता अवश्य होगी।

नवम्बरः– दूसरा केतु, आठवां सूर्य बुध राहु, नवां भौम बृहस्पति शुक्र, बारवां चन्द्रमा शनि इस ग्रहचाल पर विचार करने से मालूम होता है कि यह महीना आपने संघर्ष दौड़धूप में ही गुजरना होगा कोई भी काम बिना उलझन के सिद्ध नहीं होगा, व्यापारी वर्ग लाभ में ही रहेगा, विद्यार्थियों को पठन पाठन की ओर कम प्रवृति रहने पर भी यदि आपने कोई परीक्षा देनी है या दी है सफलता अवश्य होगी।

दिसम्बरः- पहला चन्द्रमा, दूसरा केतु आठवां राहु, नवां सूर्य बुध बृहस्पति, दसवां भौम शुक्र बारवां शनि यह महीना सुख शान्ति के वातावरण में ही गुजरेगा आप यदि व्यापार करते हैं तो व्यापार में वृद्धि के लिये कोई बड़ी राशि खर्च करने का प्रोग्राम बनेगा यदि आप नौकरी पेशा हैं अचानक कुछ लाभ मिलने की सम्भावना है यह भी मुमकिन है कि कोई तबदीली का सिलसिला बने जो आपके लिये लाभप्रद रहेगा, विद्यार्थियों को विद्या सम्बन्धित हरकाम में सफलता का योग।

जनवरीः- पहले भाव का केतु, तीसरा चन्द्रमा, सातवां राहु, दसवां सूर्य बुध बृहस्पति, ग्यारवां भौम शुक्र, बारवां शनि इस महीने में प्रायः सभी ग्रह आपके अनुकूल है मानिये नये वर्ष का पहला महिना आपके लिये शुभ सन्देश लेकर आया है आप कारोबार करते हैं या नौकरी जिस किसी भी काम से आप सम्बन्धित हैं हर आरम्भ किये हुये अथवा चालू काम में अवश्य सफलता तथा लाभ होगा। विद्यार्थियों के लिये विद्या सम्बन्धित हर काम में सफलता निश्चित हैं।

फरवरीः- पहले भाव का केतु, चौथा चन्द्रमा, सातवां राहु, दसवां बृहस्पति, ग्यारवां सूर्य भौम बुध शनि और शुक्र वेधाष्टकवर्ग इत्यादि गोचर सिद्धान्तों के आधार से विदित होता है कि यह महीना हर पहलू से लाभदायक रहेगा आमदनी में वृद्धि होगी परन्तु खर्च का योग बलवानहै, विद्यार्थियों के लिये भी ग्रह अनुकूल हैं आपने यदि कोई परीक्षा दी है या देनी है सफलता अवश्य होगी।

मार्चः- इस मास के आरम्भ के ग्रहों की स्थिति लगभग फरवरी जैसी है यह महीना आपने सुख शान्ति तथा आदर मान के माहौल में ही गुजारना होगा भाई बन्धों रिश्तेदारों से मिलने जुलने का अवसर मिलेगा, कारोबार की दृष्टि से यह महीना उत्तम है नौकरी पेशा होने पर अचानक कुछ लाभ मिलने का योग है दफ्तर में आदर मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी विद्यार्थियों को आशा से अधिक सफलता होगी।

साढ़सत्ती

मकर **कुम्भ** **मीन**

मकरः- राशि वालों की साढसत्ती 16 दिसम्बर 1987 से आरम्भ हुई है 17 फरवरी 1996 को समाप्त होगी यदि आप विशाल रूप में कोई कारोबार करते हैं तो शनिदेव आपको कुछ हानि किये विना जायेगा नही आप अवश्य इस वर्ष इष्ट देवी का हवन करें यदि ऐसा करना सम्भव नहीं है तो जन्म दिन पर इष्टदेवी का पुष्पार्चन अवश्य करें, इस बात को भी भूलिये मत यदि आपकी जन्मकुण्डली में शनि कुम्भ राशि का, मकर राशि का अथवा तुला राशि का है तो निश्चय जानिये शनि देवता कारोबार की दृष्टि से शिखर पर लेने वाला ग्रह होगा यदि आप को जन्मकुण्डली में शनि के साथ कोई शुभ ग्रह हो तो मेरे लिखे इस शुभफल की आशा रखें यदि जन्मकुण्डली में शनि के साथ कोई ग्रह ना हो अथवा अशुभ ग्रह हो तो अशुभ फल ही मानिये।



कुम्भः- राशि वालों की साढसत्ती 22 मार्च 1990 से आरम्भ हुई है 1998, 20 अप्रेल को समाप्त होगी यह समय अपने लिये परेशानियों तथा कष्टों का ही मानिये यदि शनि ऊपर लिखे के अनुसार अच्छी स्थिति में है तो शनि आप को आदर मान देने वाला तथा माला माल करने वाला होगा शनि की अच्छी स्थिति होने पर देर की रुकी हुई समस्याओं का समाधान होगा आप इस बात का विश्वास रखें शनि अशुभ ग्रह होते हुये आपके लिये हानिकारक नहीं है जबकि कुम्भ राशि शनि की अपनी राशि है।



मीन :— राशि वालों की साढसती 6 मार्च 1993 से आरम्भ हुई है जो 7 जून 2000 में समाप्त होगी यह वर्ष आप ने संघर्ष तथा अशान्त वातावरण में ही गुज़ारना होगा आप का कोई भी काम बिना उलझन के सिद्ध नहीं होगा गृहस्थी होने पर घेरलू परेशानियां वर्षभर घेरी रखेंगी खर्च के मज़बूत प्रोग्राम बनेंगे यह भी सम्भव है इस वर्ष आप को कोई जायदाद, जमीन, वाहन इत्यादि खरीदना होगा।



ढय्या

कर्क

वृश्चिक

कर्कः- आपकी ढय्या 17 फरवरी 1996 को समाप्त होगी जबकि शनि मीन राशि में आयेगा शनि की दृष्टि अधिक हानिकारक मानी जाती है शनि आपके दरबार धन, सन्तान तथा विद्यास्थान को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है शनि का नाम 'संस्कृत' में दुख भी रखा गया है अच्छी स्थिति में होने पर भी यह ग्रह हानिकारक ही होता है आप नौकरी करते हैं या व्यापार दोनों सूरतों में आप अशान्त हीं रहेंगें गृहस्थी होने पर आप को घरेलू परेशानियां पीछा नहीं छोडेंगी खसूसी तौर पर सन्तान पक्ष से अशान्त रहेंगें, विद्यार्थी वर्ग को 1996, 17 फरवरी तक का समय असफलता कां ही है उपाय के रूप में अगर आपको घर में किसी वृद्ध के साथ कोई नाराज़गी है उनसे क्षमा याचना करने पर ही उनसे आर्शीवाद प्राप्त करके पास होने की कोई आशा रखें।

नोटः- 3 जून 1995 से 7 अगस्त तक शनि मीन राशि में रहेगा इन दो महिने 4 दिनों के

लिये **सिंह राशि** वालों पर शनि का अनिष्ट प्रभाव होगा। सिंह राशि वालों को इन दो महीनों के लिये अवश्य वैष्ण्व रहना चाहिये नहीं तो शारीरिक कष्ट अथवा कोई दुर्घटना का भय।

वृश्चिकः- आपकी ढय्या 17 फरवरी 1996 को समाप्त होगी शनि आप के शरीर तथा दरबार को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है आप को शरीर के विषय में सावधान रहना चाहिये, हर शनिवार को भगवान् शंकर पर जल चढ़ाया करें और शां को अवश्य बहुरूपगर्भ पढा करें जन्मदिन पर भगवान् शंकर के सहस्त्र नाम से पुण्पार्चण करें यदि आप वाहन चलाते हैं तो वाहन पर चढते-चढते पढ़ा करें। **"सर्वाबाधा प्रशमनं त्रैलोक्यस्याखिलेश्वरि। एवम्-एव त्वया कार्य-अस्मत्-वैरि-विनाशनम्।**। यदि आप नौकरी करते हैं दरबार में अचानक किसी उलझन में उझलने का योग।

नोट :- 3 जून 1995 से 7 अगस्त तक शनि मीन राशि में रहेगा इन दो महीने 4 दिनों के लिये **धनु राशि** वालों पर शनि का प्रभाव अनिष्ट ही रहेगा अचानक चोट का भय।

अक्षांश = 33 -10 ---------------------- लग्न सारिणी ---------------------- पलभा :- 8-7																															
तिथि	0	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24	25	26	27	28	29	लग्न
वैशा.	2 38	2 45	2 52	2 58	3 4	3 11	3 18	3 26	3 34	3 41	3 49	3 57	4 5	4 13	4 20	4 28	4 36	4 44	4 52	4 59	5 7	5 15	5 23	5 31	5 38	5 46	5 54	6 1	6 10	6 17	मेष
ज्येष्ठ	6 25	6 33	6 41	6 49	6 56	7 4	7 12	7 22	7 32	7 41	7 51	8 1	8 11	8 21	8 31	8 40	8 50	9 10	9 10	9 20	9 30	9 39	9 49	9 59	10 9	10 19	10 29	10 38	10 48	10 58	वृष
आषा.	11 8	11 18	11 28	11 38	11 47	11 57	12 7	12 19	12 30	12 42	12 54	13 5	13 17	13 28	13 40	13 52	14 3	14 15	14 27	14 38	14 50	15 1	15 13	15 25	15 36	15 48	16 0	16 12	16 23	16 34	मि.
